हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, रविवार 29 जून, 2025, वर्ष : 34, अंक : 94, मूल्य : 3 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube
Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन को मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किया संबोधित



रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन को ऑनलाइन संबोधित किया. सोशल मीडिया पोस्ट में सीएम ने कहा है कि आज दिल्ली से रांची में आयोजित झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय महाधिवेशन में ऑनलाइन रूप से शामिल हुआ . उपस्थित साथियों को संबोधित किया. कहा कि राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक-अधिकार दिलाने के लिए हम निरंतर काम करते रहेंगे. बताते चलें कि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का आठवां महाअधिवेशन सीएमपीडीआई रविंद्र भवन में हो रहा है. यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई थी. इसमें निर्णय लिया गया था कि नए कार्यकाल के लिए नए सिरे से कमिटियों का गठन किया जाएगा.

### तीन महिलाओं समेत छह उग्रवादियों को मणिपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

इंफाल,(ईएमएस)। मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी की तीन महिलाओं समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के थांगमेइबंद थिंगल लेइकाई इलाके से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी) की दो महिला उग्रवादी समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने बताया कि ये सभी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल केसीपी-पीडब्लूजी के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के चिंगारेल तेजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वहीं केसीपी-पीडब्लूजी के दो सक्रिय सदस्यों को गुरुवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए शुभांशु से बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की, जो इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु से कहा, आप आज मातृभूमि से, भारत भूमि से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 भारतवासियों की भावनाएं भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। सबसे पहले तो ये बताइए कि वहां सब कुशल मंगल




है, आपकी तबीयत ठीक है? जवाब में ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने कहा, 'जी प्रधानमंत्री जी, आपका और 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यहां बिल्कुल ठीक हूं, सुरक्षित हूं, आप सबके आशीर्वाद और प्यार की वजह से। बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत नया अनुभव है। कहीं न कहीं बहुत सारी चीजें ऐसी हो रही हैं, जो दर्शाती हैं कि मैं और मेरे जैसे लोग देश में इस दिशा में जा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, ये जो मेरी यात्रा है, ये पृथ्वी से ऑर्बिट की 400 किलोमीटर की छोटी सी यात्रा है, ये सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि मेरे देश की भी यात्रा है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने आगे कहा, मैं जब छोटा था। मैं कभी सोच नहीं पाया कि मैं अंतरिक्ष यात्री बन पाऊंगा। लेकिन मुझे लगता है कि आपके नेतृत्व में आज का भारत ये मौका देता है और उन सपनों को भी साकार करने का मौका देता है। ये मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैं यहां अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं।

# मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक भारी बारिश का जारी किया अलर्ट

रांची : झारखंड में अगले चार दिनों तक भारी बारिश के आसार हैं. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. जारी अलर्ट में कहा है कि राज्य में 29 जून से 2 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने 29 जून, 30 जून और एक जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि दो जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. राजधानी रांची सहित कई जिलों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. इसके लिए ऑरेंज अलर्ट



जारी किया है.

#### बंगाल की खाड़ी में बन रहा लो प्रेशर

उत्तरी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव (लो प्रेशर) का क्षेत्र बनने की संभावना है, जो झारखंड की ओर बढ़ेगा. इसके अलावा, एक पूर्वी और पश्चिमी ट्रफ झारखंड के ऊपर से गुजरेगा, जो भारी बारिश का कारण बनेगी.

#### किस दिन किस जिले में भारी बारिश की है संभावना

29 जून को रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़, सिमडेगा, गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में. 30 जून को रांची, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, हजारीबाग, सिमडेगा, गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार और लोहरदगा में. 1 जुलाई को गुमला, गढ़वा, चतरा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, बोकारो, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग और सिमडेगा में. 2 जुलाई को रांची, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, पलामू, चतरा, गढ़वा, लातेहार और लोहरदगा में.

# रॉ के नए चीफ बने पराग जैन

### ऑपरेशन सिंदूर में निभाई अहम भूमिका

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ को नया बॉस मिल गया। रिसर्च एनालिसिस विंग (रॉ) के नए चीफ पराग जैन बन गए हैं। पराग जैन पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अफसर हैं। बतौर रॉ चीफ उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वह रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा है। पराग जैन फिलहाल एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं। इस रिसर्च सेंटर ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रॉ की स्थापना 21 सितंबर 1968 को हुई थी। इस संस्था



के पहले चीफ आरएन काव थे। रॉ सबसे प्रमुख काम विदेशों में भारत के खिलाफ साजिश का पता लगाना होता है। इसके अलावा यह सीक्रेट मिशन को भी अंजाम देते है। रॉ के प्रभारी प्रधानमंत्री की तरह ही होते हैं। रॉ चीफ अपनी डेली रिपोर्ट नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर को देते हैं।




Safeguarding National Maritime Interests - Anytime - Anywhere - Anyhow



THE INDIAN NAVY 10+2 (B.TECH) CADET ENTRY SCHEME

PERMANENT COMMISSION COURSE COMMENCING - JAN 2026

Applications are invited from unmarried men and women candidates (fulfilling the conditions of nationality as laid down by the Govt. of India) for becoming Permanent Commissioned Officers in Executive and Technical branches under 10+2 B Tech Cadet Entry Scheme after undergoing four year B Tech course at the prestigious Indian Naval Academy, Ezhimala.

DATE OF OPENING - 30 JUN 2025 • LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION - 14 JUL 2025

Vacancies & Age - The age eligibility & vacancies for the course are as under:-

| Branch | Vacancies | Gender | Age |
|---|---|---|---|
| Executive & Technical | 44 | {Men and Women (maximum of 06 vacancies for women)} | {Born Between 02 Jul 2006 and 01 Jan 2009 (both dates inclusive)} |

*Branch allocation viz Executive & Technical (Engineering & Electrical) will be undertaken at INA

Education Qualification - Passed Senior Secondary Examination (10+2 Pattern) or its equivalent examination from any recognised Board with at least 70% aggregate marks in Physics, Chemistry and Mathematics (PCM) and at least 50% marks in English (either in Class X or Class XII).

For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in and

EMPLOYMENT NEWS DATED 21 JUN 2025









## संक्षिप्त खबरें

### बगोदर में भीषण सड़क हादसा, एम्बुलेंस और ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, आधे दर्जन गम्भीर

गिरिडीह (ईएमएस)। जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के गोपालडीह स्थित जीटी रोड पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुई। इस दौरान एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने यात्रियों से भरी एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। जबकि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में मृत व्यक्ति की पहचान बेको निवासी मो. वजीर मियां के रूप में हुई है।बताया गया कि पटना से दुर्गापुर जा रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने गोपालडीह के समीप यात्रियों से भरी एक ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में जहां दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये वहीं दोनों वाहनों पर सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज हेतु डुमरी के मीना जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इधर, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर जीटी रोड को जाम कर दिया। जिससे जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची बगोदर थाना की पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लगभग एक घण्टे बाद लोगों को समझा बुझा कर जाम हंटवाने में सफलता पायी। उसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बगोदर ट्रामा सेंटर भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### झारखंड के 622 पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए मिलेगी सहायता राशि 1.67 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति

रांचीः झारखंड पुलिसकर्मियों और उनके निकट परिजनों के लिए एक अच्छी खबर है। राज्य में 622 पुलिसकर्मियों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए कुल 1.67 करोड़ रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष से जारी की गई है।
इस सहायता राशि से वे पुलिसकर्मी लाभान्वित होंगे, जिन्होंने कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट और अन्य जटिल ऑपरेशनों के लिए चिकित्सा अनुदान का आवेदन पुलिस मुख्यालय में किया था। यह सहायता राशि उनके इलाज के लिए एक बड़ी राहत होगी।

#### झारखंड पुलिस के लिए महत्वपूर्ण कदम

झारखंड पुलिस द्वारा अपने कर्मियों के लिए इस तरह की सहायता राशि प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पुलिसकर्मियों को अपने इलाज के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी और वे अपने कर्तव्यों का पालन करने में सक्षम होंगे।

### पेड़ से टकराया कन्टेनर, तीन हिस्सों में बंटी, बाल बाल बचे चालक सह चालक

गिरिडीह (ईएमएस)। जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अटका स्थित लच्छीबागी के समीप शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि कन्टेनर तीन टुकड़ों में बंट गया।दुर्घटना में कन्टेनर का इंजन, केबिन और पिछला हिस्सा पूरी तरह अलग हो गया। वहीं कन्टेनर के चालक व सह चालक बाल बाल बच गया। इस अनोखा दुर्घटना देख लोग हतप्रभ रह है। लोगों के मन मे बस यही सवाल उठ रहा है कि आखिर कन्टेनर किस चीज का बना था जो टक्कर में तीन हिस्सों में बंट गया।

### देशी मशरूम को खाने से एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग बीमार

गिरिडीह (ईएमएस)। अपने ही खेत मे उगे देशी मशरूम खाने से एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग बीमार हो गए हैं। मामला जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के घाघरा गांव का है। बीमार लोगों में राजेश वर्मा, मनीता देवी, अभिलाषा कुमारी, सोनम कुमारी, वर्षा कुमारी तथा आयुष कुमार शामिल हैं। जिनका इलाज गिरिडीह के सदर अस्पताल में चल रहा है।गिरिडीह सदर अस्पताल में इलाजरत पीड़ित राजेश वर्मा ने बताया कि अपने ही खेत में उगे मशरूम की सब्जी उन लोगों ने घर लाकर बना कर खाया था। मशरूम की सब्जी खाने के कुछ देर बाद से घर के सभी सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई और उल्टी होने लगी। सबों को पहले जमुआ रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं होता देख, चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। पीड़ितों का इलाज कर रहे सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ पंकज प्रसाद वर्मा ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू होते ही फूड प्वाइजनिंग और लूज मोशन के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में भारी भोजन और बासी भोजन से बचना चाहिए।
ताजा भोजन खाना और साफ पानी ही पीना चाहिये। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जमुआ प्रखण्ड के घाघरा गांव के लोगों का देशी मशरूम खाने से फूड प्वाइजनिंग हो गयी है। सबों का इलाज चल रहा है। सबों के हालात में सुधार देखा जा रहा है।

### जर्जर व बदहाल सड़क बना परेशानी का सबब, आक्रोशित लोग सड़क पर उतरने को हैं आतुर

गिरिडीह (ईएमएस)। जिला मुख्यालय से जमुआ प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ने वाले बाईपास रोड की बदहाल स्थिति इनदिनों परेशानी का सबब बन गया है। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।सलैया रेलवे स्टेशन होते हुए बाबाजी कुटिया रोड के जरिये तेलोडीह को जोड़ने वाले इस रोड में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे और ऊपर की सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। लेकिन जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं उस सड़क का निर्माण करने वाले कार्यकारी विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है।नतीजतन आये दिन इस सड़क से होकर गुजरने वाले भारी वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।
सड़क में जगह-जगह बने बड़े गड्ढे और पूरी तरह से टूटी व जर्जर सड़क न केवल वाहनों को क्षतिग्रस्त कर रहा हैं, बल्कि आये दिन जाम की भी गंभीर समस्या उत्पन्न कर रही है।इतना ही नहीं सड़क बने गड्ढे के कारण हर दिन कोई न कोई व्यक्ति इन गड्ढों की चपेट में आकर चोटिल हो रहा है। कई लोगों को तो गंभीर चोटें भी आई हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों का सब्र का बांध टूटने लगा है। लोग इसके खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

### नौ जुलाई को देश व्यापी हड़ताल की माले कर रही जोर शोर से तैयारी, जारी है लगातार बैठकों का दौर

गिरिडीह (ईएमएस)। सदर प्रखण्ड के गादी श्रीरामपुर पंचायत के महुआटांड़ स्थित प्रखण्ड कार्यालय में माले समर्थित असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक हुई। कॉमरेड किशोर राय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्व सम्मति से आगामी 7 जुलाई को नुक्कड़ सभा का आयोजन करने, 8 जुलाई की शाम 5 बजे अजीडीह से चतरो तक मशाल जुलूस निकालने एवं 9 जुलाई को देश व्यापी हड़ताल कार्यक्रम को महिलाओं की भागीदारी के साथ पूर्णतः सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक के दौरान कन्हाई पांडेय और मसूदन कोल्ह ने कहा कि मजदूरों के हक की आवाज सिर्फ माले बुलन्द करता है। इसलिए मजदूरों को माले के कार्यों में बढ़ चढ़ कर आगे आने की अपील की। बैठक में कन्हाई पाण्डेय, सनातन साहु, नारायण सिंह, गुलाब कोल्ह, मधुसुदन कोल्ह, सुनील ठाकुर, लखन कोल्ह, भीम कोल्ह, डीलचंद कोल्ह, मोहन कोल्ह आदि उपस्थित थे।
वही गिरिडीह नगर सचिव राजेश सिन्हा ने गिरिडीह के मजदूर एक हो, दुनियां के मजदूर एक हो का नारा बुलंद करते हुए कहा कि गिरिडीह में जब भी मजदूरों को जरूरत पड़ी, भाकपा मसले हमेशा उनके हक की लड़ाई में पहली पंक्ति में खड़ा रहता है। उन्होंने लोकल मजदूरों को भी माले के नेतृत्व में खड़े रहने की जरूरत पर बल दिया। कहा कि गिरिडीह नगर में भी आगामी 9 जुलाई को देश व्यापी हडताल की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

## इटावा में यादव समुदाय के भागवत कथावाचक से दुर्व्यवहार की घटना का विरोध

# राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डीसी को सौंपा, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग




दुमका। प्रांतीय यादव महासभा झारखंड जिला दुमका झारखंड के बैनर तले समाज के बुद्धिजीवियों ने महासभा के जिला अध्यक्ष शिवनारायण दर्बे के नेतृत्व में भारत के राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को ज्ञापन उत्तरप्रदेश के इटावा में यादव समुदाय के भागवत कथावाचक गण के साथ हुए जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार के विरोध में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु सौपा गया। इसकी प्रतिलिपि भारत के प्रधानमंत्री को भी दिया गया।महासचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में हाल ही में हुई एक अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण घटना की ओर आकर्षित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इटावा के दादपुर गांव, बकेवर थाना में भागवत कथा का पाठ कर रहे यादव समुदाय के कथावाचकों मुकुट मणि सिंह यादव एवं संत सिंह यादव आदि को स्थानीय ब्राह्मण समुदाय के कुछ व्यक्तियों द्वारा उनकी जाति के आधार पर अपमानित किया गया। उन्हें न केवल सार्वजनिक मंच पर अपमानित किया गया, बल्कि उनके सिर भी मुंडवा दिए गए और यह दावा किया गया कि यह ब्राह्मणों का एकाधिकार है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, उनके साथ मारपीट भी की गई और उन्हें अपनी नाक रगड़कर माफी मांगने पर मजबूर किया गया। यह घटना भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) और अनुच्छेद 15 (धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध) का घोर उल्लंघन है। यह घटना दर्शाती है कि हमारे समाज में आज भी जातिगत भेदभाव जैसी कुरीतियां गहरी जड़ें जमाए हुए हैं। यह न केवल पीड़ित व्यक्तियों के सम्मान और गरिमा पर सीधा हमला है, बल्कि यह हमारे संवैधानिक मूल्यों और एक समतामूलक समाज के निर्माण के प्रयासों को भी कमजोर करता है। इस प्रकार की घटनाएं समाज में विभाजन और वैमनस्य को बढ़ावा देती हैं, जो राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अत्यंत हानिकारक है। मांग किया है कि इस गंभीर मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध भारतीय संविधान तथा संबंधित कानूनों के तहत कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। यह आवश्यक है कि ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच हो तथा दोषियों को एक्सेम्पलरी पनिसमेन्ट मिले ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह के जातिगत भेदभाव और अत्याचार को अंजाम देने का दुस्साहस न कर सके। यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार द्वारा ऐसे जातिगत भेदभाव के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाएं और समाज में समरसता तथा भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जाए।मुझे विश्वास है कि भारत सरकार को, यू पी सरकार और प्रशासन को जिम्मेदारी से इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही करना चाहिए ताकि पीड़ित व्यक्तियों को न्याय मिल सके और भारत के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी जातिगत भेदभाव के, सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार सुनिश्चित हो सके।
उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव व दयामय माजी, सचिव सुबल चंद्र महतो रामकुमार दर्वे व मनोज पंजियारा, युवा जिला अध्यक्ष ललित यादव सहित अधिवक्ता धर्मेंद्र नारायण प्रसाद व जयकांत यादव, पंकज यादव, अनंतलाल खिरहर, विनोद यादव, विष्णु यादव, इन्द्रकांत यादव, गौतम दर्बे, राजेश रंजन यादव, बालकृष्ण दर्बे, मृगेंद्र यादव, बीरबल दर्बे,जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष प्रमुख मरीक, जितेंद्र महतो, बसंत यादव, प्रदीप दर्बे, सुजीत यादव, चंद्रशेखर महतो, प्रदीप राउत, प्रमोद कुमार सहित साहित्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सेव अर्थ मिशन ने अहमदाबाद में 'ग्लोबल विज़न अनवीलिंग' कार्यक्रम की घोषणा की



धनबाद : "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्बेस, फॉक्स, बिज़नस इनसाइडर, व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब सेव अर्थ मिशन वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विज़न अन्विलिंग की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे आईएसटी पर प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब, अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह वैश्विक घोषणा सेव अर्थ मिशन की यात्रा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है, कार्यक्रम में सेव अर्थ मिशन के वैश्विक नेटवर्क से नेता, प्रतिनिधि और स्वयंसेवक शामिल होंगे, जो देशवार वृक्षारोपण अभियानों, नई साझेदारियों, और तेज़ गति से पुनर्वनीकरण के प्रयासों की नींव रखेंगे। संदीप चौधरी, अध्यक्ष – भारत चैप्टर, सेव अर्थ मिशन ने कहा "यह केवल भारत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है। लोगों ने अपनी आवाज़ उठाई और अहमदाबाद ने वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बनकर एक नई मिसाल कायम की है।
ग्लोबल विज़न अनवीलिंग कार्यक्रम में मैं सेव अर्थ मिशन का वैश्विक रोडमैप प्रस्तुत करूंगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय वृक्षारोपण अभियानों, सीमापार सहयोग और नागरिकों, कॉर्पोरेट्स व सरकारों को एक साथ जोड़कर 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाने के मिशन को पूरा करने की योजना होगी।"

## अवेयरनेस एंड बेनिफिट्स कैंप का आयोजन

दुमका : गोपीकांदर प्रखंड के सुलजुडीह पंचायत के कालीपहाड़ी मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत अवेयरनेस एंड बेनिफिट्स कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार, सुरजुडीह पंचायत मुखिया ज्योतिष बास्की, टीबी वरीय चिकित्सकीय आशीष पंजलिया और खरौनी बाजार क्लस्टर कोर्डिनेटर प्रसनजीत नाग मुख्य रूप से शामिल हुए।शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। बताते चलें कि कार्यक्रम जनजातीय गौरव दिवस वर्ष 2025 के रूप आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य पीवीटीजी एवं अन्य अनुसुचित जनजाति परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं से आच्छादित करना है। मौके पर उपस्थित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार के द्वारा जनजातीय समुदाय को निम्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन योजना व पोषण सेवा, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, वन अधिकार अधिनियम, टीबी मुक्त भारत, शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजनासुद्दीन सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। स्वस्थ्य विभाग के द्वारा कैप लगाकर लोगों की स्वस्थ्य जांच कर दवाईयां वितरण किया गया। कैंप में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं का स्थल पर ही पंजीकरण व दस्तावेज सत्यापन का कार्य भी संपन्न किया गया। कैप में पेंशन, खाद्य आपूर्ति, आयुष्मान कार्ड, जाति-निवासी प्रमाण पत्र सहित विभिन्न समस्याओं के कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए।

## अभाविप ने बीडीओ के माध्यम से उपायुक्त व डीईओ को सौंपा ज्ञापन

#### विज्ञान संकाय में नामांकन लेने की मांग

दुमका : अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद शिकारीपाड़ा के नगर मंत्री सूरज कुमार पाल के नेतृत्व में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका को इंटर महाविद्यालय शिकारीपाड़ा के विज्ञान संकाय में नामांकन नहीं लेने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया गया कि इंटर महाविद्यालय शिकारीपाड़ा के विज्ञान संकाय में नामांकन नहीं लिया जा रहा है, जिसके कारण छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बताया कि विगत 3 वर्ष से इंटर महाविद्यालय में विज्ञान का पठन पठान होता था, परन्तु इंटर महाविद्यालय में आपसी विवाद के कारण छात्रों का नामांकन नहीं लिया जा रहा| नवपदस्थापित प्रधान अध्यापक का कहना है कि पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा कॉलेज संबंधित दस्तावेज एवं रिकॉर्ड हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है। परंतु 23 जून को पूर्व प्रधानाध्यापक द्वारा नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक को कॉलेज संबंधित दस्तावेज एवं रिकॉर्ड हस्तांतरण कर दिया गया है। दस्तावेज हस्तांतरण करने के बावजूद भी नामांकन नहीं लिया जा रहा है। नामांकन नहीं होने से छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार मे जा रहा है।विज्ञान संकाय में नामांकन के लिए छात्र छात्राओं को दूर दराज जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नामांकन को लेकर कॉलेज प्रबंधन की शासी निकाय भी उदासीन बनी हुई है एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों को हटाने एवं कार्य मुक्त करने की साजिश रची जा रही है। सूरज कुमार पाल ने बताया अगर नामांकन नहीं लिया जाता है तो विद्यार्थी परिषद छात्रों के नेतृत्व में उग्र आंदोलन करेगा एवं महाविद्यालय में धरना किया जाएगा।मौके पर विद्यार्थी परिषद के प्रशांत भगत, धीरज रजक, अनिमेष पाल, अंजन दियासी, डेनियल वास्की, शिवम भगत, वरुण चंद्र, साजिद अंसारी वजीर अंसारी इत्यादि कार्यकर्ता थे।

## विद्यार्थियों को किया गया गुड टच एवं बैड टच से संबंधित जागरूक




दुमका:जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दुमका प्रकाश चन्द्र के निदेशानुसार शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन दुमका के परियोजना समन्वयक मो० शमीम अंसारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय गादी कोरैया में प्रोजेक्टर के माध्यम से छोटी क्लिप दिखाकर विद्यार्थियों को गुड टच एवं बेड टच से संबंधित जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्पर्श दो प्रकार के होते हैं एक अच्छा स्पर्श और दूसरा बुरा स्पर्श। उन्होंने दोनों के बीच का फर्क समझाते हुए बताया कि जिस स्पर्श से सहज महसूस हो वह अच्छा स्पर्श और जिस स्पर्श से असहज महसूस हो वह बुरा स्पर्श होता है। अगर कोई व्यक्ति गलत तरीके से स्पर्श करता है और असहज महसूस हो तो उसे अपनी तक दाब कर नहीं रखनी चाहिए उसे अपने अभिभावक से साझा करनी चाहिए या चाइल्ड हेल्पलाइन के निःशुल्क नम्बर 1098 में इसकी सूचना देकर सहायता प्राप्त की जा सकती है। मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन की काजल कुमारी ने नशे के गिरफ्त में आ रहे बच्चों से संबंधित कहा कि नशे के सेवन से ना ही केवल स्वयं को नुकसान होता है अपितु यह आने वाले पीढ़ी को भी प्रभावित करता है।

# अपने 11 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में मोदी सरकार ने 421 बिल पास किए

## कुल 1576 पुराने और निरर्थक कानूनों को निरस्त किया




नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में मोदी सरकार ने केंद्र में अपने 11 साल पूरे किए है। इस दौरान सबसे बड़ी पंचायत संसद भी तमाम बदलावों को होकर गुजरी। मोदी सरकार का आगामी रोडमैप क्या है, इस पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बातचीत की। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मोदी सरकार में कई महत्वपूर्ण संसदीय निर्णय हुए हैं। उदाहरण के लिए रेल और आम बजट को मिलाने और आम बजट को हर साल 1 फरवरी को पेश करने का ऐतिहासिक फैसला हुआ। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर में समाज के सभी वर्गों के लिए समान मौके सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 और उसके तहत राष्ट्रपति के आदेशों के कुछ प्रावधानों को निरस्त किया गया। वहीं पीएम मोदी के भविष्यवादी दृष्टिकोण के चलते देश को सितंबर 2023 में नई संसद मिली, जब संविधान सभा से शुरू हुई 75 वर्षों की संसदीय यात्रा पर एक विशेष सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नीति निर्माण में जन प्रतिनिधियों के रूप में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पारित किया गया। मोदी सरकार ने अपने 11 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में अब तक 421 बिल पास किए। वहीं अब तक कुल 1576 पुराने और निरर्थक कानूनों को निरस्त किया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारतीय संसद के लचीलेपन की परीक्षा हुई। तब अनुच्छेद 85 की संवैधानिक अपेक्षाओं को और अत्यावश्यक विधायी कामों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर तीन सत्रों का आयोजन हुआ। उस मुश्किल दौर में दूरी से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का आयोजन अलग-अलग में समय में सभी सुरक्षा मानदंडों के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्रालय युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली के स्कूलों, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, यूनिवर्सिटी कॉलेजों के छात्रों के लिए पारंपरिक रूप से युवा संसद प्रतियोगिताएं आयोजित करता है।

## 3 जुलाई तक देश के कई राज्यों में होगी भारी बारिश, चलेंगी तेज हवाएं

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के कई हिस्सों में अगले सात दिनों तक भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इससे बांग्लादेश तक एक ट्रफ रेखा फैली है जो राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड और गंगा के मैदानी इलाकों से होकर गुजर रही है। इसके चलते पश्चिमी भारत के सौराष्ट्र में भारी बारिश हो सकती है। कोंकण, गोवा, महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों और गुजरात में अगले 7 दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और यूपी में 3 जुलाई तक भारी बारिश होगी। इस दौरान 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी।
मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और सिक्किम में भी भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 1 से 3 जुलाई के बीच बहुत भारी बारिश होगी। दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में तमिलनाडु, तटीय कर्नाटक, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल में 3 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। केरल में भारी बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और तेलंगाना में भी 40-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। पूर्वोत्तर भारत में भी अगले सात दिनों तक अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश होगी। इस दौरान गरज-चमक और अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की स्थिति बनी रहेगी। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद 6 लोग लापता हो गए हैं। इनकी तलाश जारी है। इन लोगों के तेज बहाव में बह जाने की आशंका है।
अधिकारियों के मुताबिक अब तक कांगड़ा जिले में बाढ़ की चपेट में आए जलविद्युत परियोजना स्थल से 5 शव बरामद हो चुके हैं। वहीं तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मासिक लोक अदालत में 208 वादों का निष्पादन के साथ 36 करोड़ से अधिक की राशि का किया गया समझौता

दुमकाःजिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय, दुमका के न्याय सदन में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका शत्रुंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 02 बेंचो का गठन किया गया। मासिक लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा दुमका जिला में स्थित विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों का आपसी सुलह समझौता के आधार पर निपटारा किया गया। जिसके लिए दो बेंचो का गठन कर कुल 208 वादों का निष्पादन के साथ साथ 36,79,19,756/- रुपए का समझौता किया गया।

### उपायुक्त ने किया सदर प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सदर प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजी, लंबित आवेदनों की स्थिति एवं रिकॉर्ड संधारण की गहन समीक्षा की।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जाति, निवासी एवं आय प्रमाण-पत्र से संबंधित कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों का निष्पादन नियमानुसार ढंग से करने का निदेश दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रूम की स्थिति, तथा नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम जनता को सुलभ एवं सम्मानजनक सेवाएं प्रदान करना प्रशासनिक प्राथमिकता होनी चाहिए।

# सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में नौ माह बाद अभिषद की बैठक सम्पन्न, 40 एजेंडों पर हुई चर्चा, लिया गया निर्णय



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदिर की अध्यक्षता में लगभग नौ माह बाद अभिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह समेत अभिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कुल 40 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की अनुपस्थिति के कारण अभिषद की बैठक आयोजित नहीं हो पा रही थी। यदि कभी बैठक हुई भी, तो वह सीमित एजेंडों तक ही सीमित रही, जिनकी पूर्व स्वीकृति राजभवन से प्राप्त होती थी। पिछली अभिषद की बैठक 31 अगस्त 2024 को संपन्न हुई थी। अब लगभग नौ महीने बाद कुलपति की स्थायी नियुक्ति होने के बाद यह बैठक आयोजित हो सकी।बैठक के दौरान झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अनुशंसा पर डॉ. राजीव रंजन शर्मा को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को अभिषद ने मंजूरी दे दी। अभिषद ने जेपीएससी की अनुशंसा के आलोक में डॉ. शर्मा को अधिकतम चार वर्षों तक अथवा 60 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त करने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा गठित त्रिसदस्यीय समिति के माध्यम से डॉ. शर्मा के सभी दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न तिथियों को आयोजित क्रय-विक्रय समिति, अनुशासन समिति, भवन समिति, वित्त समिति, एकेडमिक काउंसिल, परीक्षा बोर्ड, वेतन निर्धारण समिति समेत अन्य स्थायी समितियों के निर्णयों को अनुमोदित करते हुए उन्हें संपुष्ट किया गया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्राप्त नियमावलियों तथा नियमावली के प्रारूपों को भी सहमति प्रदान की गई।अन्य विषयों पर चर्चा के दौरान अभिषद के सदस्य डॉ एस एन ने शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की, जिस पर कुलपति ने स्पष्ट किया कि आगामी एक माह के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर जेपीएससी को आवश्यक प्रस्ताव भेजे जाएंगे। बैठक में मधुपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती ने विश्वविद्यालय के अधीन विभिन्न महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भारी कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया, वहीं स्नातकोत्तर प्राणीविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीलेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन केंद्रीय पुस्तकालय के शीघ्र पूर्ण किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया।बैठक के समापन पर कुलपति प्रो. डॉ. कुनुल कंदिर ने सभी सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन और सभी अंग इकाइयाँ मिलकर शिक्षा, प्रशासन और गुणवत्ता के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित करेंगी।बैठक में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जयनेंद्र यादव, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, राज्यपाल मनोनीत सदस्य डॉ. एस.एन. सिंह, मधुपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती, साहेबगंज कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.आर.आई. रिजवी, स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. टी.पी. सिंह, स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश कुमार तथा आमंत्रित सदस्य के रूप में वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार शाह उपस्थित थे।

### उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से खाद्यान्न का भंडारण, वितरण, रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली। इस क्रम में गोदाम की स्टॉक पंजी, अनाज की मात्रा सहित अन्य वस्तुओं की जांच की गई। उन्होंने गोदाम की सफाई व सही तरीके से अनाज का भंडारण आदि को लेकर निर्देश दिया। गोदाम में 24x7 लाइट के मद्देनजर लाईट कटने की स्थिति में पावर बैक अप का प्रबंध करने का निर्देश दिया। एनएफएसए और अन्त्योदय योजना के चावल को सुरक्षित भण्डारित करने हेतु पर्याप्त संख्या में वुडन कैरेट लगाने निदेश दिया। एफसीआई गोदाम के सामने लटके हुए बिजली के तारों को उपर उठाने का निदेश दिया ताकि अनाज से लदे ट्रकों से संपर्क न हो। प्रखंड मुख्यालय से गोदाम तक जाने वाला रास्ता बरसात के कारण खराब हो गया है उसे मरम्मत करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी दुमका सहित अन्य उपस्थित थे।

# सिदो कान्हु मुर्मू विवि में हूल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित





दुमकाःहूल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में शनिवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के परिसर में कुलपति प्रो. डॉ. कुनुल कंदिर के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लगभग सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने कला, ज्ञान एवं रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच देना था, बल्कि हूल आंदोलन की ऐतिहासिक विरासत को याद कर उसे जन-जन तक पहुँचाना भी था। विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न भागों में यह प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें पीजी विभाग की पूनम सोरेन, साहेबगंज कॉलेज की गिन्नी अनुजा और आरडी बीएम की मुस्कान कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में पीजी विभाग को प्रथम, एसपी महिला कॉलेज को द्वितीय और एसपी कॉलेज एवं आरडी बीएम कॉलेज को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शैक्षणिक भवन के विभिन्न कक्षों में एकल गीत, समूह गान, भाषण, क्विज और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। एकल गीत प्रतियोगिता में देवघर कॉलेज की अंशिका, पीजी विभाग के मोबिन संसारी और जामताड़ा कॉलेज के अमित हसदा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। समूह गान प्रतियोगिता में पीजी इंग्लिश विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि एसपी महिला कॉलेज और साहेबगंज कॉलेज को द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में पीजी विभाग के राहुल नंदी, साहेबगंज कॉलेज के अभिषेक कुमार ओझा और आरडीएम कॉलेज की जोतिका रावत विजेता बने। चित्रकला प्रतियोगिता में पूजा शर्मा (पीजी इंग्लिश), लिशा कुमारी (देवघर कॉलेज) और सबनम कुमारी (गोड्डा कॉलेज) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता, जो विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन-2 के गलियारे में आयोजित की गई थी, में पीजी कॉमर्स की सुषमा हेम्ब्रम को प्रथम, साहेबगंज कॉलेज की अंकिता कुमारी को द्वितीय और गोड्डा कॉलेज की सुमिता सोरेन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता में पीजी इंग्लिश के नितेश और रूपेश को प्रथम, गोड्डा कॉलेज की मिथुन को द्वितीय, तथा जामताड़ा कॉलेज के तापस और सोमलाल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इन सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडलों की भूमिका में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ शिक्षक शामिल थे, जिन्होंने निष्पक्षता और विशेषज्ञता के साथ निर्णय लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता के संयोजकों और सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 30 जून को आयोजित होने वाले हूल दिवस के मुख्य समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा औपचारिक रूप से सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों के शिक्षकों, आयोजन समितियों, निर्णायकों एवं तकनीकी सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने अनुशासित और भव्य आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य समय एवं ऊर्जा समर्पित की। यह आयोजन हूल आंदोलन की गौरवशाली स्मृति को पुनर्जीवित करने का प्रयास था, जिसने विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों, विजेताओं एवं आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## श्रावणी मेला दुमका जिले की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है : अभिजीत सिन्हा

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आगामी राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने मेले से संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया।उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला दुमका जिले की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है, जिसमें लाखों श्रद्धालु बासुकीनाथ धाम पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा, सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।बैठक में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, यातायात व्यवस्था, रात्रि प्रकाश, श्रद्धालुओं के लिए आवासन की व्यवस्था, लाउडस्पीकर एवं पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, शिविर प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं संचार व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी नियमित स्थल निरीक्षण करें और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि किसी भी स्तर पर कोई असुविधा ना हो।

**कार्यालय, नगर परिषद, मिहिजाम**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पुराने स्वीकृत लंबित पड़े आवास को पूर्ण करने से संबंधित अतिमहत्वपूर्ण सूचना :–**

विभागीय पत्रांक–1708, दिनांक–23.12.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में वैसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अपने अधूरे/लंबित/निर्माणाधीन आवासो को दिनांक–31.12.2025 के भीतर निश्चित रूप से पूर्ण कर एक सजग, जागरूक एवं सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। उक्त अवधि के बाद आपको अपने संसाधनो से आवास को पूरा करना पड़ सकता है, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। उक्त अवधि के बाद विभाग से राशि अप्राप्त रहने के स्थिति में भुगतान करना संभव नही होगा।

साथ ही उक्त के आलोक में सभी माननीय जनप्रतिनिधिसों, प्रबुद्धजनों, आमजनों से भी सहयोग एवं भागीदारी की अपेक्षा रखते हुए अनुरोध है कि ऐसे लाभुको को निर्धारित समयावधि (दिनांक–31.12.2025) के भीतर आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित एवं सूचित करने की कृपा की जाय।

इसे अति–महत्वपूर्ण समझा जाय।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद,मिहिजाम।**

PR 356095 Urban Development and Housing(25-26)D

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतू ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये**
**खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक /विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा संख्या–GeM Bid no. GEM/2025/B/6384695**

**क्र० सं. 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Part "A" Manning & Housekeeping of 02 Nos. 'B' Area TRD Maintenance Depots at DHN/ OHE & DHN/S&W and 13 Nos. 'C' Area TRD Maintenance Depots at GMO/OHE, GMO/PSI, HZD/OHE, KQR/PSI, GJD/ OHE, PRP/OHE, CRP/OHE & PSI, GMIA/ OHE, BRKA/S&W, BRKA/OHE, KLRE/ OHE, LTHR/OHE, DTO/OHE & PSI in Dhanbad Division for the period of three years.,Part "B" Manning & Housekeeping of 09 Nos. 'C' Area TRD Maintenance (OHE & PSI) Depots at SGRL, CPU, RNQ, NUQ, BRHI, HZBN, KANWAR, NAWADIH & MESRA in Dhanbad Division for the period of three years., Completion period (03) Three Years, कार्य समापन की अवधि–(03) तीन वर्ष, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रुपया 4,49,55,577.00/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य/–, **03. बीड सिक्युरिटि :** 3,74,780/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि: 18.07.2025 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि: 18.07.2025 को 11:30 बजे, **05. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट www.gem.gov.in

जेम निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक /क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0489/डीएचएन/टीआरडी/टी/25–26/48

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 26/06/2025

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**(1) ई–निविदा सं. 114-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** जीसी–सहा.मं.अभि./1/गोमो के अधीन जीसी सेक्शन में कि.मी. 333/11 से 334/19 (बंगारू कटिंग) के बीच कटिंग का सुधार, साइड नाली एवं कैच वाटर नाली का निर्माण। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 9,31,75,093.93, **(2) ई–निविदा सं. 115-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** जीसी–सहा.मं.अभि./1/गोमो के अधीन जीसी सेक्शन में कटिंग का सुधार (कि.मी. 316/5 से 316/31), कि.मी. 316/5 से 316/27 के बीच साइड नाली एवं कैच वाटर नाली का निर्माण। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 6,66,98,560.84, **(3) ई–निविदा सं. 116-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** जीसी– सहा.मं.अभि./1/गोमो के अधीन जीसी सेक्शन में कि.मी. 341/7 से 341/17 के बीच कटिंग का सुधार, साइड नाली एवं कैच वाटर नाली का निर्माण। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 6,00,10,618.32, **(4) ई–निविदा सं. 117-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व.मं.अभि./2/धनबाद के अधीन डीएफसीसीआईएल संरेखण के कारण गोमो स्टाफ कॉलोनी में पाईप लाइन का मरम्मत, बदलाव एवं पथांतरण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 6,04,86,809.69

**ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि **http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 23.07.2025 को 12.00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 23.07.2025 को 12.30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), धनबाद**

पीआर/497/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/25–26/56

# दर्जन भर से ज्यादा घरों पर मंडरा रहा है खतरा ग्रमीणों ने कहा, जान गई तो करेंगे हत्या के केस





### आग व गैस के बीच चलती है तीन स्कूल

लोयाबाद।सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा 12 नंबर की चार साल पुरानी धधकती आग लोगो के घरों तक पहुंच गई।शनिवार सुबह यहां के संतोष भुईयां के एक घर के आंगन में जमीन धंसी और दस फ़ीट का गोफ बन गया।गोफ से भारी मात्रा में गुब्बारे जैसा गैस रिसाव हो रहा है।घटना सुबह 6 बजे की बताई जा रही है,तब संतोष का परिवार घर मे सो रहा था।पड़ोसी शशि भूईयां एंव अशोक भूईयां के मकान मे भी जगह जगह दरारे हुई है।ग्रामीण सड़क व आसपास लोगो के जमीन के भीतर आग की तपिश महसूस करा रही है।घटना के बाद से ग्रामीणों में उबाल है।प्रबंधन के प्रति जमकर नारेबाज़ी है।ग्रामीण इतने आक्रोश है कि गोफ भराठी करने से मना कर दिया है।ग्रामीणों का कहना है कि रोज घुट घुट कर मरने से अच्छा है कि एक ही दिन मर जाए।इनका मानना है कि प्रबंधन गोफ की भराठी कर सिर्फ खानापूर्ति करती है।गोफ पर मिट्टी डालकर हम सबको इसी हाल में मरने के लिए छोड़ जाते हैं।ग्रामीण बेबस है वो सिर्फ पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।इधर प्रबंधन का कहना है कि गोफ की खबर मिली थी।मशीन व मिट्टी लेकर गए थे,लेकिन गांव वालो ने गोफ भरने नही दिया है।दो बार कोशिश की गई है।गोफ से गैस का रिसाव जारी है।ग्रामीणों का मन बिचलित है,उसका कहना है कि रात और दिन डर के साये में गुजरता है।कब परिवार के किस सदस्यों की जिंदगी समा जाए कौन जानता है।संतोष के पड़ोसी सहित दर्जन भर से ज्यादा घरो पर मंडरा रहा है खतरा।घटना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि पप्पू मंडल, धर्मेन्द्र रजक, गायत्री देवी, पार्वती देवी, सुनीता भूईयां, चंदू भूईयां, गुड़ीया कुमारी, अशोक भूईयां, लखन रविदास, पुनम सहित 20 घर से अधिक लोग प्रभावित है।रिसाव हो रही गैस व धुंवे की गंध करीब दो सौ मीटर मीटर फैल गई है।यहां के लोगो को रिसाव गैस से आंख मे जलन,उल्टी खांसी और दम्मा जैसे महसुस कर रहा है।जान गई तो करेंगे हत्या के केस।घटना से प्रभावित लोग पुरे गुस्से मे है।उसका कहना कि प्रबंधन किसी का जान लेकर ही पुर्नवास करायेगा। अगर किसी का जान गया तो प्रबंधन पर नाम के साथ हत्या का मुकदमा दर्ज करावाएगे।हमलोग दलित है,गरीब हैं,इसलिए प्रबंधन हमारी जान की कीमत नही समझ रहा है। बताया कि कंपनी द्वारा सर्वे कराये छह माह बित गया।अब तक कुछ नही हुआ।सिर्फ अग्नि प्रभावित क्षेत्र खतरा है का जगह जगह बोर्ड लगाकर प्रबंधन चले गए।ज्ञात हो कि इससे पहले बच्चन भूईयां का पुरा आवास जमींदोज हो गया था।आग व गैस के बीच चलती है तीन स्कूल।बांसजोड़ा की इस पुरानी आग व भूधंसान के बीच घटना स्थल से 10 फीट पर राजकीय प्राथमिक विधालय संचालित है।वहां करीब 30 बच्चे पढ़ रहे हैं।दो बीसीसीएल अनुदानित संचालित स्कूल है,दोनो में करीब 200 बच्चे पढ़ते हैं।वो भी खतरे की जद मे है।सर्वोदय शिशु प्राथमिक विधालय के क्लास रूम मे तो एलपीजी के जैसा गंध महसूस होती है।तीनो स्कूल विशैली हवाओ से प्रभावित है।जिस रफ्तार से यहां की जमीने भूधंसान बनते जा रहा है कि कोई बड़ी घटनाएं घट सकती है। प्रबंधक ने कहा कि गोफ की खबर मिली है।ग्रामीणों ने गोफ को भरने नही दिया।दो बार कोशिश हुई है।लेकिन नाकाम हुआ।इधर स्टेट ऑफिसर बीबी सिंह ने कहा कि हम सब सिस्टम से बंधे है।पुर्नवास की फाइल मुख्यालय भेजी गई है।एक बार फाइल रद्द हो गई थी।इस बार केंदुआटांड़ के पास 70 ग्रामीणों की पुनर्वास करने की योजना है।स्वीकृति मिलते ही लोगो हटाया जाएगा।

**जिला मत्स्य कार्यालय, धनबाद**

दूरभाष : 0326–2310438, ईमेल : dfodhanbad0@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा धनबाद जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक एवं सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि नई तकनीक **Block Chain** एवं **National Fisheries Digital Platform (NFDP)** में प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक एवं सभी मत्स्य कृषकों को निबंधन कराना आवश्यक है।

**निबंधन हेतु Portal पर अपलोड करने हेतु निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है :–**

1. पासपोर्ट फोटो। (रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो)
2. अपना मोबाईल/मोबाईल नं0
3. आधार कार्ड मूल प्रति (Original)
4. बैंक पासबुक (Original)
5. पैन कार्ड (Original)
6. वोटर आई0डी0 कार्ड (Original)
7. राशन कार्ड (Original)
8. जमीन का रसीद (यदि हो तो)
9. आय प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
10. जाति प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
11. तालाब का विवरणी :– खाता नं0, प्लॉट नं0, तालाब का जलक्षेत्र (एकड़ में)/ लैण्डमार्क/जीयो टैग फोटोग्राफ
12. तालाब किस योजना/किस विभाग/निजी/लीज/सामुदायिक/वर्श में बना है
13. वंशावली/खतियान का प्रति। (यदि हो तो)
14. मकान/खाता नं0 (NFDP में निबंधन के लिए)
15. मत्स्य कृशक का आधार से मोबाईल नंम्बर लिंक होना चाहिए।

सभी प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक एवं सभी मत्स्य कृशक उक्त कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, धनबाद में उपस्थित होकर अपना निबंधन करायें। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते है।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, धनबाद**

PR 356127 Fish(25-26)#D

# सेविका-सहायिका के रिक्त पदों के चयन हेतु ग्रामसभा आमसभा का आयोजन सुनिश्चित करें : उपायुक्त



दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्रों में सेविका-सहायिका के रिक्त पदों के चयन हेतु ग्रामसभा/आमसभा का आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' के तहत ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर दर्ज छात्राओं के डाटा का प्रभावी उपयोग कर लाभुक चयन का आदेश दिया।बैठक में पोषण जागरूकता पर भी जोर देते हुए उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित करने का निर्देश दिया, जिससे बच्चों को ताजा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली और स्वच्छ पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था हो।काठीकुंड प्रखंड की एक महिला पर्यवेक्षिका के पोषण ट्रैकर में आंगनबाड़ी विजिट की संख्या कम पाए जाने पर उपायुक्त ने उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र के बंद होने की सूचना मिलती है, तो संबंधित सेविका, सहायिका और पर्यवेक्षिका पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा वीडियो कॉल के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति जांचने के लिए गठित कोषांग को भी निर्देश दिया गया कि यदि केंद्र बंद मिले या कोई कर्मी अनुपस्थित पाए जाए, तो तत्काल सूचना दें ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों का स्थल निरीक्षण कर हैंडओवर प्रक्रिया पूर्ण की जाए। नव चयनित सेविकाओं को पोषण ट्रैकर ऐप का उपयोग सिखाने हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी समुचित प्रशिक्षण का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय और नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ), महिला पर्यवेक्षिका और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यालय, अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा**

**आवश्यक-सूचना**

**जामताड़ा जिला के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य(MPR) निम्न प्रकार है:–**

| Company Name | Urea | DAP | | MOP | SSP | Complex | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ind./Imp. | IND | IMP | | | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 | 16:16:16 |
| IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | 1300.00 | - | - | - | - |
| NFL | 266.50 | - | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| KFL/ KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1350.00 | 1525.00 | 540.00 | 1325.00 | 1400.00 | 1650.00 | 1725.00 | - |
| IPL | 266.50 | - | 1350.00 | 1535.00 | 565.00 | - | - | - | - | 1475.00 |
| MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| PPL | - | 1350.00 | - | - | - | 1350.00 | - | - | - | - |
| SAI | - | - | - | - | 550.00 | - | - | - | - | - |
| BEC | - | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - |
| BCFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोटः– 1. UREA की प्रति बोरी 45 Kg Packsize की होती है एवं शेश उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है। 2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जामताड़ा जिला, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक, दुमका के कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है। 3. यदि किसी भी बिक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित बिक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश–1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी,**
**जामताड़ा।**

PR 356094 (Agriculture) 25-26 (D)

# 26 जिलों के 42 नगरपालिकाओं में निकाय चुनाव संपन्न



पटना : बिहार के 26 जिलों के 42 नगरपालिकाओं में नगर निकाय आम और उपचुनाव शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसमें वार्ड पार्षद के 121 पद, उप मुख्य पार्षद के 08 पद एवं मुख्य पार्षद के 07 पदों के लिए लोग मतदान किया। खास बात यह है कि बिहार में पहली बार ऑनलाइन मतदान हुआ। वैसे मतदाता जो बूथ पर नहीं पहुंच पाये, उन्होंने मतदान किया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, बिहार में 70.2 फीसदी ई वोटिंग हुई। वहीं बूथ पर 54.63 फीसदी मतदान हुआ। ई वोटिंग के लिए मातादाताओं ने इसके लिए पहले ही अपना पंजीकरण करवा लिया था। आज ई-वोटिंग एप के जरिए सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक मतदान किया। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि हमलोग मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी, अयमुक्त उत्तरदायित्वपूर्ण एवं सहभागिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। निर्वाचन प्रक्रिया में प्रयुक्त तकनीकी नवप्रवर्तन जैसे ईवीएम से मतदान, मतदाता के सत्यापन हेतु एफआरएस (फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम) का उपयोग, मतदान केन्द्रों पर कृतिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) द्वारा लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि नगरपालिका चुनाव 2025 के लिए 489 मतदान केन्द्र बनाए गए। चुनाव में 538 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में उतरे हैं। इसमें 242 पुरुष और 296 महिला अभ्यर्थी शामिल है। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 379674 है। जिसमें 197129 पुरुष मतदाता एवं 182539 महिला मतदाता और 12 अन्य मतदाता शामिल हैं। बिहार में पहली बार किसी चुनाव में ऑनलाइन माध्यम से मतदान हो रहा है। जो मतदाता बूथ तक नहीं आ सकते हैं, उनके लिए ई-वोटिंग की प्रक्रिया की शुरुआत की गई है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि पहली बार प्रयोग हो रहे 'ई-वोटिंग' प्रणाली से 40280 मतदाताओं ने सफलतापूर्वक अपना पंजीकरण कराया है। वह पहली बार ई-वोटिंग 'एसईसीबीएचआर' और ई-वोटिंग एसईसीबिहार मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे मतदान किया। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि मतदान प्रक्रिया की सफलतापूर्वक संचालन के लिए 489 पीठासीन पदाधिकारी और मतदान दल में कुल 2121 मतदान कर्मी तैनात हैं। मतदान केन्द्रों पर बलों की प्रतिनियुक्ति शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार सशस्त्र पुलिस वर्तो की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिसमें 1502 पुलिस पदाधिकारी एवं 5047 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अति संवेदनशील संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सकें। वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग निर्वाची पदाधिकारी/ जिला/आयोग स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में एमआईएस दल द्वारा लगातार की जाएगी। बोगस वोटिंग रोकने हेतु पूर्व निर्वाचनों की भांति प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एफआरएस(फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम) से मतदाता का सत्यापन किया गया। इस व्यवस्था के तहत यदि कोई मतदाता दुबारा मतदान करने आता है तो सत्यापन के क्रम में उसकी पहचान हो जाती है। फर्जी (बोगस) मतदान का प्रयास होगा विफल, पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 462 तथा आई.पी. सी. 171डी, 171 एफ के तहत कार्रवाई की जाएगी। मतदान केन्द्र पर किसी भी गड़बड़ी की जानकारी, मतदाताओं की शिकायत की सुनवाई निर्वाची पदाधिकारी / जिला/आयोग स्तर पर गठित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संपूर्ण मतदान प्रक्रिया के दौरान की जा रही है।

# विद्यालय में मनाया गया सुरक्षित शनिवार, डूबने से होने वाले खतरे व बचाव के संबंध में दी गयी जानकारी



मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी जिले के उत्कृष्ट मध्य विद्यालय जितवारपुर में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सुरक्षित शनिवार मनाया गया। वार्षिक समय सारणी के अनुसार जून माह चौथे शनिवार का विषय पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में फोकल शिक्षिका रेणु कुमारी ने बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डूबने से होने वाले खतरे तथा उससे बचाव के लिए क्या-क्या सावधानियां बरतेंगे के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी। डूबते हुए व्यक्ति को हम धोती, साड़ी, रस्सी, बांस आदि चीजों से बचाव कर सकते हैं। प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह ने कहा कि घर से विद्यालय और विद्यालय से घर जाने के क्रम में बच्चे किन-किन जोखिमों एवं खतरों का सामना करते हैं इसकी पहचान को ही हम हजार्ड हंट कहते हैं।मध्यावकाश के बाद प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि अब प्राइवेट स्कूलों की तरह ही सरकारी विद्यालयों में भी प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित हो रही है। इस संगोष्ठी में अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के लिए आग्रह करते हुए सभी सरकारी योजनाओं जैसे - पोशाक, छात्रवृत्ति, पीएम पोषण योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय संगोष्ठी में सहभागिता के लिए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संगोष्ठी में विद्यालय के वरीय शिक्षक अशोक कुमार राय, भूपेंद्र प्रताप सिंह,मो० रहुल्लाह शिक्षा सेवक छोटू कुमार सदाय, शिक्षिका रेणु कुमारी, चन्द्र लता कुमारी, संगीता कुमारी रजक, जीनत परवीन,उम्मे हबीबा, स्मिता शंकर, वन्दना कुमारी, कामिनी कुमारी, प्रेम लता कुमारी, पूजा कुमारी सुमन भी उपस्थित थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सेवा शिकायत निवारण से संबंधित सुनवाई में अनुपस्थित रहने के कारण डीपीओ स्थापना से स्पष्टीकरण

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी सेवा शिकायत निवारण से संबंधित सुनवाई में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना (शिक्षा विभाग) के अनुपस्थित रहने के कारण जिला सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ने स्पष्टीकरण पूछा है। अपर समाहर्ता ने स्थापना उपसमाहर्ता को दिए स्पष्टीकरण पत्र में कहा है कि शिक्षा विभाग से संबंधित सेवा शिकायत निवारण के पांच परिवाद की सुनवाई 24 जून को निर्धारित था। जिसकी पूर्व सूचना डीपीओ स्थापना को प्राप्त था। पर इस सुनवाई में ना तो डीपीओ स्थापना और ना ही उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ही उपस्थित हुए। जिसके कारण किसी भी परिवाद का सुनवाई नहीं हो सका। इस कारण परिवाद के निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ है। डीपीओ स्थापना द्वारा सेवा शिकायत के मामलों में इस प्रकार का लापरवाह पूर्ण रवैया के कारण सरकार की प्राथमिकताओं में से एक सेवा शिकायत निवारण जैसे संवेदनशील मामलों में निष्पादन में अनावश्यक समय व्यतीत होता है। यह अत्यंत खेदजनक है। अपर समाहर्ता ने कहा है कि इस आलोक में सभी पांच सेवा शिकायत वादों के संबंधित प्रतिवेदन सुनवाई के लिए निर्धारित अगली तिथि 8 जुलाई के पूर्व समर्पित करना सुनिश्चित करें तथा सुनवाई की तिथि को स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से परिवाद से संबंधित प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। ताकि ससमय उक्त वादों का निष्पादन किया जा सके। अपर समाहर्ता ने कहा है कि परिवाद के निष्पादन में विलंब की सारी जवाब देही डीपीओ स्थापना की होगी।

### बाढ़ की एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर प्लांट की एक और यूनिट शुरु

पटना,(ईएमएस)। पटना जिले के बाढ़ स्थित एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर प्लांट की एक और यूनिट चालू हो गई है। बाढ़ बिजली घर की स्टेज एक की तीसरी और अंतिम यूनिट के सफल संचालन के बाद अब बिहार को बिजली मिलने का रास्ता साफ हो गया है। 660 मेगावाट की इस यूनिट से बिहार को 370 मेगावाट बिजली मिलेगी। कंपनी के मुताबिक तीसरी यूनिट का सफल ट्रायल 5 जून को किया गया था। अब इस यूनिट से 1 जुलाई से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होगा। बाढ़ बिजली घर में 660 मेगावाट की 4 यूनिट से पहले से ही बिहार को बिजली मिल रही है। अब पांचवीं यूनिट से भी बिजली मिलने लगेगी। साथ ही बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की कुल उत्पादन क्षमता 3300 मेगावाट बिजली उत्पादित होने लग जाएगी।स्टेज एक की तीनों यूनिट से बिहार को 56.08 फीसदी हिस्सेदारी के तहत 1110 मेगावाट बिजली आवंटित है। स्टेज-2 की 2 यूनिटों से 86.04 फीसदी हिस्सेदारी के अंतर्गत 1136 मेगावाट विद्युत आवंटित है। इस प्रकार बाढ़ परियोजना की कुल 3300 मेगावाट स्थापित क्षमता में से बिहार को 2246 मेगावाट बिजली की आपूर्ति तय हो सकेगी। इससे बिजली की ज्यादा डिमांड वाली अवधि में पावर की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। साथ ही आगामी सालों में बिजली सप्लाई के संसाधन की पर्याप्तता के लक्ष्यों को हासिल करने में भी बड़ी भूमिका निभाएगी।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार



पटना : पटना जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के नीमतल गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 25 वर्षीय सिमरन वर्मा के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने मृतका के पति राजू वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सिमरन की शादी करीब सात साल पहले रीति-रिवाज के साथ नीमतल गांव निवासी राजू वर्मा से हुई थी, जो खुसरूपुर में ज्वेलरी की दुकान चलाता है। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही सिमरन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, ससुराल पक्ष 50 हजार रुपये नकद, एक पलंग और एक बड़ा टीवी की मांग कर रहा था। शादी के समय भी डेढ़ लाख रुपये नकद, सोने की चेन और अंगूठी दी गई थी। मृतका के परिजनों ने बताया कि शादी के बाद से सिमरन को उनके परिवार वालों से बात करने की अनुमति नहीं दी जाती थी और उसे घर से बाहर भी नहीं निकलने दिया जाता था। घटना की सूचना मिलने पर जब परिजन ससुराल पहुंचे तो उन्होंने सिमरन के गले पर फंदे के निशान देखे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के ससुर श्याम बिहारी ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि सिमरन सीढ़ियों से गिर गई थी और उसे गंभीर हालत में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। फतुहा एसडीपीओ पंकज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नीमतल गांव में एक महिला की मौत की सूचना मिली थी, जो फांसी से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा लिखित शिकायत मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण लोकतंत्र पर हमला, राजद का आरोप, बिहार को निशाना बना रही केंद्र सरकार



गोपालगंज : राजद ने चुनाव आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लोकतंत्र के खिलाफ साजिश बताया है। पार्टी जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा और जदयू मिलकर गरीब, वंचित और शोषित वर्गों को मताधिकार से वंचित करने की योजना बना रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने गंभीर आपत्ति जताई है। राजद जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने इसे केंद्र सरकार के इशारे पर लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके माध्यम से भाजपा और जदयू गरीब, वंचित और शोषित वर्गों से वोट देने का अधिकार छीनना चाहते हैं। यह बातें शुक्रवार को राजद के वरीय नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में कही गईं। बैठक में राजद विधायक प्रेमशंकर यादव, राजेश सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक रेयाजुल हक राजू, पूर्व प्रत्याशी मोहन प्रसाद गुप्ता, प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी और पिंटू पांडेय समेत कई नेता मौजूद रहे। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है। उन्होंने दावा किया कि यहां 8 करोड़ से अधिक मतदाता हैं और करीब 60 प्रतिशत लोगों को अब अपनी नागरिकता साबित करनी पड़ेगी। राजद नेताओं ने यह भी कहा कि वर्ष 2003 में जब चुनाव आयोग ने देशभर में ऐसा पुनरीक्षण कराया था, तब उसे पूरा करने में पूरे दो वर्ष लगे थे। लेकिन इस बार बिहार में यह कार्य मात्र 25 दिनों में पूरा करने की बात कही जा रही है, जो संदेह पैदा करता है। राजद नेताओं ने संघ के वरिष्ठ नेता दत्तात्रेय होसबाले द्वारा संविधान बदलने संबंधी कथित बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया संविधान के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रहा है। राजद ने ऐलान किया कि उनके एक-एक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर इस पुनरीक्षण अभियान की सतत निगरानी करेंगे। पार्टी ने चेतावनी दी कि केंद्र और राज्य सरकार की किसी भी तरह की गड़बड़ी या हेराफेरी को सफल नहीं होने दिया जाएगा। राजद ने इस अभियान को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया और इसे तत्काल रोकने की मांग की।

### पॉकेट में संविधान लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं राहुल गांधी', नित्यानंद राय ने साधा निशाना

दरभंगा : दरभंगा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर दरभंगा पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। नित्यानंद राय ने अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के पाली गांव में आयोजित संगोष्ठी सह जनसभा को संबोधित किया, जो आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान गृहराज्य मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल और लालू प्रसाद यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू यादव की बेटी मीसा भारती के नाम पर ही कुख्यात 'मीसा' कानून बना था। उन्होंने मीसा भारती को अपनी बहन बताते हुए उनसे अपील की कि वह अपने पिता को याद दिलाएं कि उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए आंदोलन में हिस्सा लिया था और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया था।

# चुनाव आयोग मतदाताओं की ले रहा खोज खबर, कल से शुरु होंगे फार्म मिलना



पटना (ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग घर-घर जाकर मतदाताओं की खोज-खबर लेने वाला है। वोटर का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू हो गया है। बीएलओ रविवार से घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (इन्युमरेशन फॉर्म) बांटेंगे। मतदाताओं को इन्हें भरकर संबंधित दस्तावेज के साथ इसे वापस करना होगा। इसके आधार पर निर्वाचन आयोग फर्जी वोटर की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर करेगा। साथ ही नए वोटरों को भी जोड़ो जाएगा।विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एक गणना प्रपत्र (एन्युमरेशन फॉर्म) बांटेंगे। इसमें मतदाता का नाम, फोटो, पता, ईपिक नंबर, आधार नंबर, जन्म तारीख, मोबाइल नंबर, माता-पिता या अभिभावक का नाम आदि से जुड़ी जानकारी होगी। वोटर्स को अपना नया फोटो इसमें लगाना होगा। फॉर्म भरने के बाद इसे बीएलओ को वापस करना होगा। इसके साथ अपनी पहचान को सत्यापित करने के लिए मांगे गए दस्तावेज देने होंगे। मतदाता यह काम ऑनलाइन भी कर सकते हैं। इस बारे में विस्तृत जानकारी इस आर्टिकल पर दी गई है।चुनाव आयोग के इस कदम से सियासी हंगामा मचा हुआ है, विपक्षी दल इस पर सवाल उठा रहे हैं कि गरीब लोगों के वोटर लिस्ट से नाम काट दिए जाएंगे। ऐसे में मतदाताओं के मन में भी इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं हैं। हालांकि, आयोग का दावा है कि फर्जी वोटर पर लगाम लगाने के लिए यह सर्वे किया जा रहा है। बिहार में यह कार्य आखिरी बार साल 2003 में हुआ था। यानी कि अब 22 साल बाद घर-घर जाकर सभी मतदाताओं का सत्यापन होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने राज्य के पदाधिकारियों को ट्रेनिंग और संबंधित दिशानिर्देश दिए हैं। सर्वे की यह प्रक्रिया धरातल स्तर पर करीब एक महीने तक चलेगी। मतदाताओं को यह सत्यापित करना होगा कि उनका जन्म भारत में ही हुआ है और उनके माता-पिता भारतीय हैं। अगर माता-पिता में से कोई भारतीय नहीं है, तो वोटर के जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट और वीजा की कॉपी लगानी होगी। 1 जुलाई 1987 के बाद जन्मे वोटर को अपने साथ अपने माता-पिता की पहचान के लिए भी कोई एक दस्तावेज देना होगा, जबकि इस तारीख से पहले जन्मे मतदाताओं को सिर्फ अपना कोई एक आईडी या सर्टिफिकेट देना होगा।

# पंचायत उपचुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग ने निरोधात्मक कार्रवाई के लिए दिया गाइडलाइन

### अनिष्पादित वारंट के निष्पादन के लिए अभियान चलाकर निष्पादन समेत दिए कई निर्देश




मधुबनी, (ईएमएस)। आगामी 9 जुलाई को मधुबनी जिला में होने वाले पंचायत चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने गाइडलाइन जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि पंचायत उपचुनाव में संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित दंडाधिकारियों की नियुक्त करें। दंडाधिकारी हमेशा भ्रमणशील रहें एवं किसी भी समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। कर्तव्य निर्वहन में कोताही बरतने वाले दंडाधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मतदान तिथि को मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि में कोई दुकान, प्रतिष्ठान मतदान अवधि के दौरान खुला नहीं रखा जाएगा। असामाजिक तत्वों अक्सर ऐसे ही स्थानों में अपना अड्डा जमाने की फिराक में रहते हैं। अनिष्पादित वारंटो का अभियान चलाकर निष्पादन कराने तथा निर्वाचन के संदर्भ में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जो भी कदम उठाए गए हैं उनका स्थानीय प्रसार माध्यमों से प्रचार प्रसार कराएं। ताकि आम जनता के मन में प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा होने का निर्देश दिया गया है। जिन क्षेत्रों में मतदान होना है वहां के सभी अनुज्ञप्ति धारी के शस्त्रों की गहन जांच एवं सत्यापन कराने, हत्या एवं गंभीर आपराधिक कार्यों में संलिप्त तथा आपराधिक चरित्र के व्यक्तियों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई करने को कहा गया है। कुछ ऐसे मामले भी दृष्टिगोचर हो सकते हैं जहां अभी से कुछ अभ्यर्थियों का मनोबल गिराने के लिए उन पर या उनके संबंधियों पर हमला किया जा सकता है। ऐसे मामलों में अविलंब दोषियों को गिरफ्तार करने ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके। जिन पंचायत उप चुनाव के प्रखंड का सीमा नेपाल की सीमा से सटे हुए हैं उनकी सीमाओं को मतदान के 3 दिन पहले से पूरी तरह सील करने, मतदान के दिन जिन प्रखंडों में मतदान होना है उन प्रखंड में मोटरसाइकिल तथा चार पहिया वाहनों का चलना फिरना प्रतिबंधित करने तथा उसकी करी चेकिंग कराने का निर्देश दिया है। अवांछित और असामाजिक तत्वों तथा बूथ लुटेरों की धर-पकड़ एवं उन पर त्वरित करवाई करने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने, नागरिक सुरक्षा संहिता की संगत धाराओं के अधीन निरोधात्मक कार्रवाई करने, कमजोर वर्ग के मतदाताओं को मतदान केंद्र पर निर्भय होकर वोट देने के लिए आने जाने की व्यवस्था करने, मतदान के बड़े फोल्ड मतपेटिकाओं को वज्रगृह में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के तहत रखने सहित कई निर्देश राज्य चुनाव आयोग ने दिया है।

# लालू के सामाजिक न्याय मॉडल पर सम्राट चौधरी का हमला बोले, 15 साल सत्ता में रहकर भी नहीं किया विकास

पटना : सम्राट चौधरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि लालू यादव का 'सामाजिक न्याय' का मॉडल असल में परिवारवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, "पहले खुद मुख्यमंत्री बने, फिर पत्नी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया, अब बेटे-बेटी को आगे लाने की कोशिश में लगे हैं। यही है लालू जी का सामाजिक न्याय। लेकिन बिहार के विकास के लिए उनके पास कोई स्पष्ट योजना या मॉडल नहीं रहा।" डिप्टी सीएम ने कहा कि लालू प्रसाद यादव को बिहार को आगे ले जाने का एक बड़ा मौका मिला था, लेकिन उन्होंने उस अवसर को गंवा दिया। "राबड़ी देवी 8 वर्षों तक सिर्फ एक रबर स्टांप की तरह मुख्यमंत्री बनी रहीं। उस दौरान भी विकास की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई," उन्होंने कहा। सम्राट चौधरी सहित एनडीए नेताओं का दावा है कि लालू यादव के शासनकाल में बिहार की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप रही। वर्ष 2001 से 2005 के बीच राज्य की औसत जीडीपी वृद्धि दर मात्र 2.9% रही। उन्होंने चारा घोटाले का जिक्र करते हुए राजद सरकार पर व्यापक भ्रष्टाचार, कुशासन और प्रशासनिक अराजकता के आरोप लगाए। सम्राट चौधरी ने दावा किया कि यदि लालू यादव ने 1995 में उन्हें और उनके 22 पारिवारिक सदस्यों को जेल नहीं भेजा होता, तो वे राजनीति में नहीं आते। "मेरे ऊपर झूठे हत्या के मुकदमे लगाए गए। मैंने तो मच्छर भी नहीं मारा था। तीन साल तक केस लड़ा और तब जाकर राजनीति में आया," उन्होंने कहा। चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बिहार को विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाया है। "बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का प्रभाव स्थायी है। जब मैं उनके खिलाफ था तो विरोध किया, आज जब साथ हूं तो पूरी ताकत से समर्थन कर रहा हूं," उन्होंने कहा। भाजपा और एनडीए के अन्य नेताओं ने राजद के शासनकाल को 'जंगलराज' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि उस दौर में कानून-व्यवस्था चरमरा गई थी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल थीं, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव था। साथ ही, अपहरण, जातीय हिंसा और संगठित अपराध चरम पर थे, जिससे लाखों लोगों को पलायन करना पड़ा। वहीं, राजद और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों का कहना है कि आज भी बिहार में गरीबी, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। विपक्ष का दावा है कि जनता इस बार बदलाव के मूड में है और आगामी विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन को समर्थन मिलेगा।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, तीन दरिंदों ने मिलकर किया गंदा काम पुलिस ने तीनों को दबोचा

गया : गया में एक बार फिर हैवानों ने नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। बीती रात नाबालिग लड़की के साथ तीन युवकों ने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस को शिकायत मिलते ही तीनों दरिंदों को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला गया जिले के सिंधुगढ थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात लड़की घर में अकेली सोई हुई थी। इसी दौरान तीन लोग घर में घुसकर बलपूर्वक तीनों दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पीड़ित अपने परिजनों को पूरी बात बताई, इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी शिकायत सिंधुगढ़ थाना में दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल जांच करवाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी विनोद कुमार, साजन कुमार और प्रमोद कुमार ने स्वीकार किया तीनों ने साथ मिलकर लड़की के साथ घर में अकेली सोइ देखकर जबरन सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसिया कार्रवाई शुरू कर दी गई थी।घटना के आठ घंटे के भीतर अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## घाटी में पर्यटन को फिर से जीवंत बनाने के लिए हमारी सरकार नई नीति पर काम कर रही : उमर अब्दुल्ला

जम्मू (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य को फिर से भारत के प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार और पर्यटन उद्योग दोनों की साझेदारी अनिवार्य है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, यह हमारा दायित्व है कि हम अपनी पूरी शक्ति और क्षमता के साथ प्रयास करें, ताकि घाटी अपनी पुरानी पहचान को फिर से हासिल कर सके और देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अग्रणी बना रहे। उन्होंने बताया कि सरकार राज्य में पर्यटन को फिर से जीवंत बनाने के लिए नई और समग्र रणनीति पर काम कर रही है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना है। इस दौरान उमर ने अपनी सरकार की प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और सुविधाओं में सुधार, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत का संरक्षण, इको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि और अतुलनीय आतिथ्य परंपरा इसे विश्व स्तर पर एक अनोखा पर्यटन केंद्र बनाते हैं। उन्होंने सभी उद्योग संगठनों, निवेशकों और स्थानीय व्यवसायियों से आह्वान किया कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनें।

## मुहर्रम पर आठ फीट से ज्यादा ऊंचे ना हों ताजिए और अलम

### डीएम ने मुस्लिम समुदाय से की अपील

फिरोजाबाद,(ईएमएस)। मुहर्रम का चांद दिखते ही शुक्रवार से इस्लामी नए साल की शुरुआत हो गई। मुहर्रम के त्योहार को लेकर डीएम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की है कि ताजिए और अलम की लंबाई आठ फीट से ज्यादा न रखें। डीएम, एसएसपी और नगर आयुक्त ने मुस्लिम धर्म गुरुओं और पीस कमेटी के साथ बैठक की थी। बैठक में डीएम ने कहा कि मुहर्रम के मद्देनजर बिजली इत्यादि की संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। जल भराव से निपटने की तैयारी भी पूरी है। ताजिए और अलम की लंबाई आठ फीट से ज्यादा न हो। गैर पारंपरिक तरीका न अपनाया जाए। डीजे की आवाज कम से कम हो, जिससे किसी को असुविधा न हो। आदेश का उल्लंघन होने पर लाइसेंस रद्द कर कार्रवाई की जाएगी। धर्मगुरु इन निर्देशों को जनता तक पहुंचाएं। अधिकारियों ने ताजिया दफीना स्थल करबला का भी निरीक्षण किया। वहां मिट्टी पर्याप्त मात्रा में डलवाने, साफ-सफाई, बिजली लाइट, पानी के टैंकर, कुर्सी-मेज की व्यवस्था, करबला गेट पर इंटरलाकिंग की व्यवस्था कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## हेमकुंड साहिब की यात्रा कर लौट रहा किशोर खाई में गिरा, बचाव दल ने सुरक्षित निकाला

गोपेश्वर,(ईएमएस) अमृतसर के ग्राम मानावाला निवासी जुगराज सिंह (काका) का पुत्र सुखदेव सिंह (15) अपने मौसा के साथ हेमकुंड साहिब की यात्रा पर गया था। लौटते समय पुलना और गोविंदघाट के बीच पुरानी सड़क पर पैदल चलते हुए जुगराज लड़खड़ाकर करने मुख्य रास्ते से नीचे उतर गया। चलते चलते वह इतना थक गया कि उसके कदम लड़खड़ा गए वह अपना आपा खो बैठा और करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदघाट पुलिस, एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। बारिश और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद बचाव दल ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। काफी प्रयासों के बाद टीम ने जुगराज सिंह को सुरक्षित खाई से बाहर निकालकर उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच की। राहत की बात यह है कि उसे हल्की चोटें आई, वह पूरी तरह स्वस्थ है। प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को उसके परिजनों को सौंप दिया। जुगराज के परिजनों ने उत्तराखंड पुलिस और बचाव दल के सदस्यों का आभार माना। उन्होंने कहा कि पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से उनके बेटे की जान बचाई गई।

## जम्मू में सड़क से फिसलकर खाई में गिरा ट्रक, दो की मौत

श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और यह नचिलाना इलाके में गहरी खाई में गिर गया। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक और खलासी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। चालक की पहचान उधमपुर के राजू के रूप में हुई है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और यह नचिलाना इलाके में गहरी खाई में गिर गया।

## शास्त्र और शस्त्र की शक्ति से भारत को फिर विश्व गुरु बना सकते हैं : शिंदे

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास और विरासत दोनों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शास्त्र और शस्त्र की संयुक्त शक्ति से ही भारत को फिर से विश्व गुरु बनाया जा सकता है। वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित श्री कृपात्रीजी महाराज के आश्रम धर्मसंघ मठ में शास्त्र संग्रहालय एवं शोध केंद्र के उद्घाटन अवसर पर शिंदे ने कहा कि काशी में इस प्रकार की पहल भारत की सांस्कृतिक आत्मा को फिर से जाग्रत करने वाली है। यह संस्थान केवल एक संग्रहालय नहीं, बल्कि सनातन जीवन दृष्टि का प्रतीक है। शिंदे ने कहा ग्रंथों का डिजिटलीकरण और संरक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर यूपी के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि यह संग्रहालय आम जनता, खासकर युवाओं को शास्त्रों के प्रति आकर्षित करने में मददगार साबित होगा। शास्त्र संग्रहालय एवं शोध केंद्र के अध्यक्ष भुजंग बोबड़े ने कहा कि काशी सदियों से ज्ञान, ध्यान और दर्शन का केंद्र रही है। इस संग्रहालय की स्थापना शोधकर्ताओं और संस्कृत विद्वानों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगी।

## जमीन अधिग्रहण से मिले 2.53 करोड़ बेटे ने धोखा देकर पिता से हड़पे

### छोटे बेटे और बहू ने जान से मरने की धमकी दी

हापुड़ (ईएमएस)। जमीन अधिग्रहण कर सरकार द्वारा गांव के व्यक्ति के बैंक खाते में मुआवजे के तौर पर भेज 2.53 करोड़ रुपयों को उसके पुत्र ने हड़प लिया है। रुपये मांगने पर आरोपित ने अपने बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट की। आरोपित व उसकी पत्नी ने पीड़ित को मौत के घाट उतारने की धमकी दी है। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि गांव उपैड़ा निवासी महेंद्र सिंह की उम्र 82 वर्ष है। बुजुर्ग व बीमार होने के कारण बिना किसी सहारे के चलने-फिरने में भी असमर्थ है। कुछ दिन पहले सरकार ने उसकी कुछ जमीन का अधिग्रहण किया था। अधिग्रहित कृषि भूमि के बाबत 2.53 करोड़ रुपये का मुआवजा उनके बैंक के खाते में डाला था। पीड़ित के तीन पुत्र हैं। सबसे छोटा पुत्र अनिल कुमार अपनी पत्नी प्रीति के साथ रहता है। कुछ दिन पहले छोटे पुत्र ने पीड़ित को झांसा दिया कि उसके दो अन्य भाई उनके खिलाफ न्यायालय से स्टे आर्डर लाने की फिराक में है। जिसके बाद पीड़ित खाते को बैंक द्वारा सीज किया गया। पीड़ित से बैंक खाते से धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर करने के लिए कह दिया। पुत्र ने भरोसा दिलाया कि पीड़िता के रुपये उसके खाते में सुरक्षित रहने वाले है। पीड़ित को झांसे में लेकर पुत्र ने पीड़ित से खाली चेक पर हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिए। इसके बाद पुत्र ने 28 अप्रैल को पीड़ित के खाते से रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। मामले की जानकारी पर पीड़ित बुजुर्ग पिता ने रुपये वापस करने के लिए कहा, तब पुत्र ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में पीड़ित घायल हो गया। पति-पत्नी ने धक्के मारकर पीड़ित को अपने घर से बाहर निकाल दिया।

# सिंधु जल समझौते पर पाक की नापाक मंशा पर भारत ने फेरा पानी

## 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी इरादों को लेकर उसे सबक सिखाने के लिए भारत ने लगभग हर मोर्चे पर जोरदार ढंग से स्ट्राइक की है। इसी क्रम में पड़ोसी देश की सिंधु जल समझौते पर बनी हुई नापाक मंशा पर पूरी तरह से पानी फेरते हुए भारत ने वर्ष 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए दी। जिसमें बताया कि भारत ने न केवल उक्त गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया है। बल्कि उसके द्वारा जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं की क्षमता को लेकर जारी किए गए एक



तथाकथित पूरक आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है।

मंत्रालय के मुताबिक, तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा 27 जून को भारत के केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में एक आदेश पारित किया गया था। जिसे हमने अस्वीकार करते हुए खारिज कर दिया है। भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायालय के अस्तित्व को मान्यता प्रदान नहीं की है। जिसके चलते हमारा मानना है कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है और इसके सामने की गई कोई भी कार्रवाई या न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय या आदेश वैध नहीं है। भारत का मानना है कि पाकिस्तान के इशारे पर रचा गया यह पूरा नाटक, आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में अपनी जवाबदेही से बचने का हताशाभरा एक प्रयास मात्र है। जिसमें वह इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के तंत्र का सहारा लेकर वैश्विक मंचों पर दशकों से चली आ रही अपनी धोखाधड़ी और हेराफेरी की पुरानी आदतों को ही साफ तौर पर दर्शाता हुआ नजर आ रहा है।

इस वक्त तक स्थगित रहेगा समझौता मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने वैश्विक कानून के तहत बतौर एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिंधु जल समझौते पर अमल को तब तक स्थगित कर दिया है। जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय रूप से अपना समर्थन देना बंद नहीं करता है। भारत अब इस समझौते के तहत अपनी किसी भी जिम्मेदारी का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त न्यायालय के अलावा मध्यस्थता के किसी भी अन्य न्यायालय के पास भारत के संप्रभु अधिकारों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।

# महिला ने साधु पर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने का लगाया आरोप

## पुलिस ने किया मामला दर्ज, भारत सेवाश्रम संघ से जुड़े हैं कार्तिक महाराज

कोलकाता,(ईएमएस)। बंगाल में एक साधु के महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला ने स्वामी प्रदिप्तानंदा पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वामी प्रदिप्तानंदा को कार्तिक महाराज के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक महाराज भारत सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद स्थित बेल्डांगा यूनिट से जुड़े हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक यह मामला करीब 12 साल पुराना है। वहीं, कार्तिक महाराज ने महिला के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश बताया है। बता दें हाल ही में कोलकाता में एक लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला गर्माया हुआ है और अब एक महिला ने साधु पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस में दर्ज एफआईआर के मुताबिक महिला ने दावा किया है कि यह मामला साल 2012 का है। तब वह पहली बार महाराज से मिली थी और उन्होंने टीचर की नौकरी ऑफर की थी। महिला के मुताबिक उसने यह नौकरी स्वीकार कर ली थी। महिला के मुताबिक उसे स्कूल के अंदर ही पांचवीं मंजिल पर एक कमरा दिया गया था। कार्तिक महाराज उसे अक्सर अपने ऑफिस में बुलाया करते थे। कई मौकों पर उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया। कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। साधु ने उसे हर महीने पैसे भेजने का भी वादा किया था।

पीड़ित महिला ने कहा कि 2013 में जब वह गर्भवती हो गई तो इसके बाद आरोपी साधु कार्तिक महाराज कुछ स्कूल कर्मचारियों के साथ उसका गर्भपात कराने के लिए बेरहामपुर के एक निजी नर्सिंग होम में ले गया। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे स्टाफ सदस्यों के सामने धमकी दी। उन्होंने नर्सिंग होम में एक डॉक्टर से बात की और मुझे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया।

महिला ने कहा कि उसने मुर्शिदाबाद में आश्रम की कई शाखाओं में उसके साथ दुष्कर्म किया। वह उसे नौकरी देने का वादा करता रहा और मैं इंतजार करती रही। आखिरकार, वह मानसिक रूप से टूट गई। महिला का आरोप है कि इस साल 13 जून को दो व्यक्ति उसके पास आए थे। इन लोगों ने बताया कि वह कार्तिक महाराज से जुड़े हुए हैं। इसके बाद दोनों ने महिला का यौन उत्पीड़न किया और उसे एक घर के पास छोड़ गए। इन लोगों ने उसे चेतावनी दी कि वह महाराज से अपने सभी संबंध खत्म कर ले। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### असम में अब आधार कार्ड बनवाना नहीं रहा आसान

## पहले डिप्टी कमिश्नर की स्वीकृति दिखाओ

गुवाहाटी,(ईएमएस)। अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें रोकने के लिए असम की हेंमता सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि अब राज्य में 18 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति को आधार कार्ड तभी मिलेगा जब उसे डिप्टी कमिश्नर (डीसी) से पूर्व स्वीकृति मिली हो। यह निर्णय घुसपैठ को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। गुवाहाटी में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी अवैध अप्रवासी आधार कार्ड प्राप्त न कर सके। वयस्कों को अब सीधे आधार नहीं मिलेगा, उन्हें जिला आयुक्त से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में इस बारे पर चर्चा की गई है और आगामी बैठक में औपचारिक रूप से लागू करने का निर्णय होगा। सीएम सरमा ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल वयस्कों पर लागू होगा। नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए आधार कार्ड बनवाने की सुविधा जारी रहेगी, ताकि उनकी शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं में कोई बाधा न आए। इतना ही नहीं सरमा ने बताया कि उनकी सरकार जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को भी सख्त करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले लोग वर्षों बाद भी जन्म प्रमाण पत्र बनवा लेते थे, जिससे फर्जी दस्तावेज बनाकर नागरिक बन जाते थे। अब ऐसा नहीं होगा। सीएम सरमा ने बताया कि सरकार की कार्रवाई के तहत 20 बांग्लादेशी नागरिकों को हाल ही में राज्य से बाहर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार अवैध विदेशियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। असम सरकार का कदम राज्य में अवैध घुसपैठ पर नकेल कसने और पहचान दस्तावेजों की विश्वसनीयता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### शेफाली जरीवाला की मौत के बाद डॉक्टरों ने किया बड़ा खुलासा

# जवान दिखने के लिए करवा रही थी इलाज

### पर मुंबई पुलिस की जानकारी ने संदेह को और बढ़ाया

मुंबई, (ईएमएस)। बिग बॉस फेम तथा कांटा लगा... गाने पर अपने जबरदस्त डांस से चर्चा में आई अभिनेत्री और मॉडल शेफाली जरीवाला की मौत ने सभी को चौंका दिया। महज 42 साल की उम्र में हार्ट अटैक से शेफाली ने आखिरी सांस ली। शेफाली की मौत के बाद उनके पति पराग त्यागी बेहद भावुक हो गए हैं। वहीं, शेफाली की मौत के बाद पराग ने पुलिस पूछताछ के दौरान बड़ा बयान दिया। जिसने सभी को हैरान कर दिया। पुलिस को दिए अपने बयान में पराग ने खुलासा किया कि, शेफाली का पहले से ही इलाज चल रहा था। इसके अलावा शेफाली का इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया, पिछले पांच-छह सालों से वह जवान दिखने के लिए इलाज करवा रही थीं। वह एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। शेफाली दो दवाइयां लेती थीं, जिसमें विटामिन सी और ग्लूटाथियोन शामिल हैं। इन दवाओं का दिल की बीमारी से कोई लेना-देना नहीं है। ये दवाएं चेहरे पर चमक लाने के लिए ली जाती हैं। इसलिए इसका असर सिर्फ चेहरे पर होता है। शेफाली काफी फिट थीं और उन्होंने कभी किसी बीमारी का जिक्र नहीं किया।

### पर मुंबई पुलिस की जानकारी ने संदेह को और बढ़ाया

शेफाली जरीवाला की शुक्रवार रात अचानक मौत हो गई। बताया गया कि 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। हालांकि, इस संबंध में मुंबई पुलिस द्वारा दी गई जानकारी ने उनकी मौत के कारणों को लेकर अनिश्चितता पैदा कर दी है। शेफाली जरीवाला की मौत के संबंध में मुंबई पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शेफाली जरीवाला का शव अंधेरी इलाके में उनके घर पर मिला। पुलिस को इसकी जानकारी रात करीब 1 बजे मिली। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया। साथ ही, उनकी मौत का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। शुरुआत में कहा गया कि शेफाली जरीवाला की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। हालांकि, मुंबई पुलिस द्वारा दी गई इस जानकारी ने शेफाली जरीवाला की मौत के सही कारण को लेकर भ्रम को और बढ़ा दिया है।

# जेएनपीए बंदरगाह पर 39 पाकिस्तानी कंटेनर जब्त, डीआरआई ने किया 9 करोड़ का माल जब्त

मुंबई, (ईएमएस)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दुबई, यूएई जैसे देशों के जरिए पाकिस्तान निर्मित सामानों के अवैध आयात पर लगाम लगाने के लिए ऑपरेशन दीप मैनिफेस्ट शुरू किया है। इस ऑपरेशन में अब तक 1115 मीट्रिक टन माल ले जा रहे 39 कंटेनर जब्त किए गए हैं। माल की कीमत करीब 9 करोड़ रुपये है। इससे साफ पता चलता है कि पाकिस्तान निर्मित सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या परिवहन पर सरकार द्वारा लगाई गई आयात नीति की शर्तों और प्रतिबंधों का उल्लंघन किया गया है। आयात करने वाली फर्म के एक साझेदार को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था। यह जानकारी मुंबई में डीआरआई अधिकारियों ने दी।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से आयातित माल पर रोक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने 2 मई 2025 से पाकिस्तान से आने या निर्यात किए जाने वाले सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। इन सख्त उपायों के बावजूद, कुछ आयातक माल की उत्पत्ति को गलत बताकर और संबंधित शिपिंग दस्तावेजों को जाली बनाकर सरकारी नीति को दरकिनार करने की कोशिश करते हैं। ऐसे माल को जेएनपीए बंदरगाह पर जब्त कर लिया गया। माल की उत्पत्ति को संयुक्त अरब अमीरात से आने वाले झूठे रूप से घोषित करके छुपाया गया था। हालांकि, जांच से पता चला कि माल वास्तव में पाकिस्तान से आया था और केवल गुमराह करने के लिए दुबई के रास्ते भारत भेजा गया था। जांच से पता चला कि माल को शुरू में पाकिस्तान से दुबई तक कंटेनरों और जहाजों में ले जाया गया और फिर भारत जाने वाले अन्य कंटेनरों और जहाजों में स्थानांतरित कर दिया गया। माल की आगे की जांच और जांच के दौरान अब तक एकत्र किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से माल के मार्ग का पता चला है। माल पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से रवाना हुआ और दुबई के जेबेल अली बंदरगाह पर भारत जाने वाले जहाजों पर लोड किया गया। इसके अलावा, पाकिस्तानी संस्थाओं के साथ धन हस्तांतरण का पता चला है, जिससे अवैध वित्तीय लेनदेन के बारे में चिंता बढ़ गई है। पूरी योजना पाकिस्तानी और यूएई नागरिकों के साथ जटिल लेन-देन के माध्यम से बनाई गई थी।

# भारत में समाजवाद की जरुरत नहीं, ना ही धर्मनिरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल

## समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की बहस में कूदे केंद्रीय मंत्री शिवराज

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना से "समाजवादी" और "धर्मनिरपेक्ष" शब्दों को हटाने पर बहस का आह्वान किया है। उन्होंने आपातकाल (1975-1977) के दौरान इन शब्दों को जोड़े जाने को बीआर अंबेडकर के मूल मसौदे से विचलन बताया था। इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बहस में कूद गए हैं। शिवराज ने कहा कि भारत में समाजवाद की कोई जरुरत नहीं है, साथ ही उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल नहीं है।



आपातकाल के दिनों को याद करते हुए शिवराज सिंह ने कहा उस समय मेरी उम्र सिर्फ 16 साल थी और मुझे भी डिफेंस ऑफ इंडिया रूल्स के तहत गिरफ्तार कर जेल ले जाया गया था। आज भी उन काले दिनों को याद करके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आपातकाल के दौरान तुर्कमान गेट पर मकान तोड़ने का उन्माद होता था तो जनता को बुलडोजर से कुचल दिया जाता था। अगर कोई विरोध करता था तो उसे गोलियों से छलनी कर दिया जाता था। यह जनता पर गोलियां नहीं, बल्कि संविधान की हत्या थी। उन्होंने कहा कि कोई अपील नहीं, कोई वकील नहीं, कोई दलील नहीं, यह संविधान की हत्या थी, सभी नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे।

उन्होंने कहा, प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला लगाना संविधान की हत्या है, न्यायालय के अधिकारों को कम करना, उसे अप्रभावी बनाना यह संविधान की हत्या है। पूरे देश को जेल बना देना - यह संविधान की हत्या है। सभी विपक्षी दलों और यहां तक कि छात्रों को भी जेलों में डाल दिया गया। कांग्रेस संविधान की हत्यारी है। कांग्रेस पर हमला करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस को संविधान की प्रति रखने का अधिकार नहीं है। वे काले दिन आज भी याद किए जाते हैं। कांग्रेस ने जो किया, उसके लिए मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि उन्हें अपनी नाक रगड़नी चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने यह ऐतिहासिक गलती की है। उन्होंने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास रखते हैं और इसीलिए स्वतंत्र भारत में संविधान दिवस मनाने का काम हो रहा है।

वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी ने संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने के सुझाव के लिए बीजेपी और आरएसएस की आलोचना की। चौधरी ने कहा कि ये बयान केवल यह साबित करते हैं कि संघ-बीजेपी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते और संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस की यूपी पइकाई के प्रमुख अजय राय ने कहा कि इस तरह के बयान वास्तव में उस बात की पुष्टि करते हैं जो हम लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि आरएसएस-बीजेपी का संविधान में कोई विश्वास नहीं है। यह देश सभी का है। कांग्रेस हर कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी।

# 33,000 फीट पर था विमान अचानक आई खराबी, यात्रियों की अटक गई सांसें

### सात यात्रियों की तबीयत बिगड़ी, मुंबई एयरपोर्ट पर कराई आपात लैंडिंग

मुंबई,(ईएमएस)। अदीस अबाबा से मुंबई की ओर आ रही थी इथियोपियन एयरलाइंस की फ्लाइट ईटी640 में शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी आ गई। एयरलाइंस के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में मिड-एयर डिप्रेशराइजेशन की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके कारण सात यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। विमान ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रात 1:55 बजे आपातकालीन लैंडिंग की। इस घटना में एक यात्री को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान विमान में करीब 300 यात्री सवार थे। बता दें मिड-एयर डिप्रेशराइजेशन वह स्थिति होती है जब विमान के केबिन में हवा का दबाव कम हो जाता है। यह आमतौर पर तकनीकी खराबी, जैसे केबिन प्रेशर सिस्टम की विफलता या विमान की संरचना में रिसाव के कारण होता है। इससे यात्रियों को सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ताजा घटना 23 जून को एयर इंडिया हीथ्रो-मुंबई उड़ान के दौरान 6 क्रू सदस्यों समेत 11 यात्रियों को चक्कर आने के कुछ दिनों बाद हुई है। बीमारी के कारणों की जांच की जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाइट संख्या ईटी640 में 300 यात्री और 11 क्रू मेंबर सवार थे। इसने इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। यह घटना तब हुई, जब विमान अरब सागर के ऊपर था। फ्लाइटरडार के मुताबिक यह 33,000 फीट की ऊंचाई पर था, जब केबिन में दबाव कम हुआ और पायलटों ने तेजी से नीचे उतरकर कम ऊंचाई पर उड़ान भरी। उड़ान के दौरान विमान में केबिन प्रेशर में अचानक कमी आई, जिसके कारण यात्रियों और चालक दल के बीच असुविधा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं शुरू हो गईं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सात यात्रियों ने सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने की शिकायत की। पायलट ने तुरंत आपातकालीन स्थिति घोषित की और विमान को सुरक्षित मुंबई में लैंड कराया।

पीड़ित सात यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई, जिसमें से एक यात्री की स्थिति खराब होने से उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## चुनाव आयोग के जरिए एनआरसी लागू?

बिहार से शुरू हुई चुनाव आयोग की नई मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया ने देश की लोकतांत्रिक नींव को हिला दिया है। इस प्रक्रिया के तहत राज्य के बाहर से आने वाले नागरिकों को यह शपथ पत्र देना होगा। उनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ था। साथ ही प्रमाणित करने वाले दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। चुनाव आयोग की इस कार्रवाई से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए न केवल पुराने और दुर्लभ दस्तावेज मतदाताओं को देना होगा। आम आदमी, खासकर गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों को मतदाता सूची से बाहर निकालने का यह एक सुनियोजित प्रयास का आरोप विपक्षी दल लगा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे एनआरसी से भी खतरनाक बताते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने इसे भारत के लोकतंत्र पर एक घातक हमला बताया है। उनका आरोप है चुनाव आयोग की इस कार्यवाही से गरीबों और प्रवासी मजदूरों को मतदान अधिकार से वंचित करने की यह एक साजिश है। असदुद्दीन ओवैसी ने भी इसे गुप्त एनआरसी बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसे सीधा गरीबों और वंचित तबकों के मत के अधिकार को छीनने का कृत्य बताया है। चुनाव आयोग इस कार्यवाही के पीछे जो तर्क दे रही है। उसके अनुसार, मतदाता सूची की शुद्धता के लिये संविधान की मूल भावना को ही दरकिनार करने जैसा कदम माना जा रहा है। वोट डालना हर नागरिक का अधिकार है। मतदाता से ऐसे साक्ष्य की मांग करना, जो अधिकांश नागरिकों के पास नहीं है। गरीबों और मजदूरों के परिवारों की स्थिति इस तरीके की नहीं है। वह इस तरीके के दस्तावेज संभाल कर रख सकें। एक तरह से मत के अधिकार से इस प्रक्रिया से करोड़ों लोग वंचित हो सकते हैं। अगर यह कवायद सचमुच निष्पक्षता के नाम पर है तो ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार जाति जनगणना जैसे अहम सामाजिक उपायों से सरकार पीछे क्यों हट रही है। क्यों दस्तावेजों के नाम पर उन्हीं तबकों को निशाना बनाया जा रहा है। जो गरीब है, मजदूर हैं, लगातार जीवन यापन के लिए यहां से वहां भागते रहते हैं। जो बड़ी संख्या में मतदाता के रूप में दर्ज हैं। जिनके पास संसाधनों की सबसे ज्यादा कमी है। इस कार्यवाही से चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके विरोध में सभी राजनीतिक विपक्षी दलों द्वारा एकजुट होकर विरोध करना शुरू कर दिया गया है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह पहला और आवश्यक कदम है। चुनाव आयोग के इस निर्णय का अभी विरोध नहीं किया गया तो ऐसी स्थिति में भविष्य में हर नागरिक के मौलिक अधिकारों पर सबसे बड़ा खतरा उत्पन्न होगा। चुनाव आयोग की यह सिर्फ एक दस्तावेज़ी प्रक्रिया नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा किया गया यह संविधान की आत्मा पर प्रहार है। जिस देश में करोड़ों लोग नदी के किनारे रहते हों, हर साल बाढ़ आती हो, रोजगार के लिए उन्हें अपना घर छोड़कर सैकड़ों और हजारों किलोमीटर दूर जाना पड़ता हो, जहां घर में जन्म हो जाते हैं, जिन्होंने कभी अस्पताल का मुंह नहीं देखा हो, जो कभी स्कूल नहीं गए हैं, उन्हें कागजों की समझ नहीं है। समझ है भी तो वह संभाल कर नहीं रख पाते हैं क्योंकि उनके पास उन कागजों की कोई अहमियत नहीं है। एकाएक चुनाव आयोग ने जिस तरह से बिना राजनीतिक दलों के साथ सलाह-मशविरा किए हुए बिहार की मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने की बात कही है यह शायद ही किसी को स्वीकार हो। अभी काम शुरू भी नहीं हुआ है, और विरोध शुरू हो गया है। चुनाव आयोग जब चुनाव के नियमों में कोई परिवर्तन करता है, कोई नई व्यवस्था लागू करता है उसकी जिम्मेदारी होती है कि वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर निर्णय करे। जिस तरह से चुनाव आयोग विपक्षी दलों के निशाने पर है, ऐसे समय में लाखों मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करने का जो प्रयास चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है उसकी तीव्र प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। चुनाव आयोग को समय रहते इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

## विभागों की मलाई पर तकरार-भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है, यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार! तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है? साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है - भ्रष्ट +आचार, जिनके निम्न अर्थ हैं-भ्रष्ट=दूषित,गंदा, अनैतिक गलत,आपराधिक,आचार=आचरण, व्यवहार,कार्यकलाप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है. मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

**ललित गर्ग**

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्टे सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है। भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रूकना चाहिए।

निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है। उन्होंने उन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। उनका मानना था कि एससीओ आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाने के बजाय इसको प्रश्रय देने वाले देशों की आलोचना करे, आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम में निष्पक्ष बने। यह भी अच्छा हुआ कि रक्षामंत्री इस पर भी अड़े रहे कि एससीओ में आतंक का समर्थन करने वाले देशों की निंदा एवं भर्त्सना होनी चाहिए। इसका अर्थ था कि पाकिस्तान को बख्शा न जाए, लेकिन चीन ने आशंका के अनुरूप ढिठाई एवं बदनियत ही दिखाई। चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा। भारत को यह भी देखना होगा कि विस्तार ले रहे इस संगठन में अपनी महत्ता कैसे स्थापित करे। यह ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने रवैये के कारण चीन भारत से संबध सुधारना चाहता है और कुछ मामलों में अपना रुख बदलने के लिए विवश भी हुआ है, पर इसका यह मतलब नहीं कि वह भारत के हितों की अनदेखी करे या फिर अमेरिका एवं पश्चिम के अन्य देशों की तरह आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए और आतंक के समर्थक पाक का सहयोग एवं समर्थन जारी रखे। भारतीय नजरिये से देखें, तो अमेरिका और चीन, दोनों ही भारत में आतंकवाद के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। भूलना नहीं चाहिए, पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाक सैन्य जनरल का अपने भवन में भोज के साथ स्वागत किया है। ऐसे घटनाक्रमों से भारत के लिए संदेश साफ है कि वह आंतरिक स्तर पर आतंकियों के लिये अपने संघर्ष को तीखी धार दे। भारत को अपनी आर्थिक एवं सैन्य ताकत बढ़ानी होगी, तभी आतंकवाद को कुचला जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ उसे अकेले की संघर्षरत रहना होगा। दरअसल, एससीओ सम्मेलन में भारत चाहता था कि अंतिम दस्तावेज में आतंकवाद को लेकर भारतीय चिंताओं को जगह दी जाए। इसीलिये सम्मेलन में रक्षामंत्री ने ऑपेरशन सिंदूर की तार्किकता को बताया और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना दुनिया के सामने स्पष्ट थी और दुनिया के तमाम देशों ने इसकी निंदा भी की। इसी से दो देशों के बीच युद्ध की नौबत आ गई, एससीओ सम्मेलन में उस हमले को तवज्जो न देने की रणनीति दरअसल हकीकत के साथ मखौल एवं दौगलापन है। लेकिन सम्मेलन में रक्षामंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन में कही उन बातों को ही विस्तार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को कभी पुरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह आश्चर्य जताया था कि आतंक के अपराधियों और इसके पीड़ितों को एक तराजू में कैसे तोला जा सकता है? यह कड़ा संदेश प्रधानमंत्री ने अमेरिका को दिया था।

पाक और उसके करीबी सहयोगियों के नापाक इरादों को दुनिया को बताने तथा भारत की बात हर देश तक पहुंचाने के लिए भारत ने बहु-पक्षीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर में भेजे। लेकिन पाक के सदाबहार दोस्त चीन के दबदबे वाले एससीओ सम्मेलन में पाक के आतंकी मनसूंबों को लेकर स्पष्ट नजरिया बनना जरूरी है। एससीओ की घोषणा में अगर यह आरोप लगाया गया है कि बलूचिस्तान की गड़बड़ी में भारत शामिल है, तो फिर भारत को ज्यादा कड़ा रुख अख्तियार करने की जरूरत है। ऐसे झूठे एवं भ्रामक तथ्यों का प्रतिकार जरूरी है। ऐसे झूठ को फैलाकर ही पाक दुनिया से सहानुभूमि जुटाता रहा है।

इसलिये किसी भी ऐसे विश्व स्तरीय सम्मेलन में अपनी बात भी पुरजोर ढंग से तथ्यपरक तरीके से रखनी चाहिए। वहां पारित होने वाले प्रस्तावों के प्रति रक्षामंत्री की भांति ज्यादा संवेदनशील एवं सख्त होने की जरूरत है। भारत अपनी इसी नीति को दोहरा कर शत्रु मानसिकता वाले देशों को सबक दे सकेगा। पाक के प्रति भारत की सख्ती हर मोर्चें पर दिखाई दे। भले ही पाक हकीकत न देखने की गलती दोहराता रहे। अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित तथा प्रयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने ही होंगे। ऐसा करते हुए वह कंगाल होने की कगार पर पहुंच चुका है, वह लगातार गरीबी और कमजोरी का शिकार हो रहा है। आतंकवाद को पोषित करते हुए यह देश अन्य देशों की दया पर आश्रित होता जा रहा है। लेकिन भीख में मिली दया या अनुदान से कब तक खुद को कायम रख पायेगा?

# बेटियों के लिये मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**ललित गर्ग**

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। 'द इकोनॉमिस्ट' द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है, और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है। वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिये लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

इक्कीसवीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिये अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। जन्म से पहले ही पता चल जाए कि लड़की यानी बालिका पैदा होगी तो माता-पिता उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं इसी सोच का परिणाम बनी। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लगता रहा है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? लेकिन अब इस संकीर्ण सोच में बदलाव आना एक सुखद संकेत है।

# बलिदान दिवस - डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**दुर्गादास उइके**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था इसलिए उन्होंने सत्ता का त्याग करके देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वह एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान के विरुद्ध थे, इसलिए डॉक्टर मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत का पहला राष्ट्रवादी आंदोलन खड़ा किया था। भारत के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से डॉक्टर मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी आज यदि हम जम्मू कश्मीर में बिना परमिट के जा सकते हैं और पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है तो इसके पीछे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान है। राष्ट्रीय एकता अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

डॉ साहब ने कहा था - राष्ट्रीय एकता की धरातल पर ही सुनहरे भविष्य के नींव रखी जा सकती है।राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय जन संघ के तत्कालीन अध्यक्ष एवं महान राष्ट्र नायक एवं राष्ट्रवादी राजनीति के पुरोधा पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन वंदन करते हैं आपको हम सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के रूप में देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला जिसने भारत की समस्याओं के मूल कारणों वह स्थाई समाधानों पर जोर दिया और उनके लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मुखर्जी की ही दूरदर्शिता परिणाम है।

डॉ मुखर्जी ने शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के लिए भी बहुत अभिनव कार्य किए। वे शिक्षा की गुणवत्ता और शोध कार्यों के भी बहुत बड़े पक्षधर थे। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने एवं देश के एकता और अखंडता के लिए उनका त्याग समर्पण और बलिदान हम देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मानवता के उपासक,प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद,जनसंघ संस्थापक व हमारे पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था हम उन्नति करेंगे हम एक होंगे हम एक ऐसे देश में रहेंगे जिसका भाग्य केवल हमारे बच्चों के हाथ में होगा जहां एक स्वतंत्र और हिंदुस्तान का झंडा हमेशा शांति,प्रगति और आजादी की प्रतिष्ठा की घोषणा करेगा।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक बार कहा था जो भी कार्य आरंभ करें उसे गंभीरता से पूर्ण करें और तब तक संतुष्ट न हो जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ ना दे दे। जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है यह नारा जो सच हुआ आज कश्मीर शांत और अखंड भारत का हिस्सा है धारा 370 अब कड़वा अतीत बन गई है और 35 से पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। हमारे पथ प्रदर्शक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कहा था वही राष्ट्र वास्तव में महान है जिसके पास सैनिक शक्ति और ताकत है, किंतु वह राष्ट्र स्वार्थ हेतु उनका दुरुपयोग नहीं करता है। मित्रों उस काल में जम्मू कश्मीर की समस्या को पहचानने तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही थे।

1947 के बाद सत्ता में आई कांग्रेस के द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीयता तथा आयातित पश्चिमी विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत,भारतीय तथा भारतीयता के शाश्वत विचारों के अनुरूप राजनीतिक विकास देश को देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही हमारे अग्रदूत, हमारे पथ प्रदर्शक थे। आज की भारतीय जनता पार्टी का परिदृश्य,स्वरूप,आधारशिला, आधार स्तंभ,प्रकाश पुंज डॉ मुखर्जी ही है।

उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की स्थापना की जो बाद में 1980 को भारतीय जनता पार्टी का आधार बना, उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया किंतु कांग्रेस की गलत नीतियों तुष्टीकरण से लेकर भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्य के विरुद्ध कार्य करने वाली राष्ट्रीय विरोधी कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था एवं संसद में




एक मजबूत विपक्ष के रूप में कार्य किया तथा सरकार की गलत नीतियों पर सवाल उठाने तथा संसद में जनता की आवाज बनकर भारत का प्रतिनिधित्व एक सांसद के रूप में किया।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक न्याय के लिए काम किया, बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए काम किया और उनके अधिकारों के रक्षा के लिए आवाज उठाई।

### डॉ मुखर्जी जी का जीवन वृत्त,

6 जुलाई 1901 को कोलकाता के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म हुआ, उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे देश के प्रख्यात शिक्षाविद के रूप में प्रसिद्ध थे, डॉ मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक पास किया तथा 1921 में बीए की उपाधि प्राप्त की, 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित की तथा वे विदेश चले गए और 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बन कर स्वदेश लौटे।

अपने यशस्वी पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित कर ली थी। 33 वर्ष की अल्पायु में ही वह कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। एक विचारक, चिंतक, शिक्षाविद,प्रख्यात वक्ता के रूप में उनकी ख्याति निरंतर देश में बढ़ती चली गई।

### राजनैतिक जीवन,

आदमी भाइयों बहनों डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से राष्ट्रीय अलग जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया डॉ मुख़र्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांत वादी थे उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिंदुओं की मदद से कृषक प्रजापति से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया इस सरकार में वह वित्त मंत्री बने।इसी समय में सावरकर जी के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिंदू महासभा में सम्मिलित हुए।

मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहां सांप्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। सांप्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने संकल्प लिया कि बंगाल के हिंदुओं की उपेक्षा ना हो, जनसंघ की स्थापना, उसे समय डॉक्टर मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब के विभाजन की मांग उठाकर प्रस्तावित पाकिस्तान का विभाजन कराया और आधा बंगाल और आधा पंजाब खंडित भारत के लिए बचा लिया, गांधी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर वह भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए उन्हें उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। संविधान सभा और प्रांतीय संसद के सदस्य और केंद्रीय मंत्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया किंतु उनके राष्ट्रवादी चिंतन के चलते अन्य नेताओं से मध्य बराबर बने रहे, फ्लैट राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपने सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया उन्होंने एक नई पार्टी बनाई जो उसे समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ।

अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन में मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया था।1942 में ब्रिटिश सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के छोटे-बड़े सभी नेताओं को जेलों में डाल दिया था।डॉक्टर मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे की सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक है इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे वे मानते थे की आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक है हमें कोई अंतर नहीं है हम एक ही रक्त के हैं एक ही भाषा एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। किंतु उसे वक्त का जो कांग्रेसी नेतृत्व था उसकी वजह से 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और राष्ट्र का विभाजन हुआ। ब्रिटिश सरकार की भारत विभाजन की गुप्त योजना और षड्यंत्र को कांग्रेस के नेताओं ने अखंड भारत संबंधी अपने वादों को तात्पर रखकर स्वीकार कर लिया था और भारत का विभाजन हुआ। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विभाजन के प्रखर विरोधी थे। वे तुष्टिकरण के प्रखर विरोधी थे, दो निशान दो विधान दो प्रधान के विरोधी थे। वह राष्ट्र प्रथम का नारा देते हुए जम्मू कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है इसके प्रबल समर्थक थे,राष्ट्र की एकता अखंडता और सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे। नेहरू की सरकार से असंतुष्ट होकर उद्योग मंत्री से त्यागपत्र दिया और उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना की।

30 वर्षों के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ अंत्योदय एवं राष्ट्र की एकता अखंडता को सुदृढ़ करने की दिशा में हम सब आगे बढ़े हैं। 2014 से अधिकतम 2025 का विकसित भारत का चित्र आपके सामने है।

# बच्चे जब ट्यूशन पढ़ें तो रखें इन बातों का ख्याल

आजकल बेहतर भविष्य के लिए प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जब आपका बच्चा बड़े क्लास में पहुँचता है तो उसके लिए ट्यूशन या कोचिंग करना आवश्यक हो जाता है ,ऐसे समय अपने बच्चे को ही इस बात से अवगत करा दे की वह अपना ध्यान खुद रखें| अपने बच्चे को ट्यूशन भेजने से पहले उसे मानसिक रूप से तैयार केर दे की उसे क्या पढाई करना है|

आप अपने बच्चे को बेहतर बनाने के लिए उसकी हर मुश्किल आसान करते है। जब आप किसी विषय को समझाने में मुश्किल का सामना करते है तो ट्यूशन का सहारा लेते है लेकिन ट्यूशन पढ़ते समय बच्चा अकेले ही होता है, इसलिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा।

अपने बच्चे को ट्यूशन भेजने से पहले उसे मानसिक रूप से तैयार केर दे की उसे क्या पढाई करना है।

### उसके साथ ले जाने वाली किताब कॉपी सही से रखें।

एक माता-पिता होने के नाते आपकी जिम्मेदारी बनती है कि पता करे कि ट्यूशन टीचर आपके बच्चे को ठीक से पढ़ा रहे है या नहीं।

कभी- कभी ट्यूशन टीचर लापरवाही बरतने लगते है , समय- समय पे यह पता करते रहना चाहिए की कही वे समय तो नहीं बिता रहे है। यदि ऐसा है तो पहले उस टीचर से बात करनी चाहिए, संतुष्टि न मिलने पर टीचर बदल देना चाहिए।

कुछ समय के बाद यह अवश्य पता करे की बच्चे को जो पढ़ाया जा रहा है वह सही है या नहीं क्योकि एक बार गलत जानकारी मिलने पर बच्चे की दिशा ही बदल जाएगी और बच्चा दिग्भर्मित हो जायेगा।

टीचर का बच्चे पर बहूत प्रभाव पड़ता है।जब तक बच्चा छोटा है तब तक माँ ही उसकी टीचर है, उससे अच्छा कोई उसे पढ़ा नहीं सकता है।यदि समय की कमी हो तभी अपने बच्चे को ट्यूशन पढ़ने भेजे अन्यथा नहीं।

वहीं जब आपका बच्चा बड़े क्लास में पहुँचता है तो उसके लिए ट्यूशन या कोचिंग करना आवश्यक हो जाता है ,ऐसे समय अपने बच्चे को ही इस बात से अवगत करा दे की वह अपना ध्यान खुद रखें। उसे बतायें कि लापरवाही से उसका भविष्य ही ख़राब होगा।

# फलों और हरी सब्जियों की कमी से मधुमेह का शिकार हो रहे बच्चे



बच्चों में मधुमेह के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जानकारों के अनुसार फलों और हरी सब्जियों की कमी से मधुमेह (डायबिटीज) का रोग बढ़ा है। 10 या 11 साल की की उम्र में ज्यादातर बच्चें अधिक वजन वाले या मोटापे का शिकार हो रहे है जिससे उनमें डायबिटीज जैसी बीमारी के लक्षण देखने को मिल रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि हर दिन दो तिहाई से अधिक लोग फलों और हरी सब्जियों का खाने में कम इस्तेमाल करते है, जिससे उनमें डायबिटीज टाइप 2 जैसी गंभीर बिमारी होने के खतरा हो सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि व्यस्क हर दिन फलों और सब्जियों के तीन या उससे कम हिस्से का सेवन करते हैं जिससे करीब 12 मिलियन लोग, डायबिटीज टाइप 2 के शिकार हो सकते हैं।

एक सर्वे में पाया गया कि 66 प्रतिशत व्यस्क हर दिन केवल तीन या उससे कम मात्रा में फल और सब्जियां खाते हैं।

जिनमें से 90 प्रतिशत लोगों को टाइप 2 डायबिटीज हैं। चैरिटी का कहना है कि अगर लोग अपने रहन सहन में बदलाव लाए तो डायबिटीज के पांच मामलों में से तीन से बचा जा सकता है।

हर कोई जानता है कि उन्हें पांच दिन फल और सब्जियां खाना चाहिए लेकिन फिर भी यह सर्वेक्षण बताता है कि यह संदेश लोगों तक ठीक तरह से नहीं पहुंच रहा है।

यह जानना खतरनाक है कि अधिकांश लोग अभी भी पर्याप्त फलों और सब्जियों के सेवन से काफी दूर हैं। इतना ही नहीं, कई लोगों को इस बारे में भी नहीं पता हैं कि उन्हें कितनी मात्रा में फल और सब्जियां खाना चाहिए। डायबिटीज वाले लोगों के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ हेल्दी खाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिससे उनको इस गंभीर बीमारी को रोकने में आसानी होगी।

लोगों को बंद डिब्बों में मिलने वाले खाद्य पदार्थों में कितनी मात्रा में चीनी पाई जाती है इसकी जानकारी नहीं है। दो तिहाई लोगों को यह नहीं पता कि एक टिन बेक्ड बीन्स में चीनी के पांच चम्मच तक शामिल हो सकते हैं।

लगभग दस में से छह लोगों ने कहा कि वे ज्यादा सब्जियां खाना चाहते है, लेकिन 23 प्रतिशत का कहना है कि वे काफी महंगी होती हैजबकि 10 लोगों में से लगभग एक का कहना हैं कि इसे बनाने में बहुत समय लगता है।

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु अस्त, पश्चिमी शुक्रोदय, पूर्वे तिथी, चौथ, रविवासरे, अश्लेषा नक्षत्रे, वल योगे, विव करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 15/22 वृक्षारोपण, व्यापार मुर्हूत, रिक्ता दोष तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधितक्ता, शासक-प्रशासक, उद्योगपति, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, साधु-महात्मा, मठ-मंदिर बनाने वाला, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, प्रबंधक, बैंक कर्मचारी होगा।

मेष :- संसारिक धन की प्राप्ति, स्त्री सुख तथा कल्याणकारी कार्य बनेंगे, समाचार प्राप्त होगा।

वृष :- अचानक संतान को श्रेष्ठ लाभ होगा, रोगों की वृद्धि से समय का लाभ लवें।

मिथुन :- व्यर्थ की दौड़धूप होगा, संतान कष्ट होगा तथा शत्रु पराजित होंगे।

कर्क :- वाहन से मानकिस कष्ट, व्यय, तनाव से मानसिक पीड़ा अवश्य ही होगा।

सिंह :- जमीन-जायजाद तथा संतान से सुख की प्राप्ति होगी, योजना गुप्त रखें।

कन्या :- यश, सुख की प्राप्ति होगी, संतान के कार्यों में यश प्राप्त होगा, रुके कार्य अवश्य ही बनेंगे।

तुला :- मित्र व सहयोगियों से लाभ होगा, रोजगार का प्रस्ताव प्राप्त होगा, अर्थ व्यवस्था बिगड़ेगी।

वृश्चिक :- अभिष्ट सिद्धी की प्राप्ति होगी, अधिकार प्राप्त होगा किन्तु खर्च से मन बेचैन रहेगा।

धनु :- नये निर्माण की योजना पर धन व्यय होगा किन्तु लाभ अवश्य ही प्राप्त होगा।

मकर :- व्यापार से आय का लाभ बराबर बना रहेगा तथा नवीन कार्य योजना की प्राप्ति होगी।

कुम्भ :- अचानक कार्य लाभ होगा परंतु नई समस्या तत्काल ही खड़ी हो जायेगी।

मीन :- नये कार्यों में में खर्च बढ़े, यात्रा, व्यापार से लाभ अवश्य ही होगा, ध्यान दें।

# बच्चों को टाइफाइड से बचायें



बरसात के मौसम में मच्छर आदि की संख्या बढ़ जाती है, और रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन्ही में एक संक्रामक रोग टाइफाइड है, यह बुखार ऐसा है जो एक निश्चित समय के लिए होता है। यह किसी संक्रमित व्यक्ति के मल के माध्यम से दूषित वायु और जल से होता है।

टाइफाइड एक संक्रामक बीमारी है जो की लिवर से सम्बंधित है। हर साल तक़रीबन 2 लाख से ज्यादा लोग टाइफाइड की बीमारी के कारण जान गवाते है टाइफाइड की बीमारी मैं लिवर ठीक तरह से काम नही करता जिसकी वजह से बुखार के साथ ही पुरे शरीर में दर्द होने लगता है। अगर सही समय पर ध्यान ने दिया जाये तो टाइफाइड जानलेवा भी हो सकता है। समय के अंदर इसका इलाज ने किया जाये तो बच्चे की जान तक जा सकती है।

बच्चों में टाइफाइड के लक्षण

टाइफाइड के लक्षणों को जानना बहुत जरुरी है क्यूंकि समय रहते टाइफाइड के लक्षणों को पहचान लिए जाये तो समय से टाइफाइड से पीड़ित बच्चे का सही इलाज किया जा सकता है।

टाइफाइड से पीड़ित बच्चे में प्रतिदिन बुखार होता है, जो हर दिन कम होने की बजाय बढ़ता रहता है।

अत्यधिक कमज़ोरी और थकान महसूस होना।

सिर में दर्द होना।

पेट में दर्द और भूख न लगना।

छाती पर गुलाबी निशान होना।

दस्त आना।

लिवर का बढ़ जाना।

पेट में अल्सर की संभावना।

कभी - कभी रोगी बच्चे को चपटे चकत्ते भी पड़ जाते हैं।

सूखी खाँसी आना।

जीभ पर मोटी परत जम जाना। इन लक्षणों के नजर आने के बाद देर नहीं करनी चाहिए। चिकित्सक को दिखाएं और इलाज करवाना आवश्यक हो जाता है, ताकि बच्चा शीघ्र स्वस्थ हो सके।

# मेरा फोकस सिर्फ अपने काम पर है : सोनाक्षी सिन्हा



जहीर इकबाल के साथ शादी को लेकर एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने पहली बार अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है और साफ किया है कि वह इन बातों को ज़्यादा तवज्जो नहीं देतीं। एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने कहा, "सच बताऊं तो मैं इस पर ज़्यादा ध्यान नहीं देती। मैं इस बारे में ज़्यादा नहीं सोचती हूं। मेरा फोकस सिर्फ अपने काम पर है।" सोनाक्षी ने यह भी स्पष्ट किया कि काम को लेकर उनका अपने परिवार के साथ कोई मनमुटाव नहीं है और उन्होंने हाल ही में अपने भाई कुश सिन्हा के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। कुश सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय में काम करने को लेकर सोनाक्षी ने बताया, "मैंने पहले भी कई नए डायरेक्टर्स के साथ काम किया है और हमेशा कोशिश की है कि उन्हें सपोर्ट करूं। नए डायरेक्टर्स फ्रेश एनर्जी लेकर आते हैं और कुश को अच्छी तरह पता था कि उन्हें फिल्म में क्या हासिल करना है। इससे हम सभी का काम आसान हो गया।" उन्होंने यह भी कहा कि शूटिंग के दौरान उनके और कुश के बीच कोई कोल्ड वॉर नहीं थी। "मुझे लगा था कि शायद हमारे बीच कुछ छोटी-मोटी बहस होगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सेट पर माहौल बहुत प्रोफेशनल था और जब आप वर्क मोड में होते हैं तो इन छोटी बातों पर ध्यान नहीं जाता," सोनाक्षी ने स्पष्ट किया।

बता दें कि सोनाक्षी की अपकमिंग फिल्म निकिता रॉय को उनके भाई कुश सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में सोनाक्षी के साथ परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नय्यर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म एक थ्रिलर ड्रामा मानी जा रही है और इसके जरिए सोनाक्षी एक बार फिर एक गंभीर किरदार में दिखाई देंगी। बता दें कि सोनाक्षी-जहीर की शादी को एक साल पूरा हो गया है, लेकिन इस खास मौके पर एक बार फिर उनके परिवार को लेकर उठे सवालों ने सुर्खियां बटोरी हैं। शादी के वक्त ऐसी खबरें आई थीं कि सोनाक्षी के दोनों भाई लव और कुश इस शादी से खुश नहीं थे और उन्होंने शादी में शिरकत नहीं की थी।

# बच्चों की इन गलत आदतों को नजर अंदाज न करें



बचपन इंसान की जिंदगी की नींव होती है। एक बच्चा अपने बचपन में किस तरह का व्यवहार सीखता है उसका प्रभाव उसकी पूरी जिंदगी पर पड़ता है। । कई बार अभिभावक बच्चों की कुछ छोटी-छोटी गलत आदतों को ये सोचकर नजरअंदाज कर देते हैं कि बड़ा होने पर वो सुधर जाएगा पर यही लापरवाही आगे चलकर बच्चे के व्यवहार पर को खराब कर देती है। इसलिए इन आदतों की अनदेखी न करें।

### बड़ों से बदतमीजी करना

कई बच्चे अपने से बड़ों से बात करते समय शिष्टाचार का ध्यान नहीं रखते। वे चिल्लाकर बोलते हैं या उल्टा जवाब देते हैं। बच्चे की ये आदत बहुत ही खराब होती है। जब कोई बच्चा अपने माता-पिता, दादी-दादा या किसी और बड़े से बदतमीजी करता है, तो लोग अभिभावकों की परवरिश पर सवाल उठाने लगते हैं। सबको लगता है कि घर में ही बच्चे को ऐसे संस्कार सिखाए जा रहे हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि बच्चे को बड़े और छोटे दोनों का लिहाज करना सिखाया जाए। नकल करना या मजाक उड़ाना बच्चे अक्सर किसी की चाल, बोलने के ढंग की नकल करते हैं। जब तक यह नकल पॉजिटिव तरीके से की जाती है, तो ठीक रहती है। लेकिन बच्चे अगर किसी का मजाक उड़ाने लगें, किसी की कमजोरियों की नकल करने लगें, तो ये बदतमीजी होती है। बच्चों की इस हरकत की वजह से अभीभावकों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।

इसलिए बच्चे अगर इस तरह की हरकत करें तो उन्हें प्यार से समझाएं कि किसी का मजाक उड़ाना गलत है और हर किसी का सम्मान करना चाहिए।

### झूठ बोलने की आदत

अगर बच्चा बार-बार झूठ बोलने लगे, तो ये बहुत ही खराब आदत है। यूं तो शुरू में ये आदत खेल-खेल में या किसी डांट से बचने के लिए होती है, लेकिन अगर बच्चे को समय रहते समझाया ना जाए तो बच्चा धीरे-धीरे इसे सही समझने लगता है। ऐसा बच्चा स्कूल, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच भरोसेमंद नहीं रहता। बच्चा जब झूठ बोलने लगता है तो इसका असर परिवार की इमेज पर भी पड़ता है। इसलिए बच्चे को सच बोलना सिखाना बहुत जरूरी है, चाहे इसके लिए थोड़ी सख्ती ही क्यों ना करनी पड़े।

# बच्चों के टिफिन में न दे ये चीजें



अगर आप भी अपने बच्चों को लंच में रोज आलू का पराठा या सैंडविच-पास्ता देकर उसके पोषण का ध्यान रख रही हैं तो आप गलत हैं। बच्चों के विकास के लिए स्कूल लंच में इन चीजों को न दें। इससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है।

### आलू पराठा

सुबह नाश्ते में अधिकतर परिवारों में आलू का पराठा बनाकर खाया जाता है। आलू का पराठा पेट तो भर देता है लेकिन कार्बोहाइड्रेट और वसा से भरपूर होता है। जिससे बच्चों में फाइबर और प्रोटीन की कमी पैदा हो सकती है। इसके अलावा यह पचाने में भी भारी होता है, जिससे बच्चे सुस्ती महसूस कर सकते हैं।

### सैंडविच

सैंडविच बनाने के लिए जरूरी चीजों में सफेद ब्रेड, मक्खन, आलू और चीज की जरूरत पड़ती है। जो पोषण की कमी पैदा कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद ब्रेड, जिसे मैदा से बनाया जाता है, में फाइबर की कमी होती है। जो बच्चों के बार-बार भूख लगने और मोटापे का कारण बन सकता है।

### मीठे स्नैक्स

चॉकलेट, कैंडी, कुकीज, केक, मिठाइयां जैसी चीजें स्कूल लंच में पैक करके ना दें। इस तरह की चीजों में चीनी की मात्रा अधिक होने से दांतों की सड़न और एनर्जी लेवल लो हो सकता है। जिससे बच्चे को जल्दी थकान महसूस हो सकती है।

### मसालेदार खाना

बच्चे के लंच में स्पाइसी फूड जैसे मसालेदार चटनी, तीखी सब्जियां, मिर्ची वाले स्नैक्स भी पैक ना करें। जरूरत से ज्यादा मसाले बच्चों के पेट को नुकसान पहुंचाकर उनके लिए स्कूल में असुविधा पैदा कर सकते हैं।

### मैगी

मैगी या इंस्टेंट नूडल्स के लिए प्यार, बच्चों से लेकर बड़ों में भी देखा जा सकता है। लेकिन सुबह की पहली मील में मैगी का सेवन, सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मौजूद प्रिजर्वेटिव, सोडियम और मैदा बच्चों के पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है।

## पश्चिमोत्तर राज्यों में डायरेक्ट सेलिंग कारोबार 2172 करोड़ के पार

चंडीगढ़ (ईएमएस)। देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के राज्यों जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ ने डायरेक्ट सेलिंग में 15.71 प्रतिशत से अधिक की विकास दर दर्ज कर वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 2172 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। देश में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की प्रमुख संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने हाल ही में यहां आयोजित नॉर्दर्न डायरेक्ट सेलिंग समिट में पेश किये गए एक सर्वेक्षण के माध्यम से यह जानकारी दी। आईडीएसए की नॉलेज भागीदार इपसोस द्वारा संकलित इस सर्वेक्षण में देश में डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र के विकास और इसके निरंतर हो रहे विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया है। इस अवसर पर हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री राजेश नागर और राज्य के इसी विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश उपस्थित थे।

## सीएनजी और पीएनजी की घट सकती है कीमतें

### 2-3 दिन में लिया जा सकता है फैसला

नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर के सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को अगले दो-तीन दिन में राहत भरा समाचार मिल सकता है। बताया गया है कि अब गैस की कीमतें आपकी लोकेशन या गैस सोर्स से दूरी पर निर्भर नहीं करेंगी। पेट्रोलियम और नैचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएजीआरबी) ने नए यूनिफाइड टैरिफ फ्रेमवर्क को मंजूरी दे दी है, जिससे अब देश के अधिकतर हिस्सों में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें घट सकती हैं। यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम यानी अब तक देश को तीन टैरिफ जोन में बांटकर उपभोक्ताओं से अलग-अलग दरों पर शुल्क लिया जाता था। जो उपभोक्ता गैस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क से ज्यादा दूर रहते थे, उन्हें ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते थे। लेकिन अब इस ढांचे को तीन से घटाकर दो जोन में बदलने की तैयारी है, जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वालों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था में एक ही जोन के सभी उपभोक्ताओं को एक समान टैरिफ देना होगा, चाहे वो गैस स्टेशन के पास हों या दूर। इससे सीएनजी व पीएनजी की दरों में एकरूपता आएगी और ट्रांसपोर्ट दूरी पर आधारित महंगे शुल्क से मुक्ति मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले 2-3 दिनों में इस प्रस्ताव को लेकर आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

## देश का विदेशी ऋण बढ़कर 736.3 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि भारत का विदेशी ऋण मार्च 2025 के अंत तक 10 प्रतिशत बढ़कर 736.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 668.8 अरब डॉलर था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बाह्य ऋण एक साल पहले के 18.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 के अंत तक 19.1 प्रतिशत हो गया। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन वित्त वर्ष में मुद्रा बाजारों में कुछ उतार-चढ़ाव देखा गया और रुपए तथा अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मूल्य में वृद्धि के कारण मूल्यांकन प्रभाव 5.3 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यदि मूल्यांकन प्रभाव को छोड़ दिया जाए, तो बाह्य ऋण में 67.5 अरब डॉलर के बजाय 72.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होती। आरबीआई ने कहा कि कुल ऋण में गैर-वित्तीय निगमों ने 261.7 अरब डॉलर, सरकार ने 168.4 अरब डॉलर और केंद्रीय बैंक को छोड़कर जमा स्वीकार करने वाले निगमों ने 202.1 अरब डॉलर का ऋण लिया। मार्च 2025 के अंत में, दीर्घकालिक ऋण 601.9 अरब डॉलर था और इसमें सालाना आधार पर 60.6 अरब डॉलर की वृद्धि हुई।

## सात दिन में 2,900 रुपए तक गिरा सोना चांदी भी 1582 हुई सस्ती

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमती में कमजोरी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। 21 जून शनिवार को सोने की कीमत 98,691 प्रति 10 ग्राम थी, जो 28 जून को घटकर 95,784 प्रति 10 ग्राम पर आ गई यानी इस एक सप्ताह में सोने की कीमत में 2,907 की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। 21 जून को यह 1,06,775 प्रति किलोग्राम थी, जो अब घटकर 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह चांदी 1,582 रुपए प्रति किलो सस्ती हुई है। वहीं दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450, मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300, कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 और चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रुपए है।

## इस साल अदाणी समूह की ब्रांड वेल्यू 82 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी समूह इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाला भारतीय ब्रांड बन गया है। इसकी ब्रांड वैल्यू 82 प्रतिशत बढ़ गई है। लंदन स्थित ब्रांड फाइनेंस की सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड 2025 रिपोर्ट में कहा गया है कि समूह की वृद्धि का श्रेय एग्रेसिव और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर फोकस, ग्रीन एनर्जी महत्वाकांक्षाओं में उछाल और प्रमुख हितधारकों में बढ़ी हुई ब्रांड इक्विटी को जाता है। अदाणी ब्रांड का मूल्य 2024 के 3.55 बिलियन डॉलर से बढ़कर 6.46 बिलियन डॉलर हो गया है, जो 2.91 बिलियन डॉलर की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि समूह की रणनीतिक स्पष्टता, मजबूती और सस्टेनेबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अदाणी ब्रांड के मूल्य में वृद्धि 2023 में रिपोर्ट किए गए पूरे ब्रांड वैल्यूएशन से अधिक है, जिससे अदाणी समूह को पिछले वर्ष के 16वें स्थान से 13वें स्थान पर आने में मदद मिली है। कंपनी ने रिकॉर्ड तोड़ राजस्व, शानदार वृद्धि और ऐतिहासिक लाभ अर्जित किया है। इस सप्ताह अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की 33वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में, हमारे आंकड़े मजबूत थे। हमारे सभी क्षेत्रों में हमने केवल विस्तार से कहीं अधिक किया।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी बढ़ोतरी रही

### सेंसेक्स 303 अंक उछलकर 84,058.90 अंक पर बंद

### निफ्टी 8.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। बीते कारोबारी सप्ताह के दौरान शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर और भारत और अमेरिका के बीच जल्द ट्रेड होने की संभावना से बाजार में निवेशकों के सेंटीमेंट को मजबूती प्रदान की। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों में कारोबार इस प्रकार रहा- अमेरिका की ओर से ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी के बाद मध्य पूर्व में बढ़े तनाव के बीच सोमवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 931.41 अंक गिरकर 81,476.76 पर खुला और दिन के कारोबार में 900 अंक से अधिक की गिरावट के बाद कुछ हद तक उबरकर 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर खुला और 287.55 अंक गिरकर 24,824.85 पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इजरायल-ईरान युद्ध विराम की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,534.61 पर खुला और 158.32 अंक उछलकर 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी-50 भी मजबूत शुरुआत के साथ 25,179.90 पर खुला और 72.45 अंक बढ़कर 25,044.35 अंक




पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 426.79 अंक बढ़कर 82,481.90 पर खुला और 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 123.25 अंक चढ़कर 25,167.60 पर खुला और 200.40 अंक बढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार की गुरुवार को सपाट शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 163.27 अंक चढ़कर 82,918.78 पर खुला और 30 1,000.36 अंक चढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 64.35 अंक चढ़कर 25,309.10 पर खुला और 304.25 अंक बढ़कर 25,549.0 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 229.22 अंक चढ़कर 83,985.09 पर खुला और सेंसेक्स 303.03 अंक उछलकर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 73.5 अंक चढ़कर 25,622.50 पर खुला और 8.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर बंद हुआ।

# कनाडा के डिजिटल सर्विसेज टैक्स से नाराज हुए ट्रंप, व्यापार वार्ता रोकी

### अमेरिका की टेक कंपनियों पर लगेगा डीएसटी

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापार वार्ता स्थगित करने की घोषणा की। ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने यह फैसला कनाडा द्वारा अमेरिकी टेक कंपनियों पर डिजिटल सर्विसेज टैक्स (डीएसटी) लगाने के चलते लिया है।

ट्रम्प ने लिखा, "कनाडा ने अमेरिका की टेक कंपनियों पर गलत तरीके से टैक्स लगाया है। हम ऐसा नहीं होने देने वाले है। अगले 7 दिनों में हम कनाडा पर नया टैरिफ लगाएंगे। कनाडा का नया कानून बना विवाद की जड़ कनाडा की संसद ने 20 जून 2024 को डिजिटल सर्विसेज टैक्स एक्ट पारित किया था, जो 30 जून से लागू होने वाला है। यह कानून 2022 से पिछली कमाई पर भी टैक्स वसूलेगा, यानी रेट्रोस्पेक्टिव प्रभाव से लागू किया जा रहा है।

यह टैक्स ऑनलाइन सेवाएं देने वाली बड़ी कंपनियों पर लगेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन मार्केटप्लेस, डिजिटल विज्ञापन और यूजर डेटा की बिक्री से होने वाली आय पर



3 प्रतिशत टैक्स देना होगा। यह उन कंपनियों पर लागू होगा जिनकी वार्षिक आय 800 बिलियन डॉलर से अधिक है। दरअसल इस टैक्स से अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनियां जैसे मेटा, गूगल, एपल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट बुरी तरह प्रभावित होंगी। कारोबारी विशेषज्ञों के मुताबिकः इन कंपनियों को हर साल करीब दो अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। अमेरिका में करीब 3,000 नौकरियों पर असर पड़ सकता है। लेकिन ट्रम्प का यह कड़ा रुख अमेरिका-कनाडा व्यापार संबंधों को नए तनाव की ओर ले जा सकता है। 2020 के बाद से यह पहली बार है जब अमेरिका ने टैरिफ के जरिए जवाब देने की चेतावनी दी है। ट्रम्प की घोषणा को अमेरिकी चुनावी राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प लगातार "अमेरिका फर्स्ट" नीति पर जोर देते रहे हैं और यह कदम उसी नीति का विस्तार माना जा रहा है।

## मझगांव डॉक कोलंबों डॉकयार्ड पीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी खरीदेगी

### पिछले पांच साल से कम में कंपनी के शेयरों में 3672 फीसदी की तेजी देखी गई

नई दिल्ली (ईएमएस)। मिनीरत्न कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी, श्रीलंका की सबसे बड़ी शिपबिल्डिंग और रिपेयर फैसिलिटी




है। यह कंपनी कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड है। यह मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स का पहला वैश्विक अधिग्रहण होगा। पिछले पांच साल से कम में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में 3672 फीसदी की तेजी देखी गई है। यह सौदा लगभग 52.96 मिलियन डॉलर (करीब 452 करोड़ रुपये) मे तय हुआ है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, कोलंबो डॉकयार्ड में यह हिस्सेदारी जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड कंपनी से खरीद रही है। मझगांव डॉक ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा है कि कंपनी ओनोमिची डॉकयार्ड से प्राइमरी सब्सक्रिप्शन और सेकेंडरी एक्विजिशन के कॉम्बिनेशन के जरिए शेयर खरीदेगी। 51 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने के बाद कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स की सहायक इकाई बन जाएगी। अगर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स की बात करें तो मार्च 2025 तिमाही में कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 84.83 फीसदी थी, जो कि 75 फीसदी के मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग रिक्वायरमेंट से ऊपर है।

# मीशो को आईपीओ लॉन्च करने की शेयरधारकों से मिली मंजूरी

### कंपनी का लक्ष्य 4250 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाना

बेंगलुरु,(ईएमएस)। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो को अपना शुरुआती आईपीओ लॉन्च करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। अब कंपनी बाजार नियामक सेबी के गोपनीय रूट के तहत अपना ड्राफ्ट आईपीओ प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। बता दें कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिए 4250 करोड़ रुपये यानी करीब 500 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मीशो की बोर्ड बैठक में आईपीओ प्रस्ताव के अलावा कंपनी के फाउंडर विदित आत्रे को चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ नियुक्त करने की योजना को भी मंजूरी दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित आईपीओ में 4,250 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल होगी।

बता दें निवेशक एलिवेशन कैपिटल, पीक एक्सवी पार्टनर्स और प्रोसस मीशो के सबसे बड़े संस्थागत शेयरधारकों में से हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 13 से 15 फीसदी हिस्सेदारी है। जापानी निवेशक सॉफ्टबैंक के पास कम कीमत पर मूल्य खुदरा बिक्री पर केंद्रित ई-रिटेलर में करीब 10 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी के अन्य निवेशकों में वेस्टब्रिज कैपिटल, फिडेलिटी जैसे निवेशक शामिल हैं।




मीशो की आखिरी फंडिंग राउंड 550 मिलियन डॉलर का था। इसके जरिए मूल्यांकन लगभग 3.9 बिलियन डॉलर का था। इस राउंड में पीक एम्सवी पार्टनर्स और वेस्टब्रिज कैपिटल जैसे मौजूदा बैकर्स के अलावा टाइगर ग्लोबल, थिंक इन्वेस्टमेंट्स और मार्स ग्रोथ कैपिटल जैसे नए निवेशकों ने हिस्सा लिया। वहीं, मीशो ने 1.1 मिलियन ऑप्शन जोड़कर अपने 2024 कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन प्लान (ईसॉप) का विस्तार किया है।

मीशो की प्रतिद्वंद्वी कंपनी, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट है। इस कंपनी का आईपीओ भी लॉन्च होने वाला है। कंपनी अगले साल आईपीओ से पहले सिंगापुर से भारत में अपना निवास स्थान बदलने की प्रक्रिया में है।

## सुकन्या सहित छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में होगा बदलाव

### नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक भविष्य निधि योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा 30 जून सोमवार को होने वाली है। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी। इस साल अब तक सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित डाकघर योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि पहली जुलाई 2025 से इसमें बदलाव हो सकता है। इस संभावना की वजह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में कटौती बताई जा रही है। आरबीआई ने सबसे पहले फरवरी में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। फिर अप्रैल में 25 आधार अंक की कटौती की गई और जून में 50 आधार अंक की कटौती हुई। अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट में कटौती के जवाब में बैंकों ने सावधि जमा पर ब्याज दर में कमी कर दी है। कुछ बैंकों ने अपनी विशेष एफडी भी बंद कर दी हैं, जो एक निश्चित अवधि के लिए सामान्य बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर प्रदान करती थीं। वर्तमान में पीपीएफ योजना में निवेशकों को 7.10 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। अनुमान जताया जा रहा है कि कई दशकों में पहली बार पीपीएफ की ब्याज दर सात फीसदी से भी नीचे जा सकती है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही की शुरुआत से 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत रिटर्न 6.30% रहा है। छोटी बचत योजनाओं के लिए गोपीनाथ कमेटी के फार्मूले में पीपीएफ की ब्याज दर पिछली तिमाही में औसत 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न से 25 आधार अंक अधिक रखा गया है। अगर इस फॉर्मूले को अपनाया गया तो जुलाई-सितंबर तिमाही में पीपीएफ की ब्याज दर 6.55 फीसदी हो सकती है। इसका मतलब कि पीपीएफ की ब्याज दर पांच दशक में पहली बार सात फीसदी के नीचे जा सकती है।

# दिल्ली में 1 जुलाई से 15 साल पुराने पेट्रोल एवं 10 साल पुराने डीजल वाहन पर प्रतिबंध






### चारपहिया वाहनों पर 10,000 और दोपहिया पर 5,000 का जुर्माना वसूला जाएगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहन पेट्रोल पंपों या सड़क पर दिखे तो उन पर सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे वाहनों को उन्हें जब्त कर लिया जाएगा और वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक चारपहिया वाहनों पर 10,000 और दोपहिया वाहनों पर 5,000 का जुर्माना वसूला जाएगा। यह कार्रवाई उन सभी वाहनों पर लागू होगी, भले ही वे देश के किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने इससे पहले स्पष्ट निर्देश दिए थे कि 1 जुलाई से दिल्ली में इन पुराने वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। यह कदम प्रदूषण पर नियंत्रण के प्रयासों के तहत उठाया जा रहा है। अब दिल्ली में वैधता खत्म हो चुके वाहन पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं भरवा सकेंगे। राजधानी के करीब 500 फ्यूल स्टेशनों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो इन वाहनों की पहचान करेंगे। जब कोई वाहन पेट्रोल पंप में प्रवेश करेगा, तो यह खास कैमरा उसकी नंबर प्लेट को स्कैन करेगा। इसके बाद यह नंबर तुरंत केंद्रीय 'वाहन' डेटाबेस से मिलाया जाएगा। इस प्रक्रिया से वाहन की उम्र, ईंधन प्रकार और रजिस्ट्रेशन जैसी जानकारी सामने आ जाएगी। यदि पता चलता है कि वाहन ईओएल श्रेणी में है, तो सिस्टम उसे तुरंत फ्लैग कर देगा।

## ईवी इंफ्रा ने एनपीसीएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

### ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का करेगी विस्तार




नई दिल्ली (ईएमएस)। इंचार्ज ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली सर्वोटेक ईवी इंफ्रा ने ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीएलएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एनपीसीएल में पीएमएस और सस्टेनेबिलिटी के एक प्रमख अधिकारी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एनपीसीएल आरपी-संजीव गोयनका समूह और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है। समझौते के तहत दोनों संगठन आवासीय परिसरों, कार्यालय भवनों, कॉमर्शियल सेक्टर और अस्पतालों सहित स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशनों की पहचान, विकास के लिए ज्वाइंट वेंचर से काम करेंगे। एनपीसीएल संभावित स्थलों का सुझाव देकर और बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के साथ समन्वय स्थापित करके इस प्रयास का समर्थन करेगा। पहले चरण में ग्रेटर नोएडा की दो रिहायशी सोसायटियों में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जा चुके हैं। स्टेलर जीवन में इंचार्ज ने 7.4 किलोवाट और 10 किलोवाट के एसी चार्जर लगाए हैं। ऐस डिविनो में, साइट में 40 किलोवाट का डीसी चार्जर और 10 किलोवाट का एसी चार्जर है, जिसमें एक साथ तीन दोपहिया वाहनों को चार्ज करने की क्षमता है। इंचार्ज के सीईओ ने कहा एनपीसीएल के साथ यह साझेदारी पूरे देश में एक स्मार्ट और स्केलेबल ईवी चार्जिंग नेटवर्क बनाने की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर है। यह भारत को सौर ऊर्जा से जोड़ने और इसके शहरों को स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के सर्वोटेक के बड़े मिशन से मिलता जुलता है।

# टैरिफ पर बोले ट्रंप हम वही करेंगे जो हमारा मन कहेगा, आपको क्या लेना देना

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी दुनिया को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हम वही करेंगे जो हमारा मन कहेगा। इससे दुनिया को कोई लेना-देना होना चाहिए। आयात पर फिर से लगाए जाने वाले व्यापक टैरिफ की समयसीमा को आगे-पीछे किया जा सकता है। फिलहाल यह समय सीमा 9 जुलाई तक निर्धारित है। यानी जिन देशों पर अमेरिका ने टैरिफ लगाया है उनको 9 जुलाई तक राहत जारी रहेगी लेकिन उसके बाद या तो टैरिफ को फिर से लागू किया जा सकता या तारीख आगे बढ़ाई जा सकती है।ट्रंप का कहना है कि जो उनका मन होगा वही करेंगे। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि यह तारीख अंतिम नहीं है और यह इस बात पर निर्भर करेगा कि व्यापार वार्ताएं कितनी तेजी से आगे बढ़ती हैं। गौरतलब है कि अप्रैल में राष्ट्रपति ट्रंप ने लगभग सभी विदेशी आयातों पर जवाबी टैरिफ प्रणाली की घोषणा की थी। हालांकि, 10 प्रतिशत से अधिक टैरिफ पर 90 दिनों की छूट दी गई थी, जो 8 जुलाई को समाप्त हो रही है। मई के अंत में ट्रंप ने अपने रुख को और सख्त करते हुए यूरोपीय संघ से आने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ की धमकी दी थी, जो पहले से ही टैरिफ के पहले दौर का सामना कर रहे हैं।

### मैं तो 25 प्रतिशत टैरिफ के लिए बधाई दूंगा

ट्रंप ने कहा, हमारे पास पूरा लचीलापन है। हम समयसीमा को छोटा कर सकते हैं या बढ़ा सकते हैं। व्यक्तिगत तौर पर मैं तेजी से आगे बढ़ना पसंद करूंगा। मुझे तो सबसे कह देने में मजा आएगाः बधाई हो, अब आप 25 प्रतिशत टैरिफ चुका रहे हैं। इस बीच अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि व्यापार समझौते लेबर डे (सितंबर की पहली सोमवार) तक भी पूरे हो सकते हैं, अगर सकारात्मक प्रगति जारी रही। बेसेंट ने कहा, हमारे पास 18 प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं। अगर हम इनमें से 10 या 12 के साथ समझौते कर लें, और हम पहले से ही 20 और अर्थव्यवस्थाओं के साथ संपर्क में हैं, तो हम लेबर डे तक व्यापार वार्ताएं पूरी कर सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने गुरुवार को यूरोपीय संघ को एक नया व्यापार प्रस्ताव भेजा है, जबकि भारत ने भी व्यापार वार्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल वॉशिंगटन भेजा है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने भी पत्रकारों से कहा कि 8-9 जुलाई की टैरिफ समयसीमा निर्णायक नहीं है और राष्ट्रपति के पास तारीखों में बदलाव का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा, "अगर देश बातचीत की मेज पर नहीं आते, तो राष्ट्रपति के पास विकल्प है कि वे सीधे एक प्रस्ताव पेश कर दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ये प्रस्ताव अमेरिका के हित और श्रमिकों को ध्यान में रखते हुए जवाबी टैरिफ के रूप में भी हो सकते हैं।

### कनाडा से व्यापार वार्ता निलंबित कर रहे हैंः ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि वह प्रौद्योगिकी कंपनियों पर टैक्स जारी रखने की कनाडा की योजना के कारण उसके साथ व्यापार वार्ता को तत्काल निलंबित कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कनाडा का यह कदम हमारे देश पर प्रत्यक्ष और स्पष्ट हमला है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया नेटवर्क पर एक पोस्ट में कहा कि कनाडा ने अमेरिका को सूचित किया है कि वह सोमवार से लागू होने वाले कर लगाने की अपनी योजना पर कायम है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, इस भयावह कर के आधार पर, हम कनाडा के साथ व्यापार पर सभी चर्चाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर रहे हैं।

हम कनाडा को अगले सात दिनों के भीतर बता देंगे कि वे अमेरिका के साथ व्यापार करने के लिए कितना शुल्क चुकाएंगे। कनाडा के डिजिटल सेवा कर के तहत कनाडा में ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़ने वाले कनाडाई और विदेशी कंपनियों को कर का भुगतान करना आवश्यक है।

# ईरान को 30 बिलियन डॉलर की मदद भड़के ट्रंप ने कहा, कौन मीडिया का बदमाश ऐसा लिख रहा




वॉशिंगटन, (ईएमएस)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज किया है, जिसमें दावा किया गया था कि ट्रंप प्रशासन ईरान को असैन्य (सिविलियन) परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 बिलियन डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) देने पर विचार कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने फेक न्यूज मीडिया का एक और बीमार दुष्प्रचार बताया।दरअसल, एक अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिका, कतर की मध्यस्थता में, ईरान के फोरदों परमाणु केंद्र को बंद करा एक नए असैन्य एटमी केंद्र की स्थापना की अनुमति देने, प्रतिबंधों में ढील देने और 50,000 करोड़ रुपये की जब्त संपत्ति (फ्रोज़न एसेट्स) जारी करने की योजना पर काम कर रहा है। साथ ही, इस मुद्दे पर अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित अप्रत्यक्ष वार्ता की भी चर्चा थी।इस रिपोर्ट के जवाब में ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देकर कहा कि फेक न्यूज मीडिया में कौन सा बदमाश कह रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को गैर-सैन्य परमाणु सुविधाएं बनाने के लिए 30 बिलियन डॉलर देना चाहते हैं? इस हास्यास्पद विचार के बारे में कभी नहीं सुना। यह धोखा है।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी, जिसके बाद नुकसान को लेकर परस्पर विरोधी बयान सामने आए थे। इसके बाद इस रिपोर्ट ने नई बहस छेड़ दी थी कि क्या अमेरिका नीति में बदलाव कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के स्पष्ट मना करने के बाद साफ हो गया है कि कम से कम उनके प्रशासन का ईरान को किसी प्रकार की वित्तीय या तकनीकी मदद देने का कोई इरादा नहीं है।लेकिन सूत्रों ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच अप्रैल से ही बैकडोर डिप्लोमेसी जारी है, लेकिन तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। जहां ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है, वहीं अमेरिका और इजरायल को आशंका है कि ईरान गुप्त रूप से परमाणु हथियार बनाने की दिशा में अग्रसर हो सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में यह मुद्दा मध्य-पूर्व में स्थिरता और वैश्विक कूटनीति का अहम केंद्र बन सकता है। ट्रंप का यह बयान दर्शाता है कि वह 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से पहले अपनी कड़ी विदेश नीति छवि को लेकर कोई ढील नहीं देना चाहते।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पुतिन ने निभाई दोस्ती, तानशाह के देश में नया लग्जरी समुद्री पर्यटन केंद्र वॉन्सान कलमा बीच रिज़ॉर्ट बनाकर दिया

मॉस्को (ईएमएस)। उत्तर कोरिया और रूस की बढ़ती दोस्ती अब सिर्फ हथियारों और कूटनीति तक सीमित नहीं रह गई हैं। इसका असर अब पर्यटन और निर्माण तक पहुंच गया है। रूस की मदद से बना उत्तर कोरिया का नया लग्जरी समुद्री पर्यटन केंद्र वॉन्सान कलमा बीच रिज़ॉर्ट 1 जुलाई से आम नागरिकों के लिए खोला जाएगा। लेकिन एक खास शर्त हैं, यहां विदेशी पर्यटकों में फिलहाल केवल रूसियों को ही अनुमति होगी।24 जून को किम जोंग उन ने खूबसूरत बीच का औपचारिक उद्घाटन किया। लेकिन इस समारोह की असली चर्चा उनके साथ मौजूद बेटी किम जू ए रही है। इन सभी संकेतों को देखकर यह अनुमान तेजा है कि किम जोंग उन अपनी बेटी को उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार कर रहे हैं।दरअसल इस परियोजना पर वर्षों से काम चल रहा था लेकिन कोविड के दौरान यह रुक गया। 2024 में रूस ने इस प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित किया। उत्तर कोरिया में तैनात रूसी राजदूत और दूतावास के अधिकारी उद्घाटन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह रिज़ॉर्ट फिलहाल केवल रूसी पर्यटकों के लिए खुल गया है।उत्तर कोरिया के लिए यह बीच सिर्फ पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक डिप्लोमैटिक संदेश है। रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ता सहयोग और दुनिया को यह दिखाना कि उत्तर कोरिया भी 'टूरिज़्म हब' बन सकता है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तर कोरिया ने 10,000 सैनिक रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए भेजे हैं। इसके बदले में रूस आर्थिक, तकनीकी, और अब पर्यटन अवसंरचना में भी मदद कर रहा है।वहीं बीते एक साल से किम जू ए लगातार सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ देखी जा रही हैं। वह सेना परेड में भी सामने आ चुकी हैं सरकारी मीडिया उन्हें "सम्माननीय बेटी" जैसे शब्दों से संबोधित करती है अब वॉन्सान बीच कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी ने उत्तराधिकार की अटकलों को और पुख्ता कर दिया है।

### मिस्र में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

काहिरा,(ईएमएस)। मिस्र के नील डेल्टा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत हुई। यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रक और एक छोटी बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे की पुष्टि मिस्र के प्रशासन ने कर दी है।मंत्रालय के अनुसार, बस मेनौफिया प्रांत के एशमौन शहर से होकर कामगारों को उनके कार्यस्थल ले जा रही थी, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। बस में सवार अधिकतर लोग कामकाजी थे। भीषण हादसे में तीन लोग जीवित बच गए, जिन्हें और अन्य घायलों को जनरल एशमौन अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है। मिस्र के श्रम मंत्री मोहम्मद गेब्रान ने दुर्घटना पर दुख जताकर अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, दुर्घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। मिस्र में खराब सड़कें और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, लेकिन इस तरह की बड़ी संख्या में जानें जाना बेहद दुखद और चिंताजनक है।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आत्मघाती हमले में 13 सैनिकों की जान गई

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में 13 सैनिकों की जान गई और करीब 20 अन्य घायल हो गए। हमला उत्तरी वजीरिस्तान जिले में हुआ, जहां एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन को पाकिस्तानी सेना के काफिले में घुसा दिया।बताया जा रहा हैं कि इस हमले में सेना के कई वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कर घायल सैनिकों को अस्पतालों में भर्ती कराया। विस्फोट के बाद इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है, हालांकि अब तक किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।बात दें कि उत्तरी वजीरिस्तान अफगान सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है, जहां पहले भी कई बार पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हमले हो चुके हैं। बीते महीने मई में भी बन्नू छावनी पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें दो आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से लदी गाड़ियों के जरिए हमला किया था। इस घटना के बाद पाकिस्तानी सेना की सुरक्षा चुनौतियां एक बार फिर से उजागर हुई हैं। लगातार हो रहे हमलों ने सरकार और सेना दोनों के लिए गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश के बाद बाढ़, 17 लोगों की मौत

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। इस आपदा में करीब 17 लोगों की मौत हुई हैं, जबकि 6 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बाढ़ का सबसे अधिक प्रभाव स्वात नदी के आसपास के क्षेत्रों में दिख रहा है, जहां जलस्तर तेजी से बढ़ने से जन-धन की भारी क्षति हुई है।प्रोविजनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (पीडीएमए) ने बताया कि मृतकों में चार पुरुष, तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा बाढ़ के चलते 56 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिसमें से 6 मकान पूरी तरह से नष्ट हुए हैं, जबकि 50 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।स्वात के डिप्टी कमिश्नर शहजाद महबूब ने बताया कि स्वात नदी के किनारे फिजागत क्षेत्र में दो पर्यटक परिवार नाश्ता कर रहे थे, तभी अचानक नदी का जलस्तर बढ़ा और वे इसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि तीन को बचा लिया गया है।पीडीएमए के अनुसार, बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। फिलहाल 73 लोग अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास हो रहे हैं। घटनास्थल पर रेस्क्यू टीमें, पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौजूद हैं।रिपोर्ट के अनुसार, संभावित बाढ़ की आशंका को देखकर प्रशासन ने पेशावर, चरसद्दा और नौशेरा जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है। सोशल मीडिया पर त्रासदी के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें महिलाएं और बच्चे नदी में फंसे नजर आ रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन ने आपातकालीन केंद्रों की स्थापना की है और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

# नागरिकता का मामलाः अमेरिका में एक्शन रोकने की जजों की ताकत पर लगाम लगी

वॉशिंगटन(ईएमएस)। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद पर दोबारा आने के पहले दिन ही यह कार्यकारी आदेश जारी किया था। इसके अनुसार, अब अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चे को तभी नागरिकता मिलेगी, जब उसके माता-पिता में से कम से कम एक के पास अमेरिकी नागरिकता या वैध निवास (ग्रीन कार्ड) हो। ट्रंप के आदेश को 14वें संशोधन के खिलाफ बताया गया, जो कहता है कि 'संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाले और इसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी व्यक्ति अमेरिका के नागरिक माने जाएंगे'। यह संशोधन 1868 में गृहयुद्ध के बाद लागू हुआ था और दासप्रथा खत्म करने के बाद नागरिकता सुनिश्चित करने के लिए लाया गया था। 22 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल्स, प्रवासी अधिकार कार्यकर्ता और कई



गर्भवती अप्रवासी महिलाओं ने ट्रंप के आदेश को अदालत में चुनौती दी थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अभी इस आदेश की संवैधानिकता पर कोई अंतिम फैसला नहीं दिया है, लेकिन कोर्ट ने ट्रंप के समर्थन में यह जरूर कहा कि निचली अदालतें "नेशनवाइड इंजंक्शन" जारी करने के अधिकार से आगे जा रही हैं।इस फैसले से अमेरिका की न्यायिक प्रणाली में एक बड़ा मोड़ आया है। यह साफ संदेश है कि निचली अदालतें अब पूरे देश पर लागू आदेश नहीं दे सकतीं, खासकर जब मामला कार्यपालिका की नीति से जुड़ा हो। ट्रंप के इमिग्रेशन, बजट में कटौती, और एजेंसियों पर नियंत्रण जैसे कई फैसलों को निचली अदालतों ने रोक दिया था। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि निचली अदालतों की शक्तियों की एक सीमा है। जस्टिस एमी कोनी बैरेट, जिन्हें ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया था, उन्होंने बहुमत वाले फैसले में लिखा, 'संघीय अदालतों को कार्यपालिका की निगरानी का सामान्य अधिकार नहीं दिया गया है। उन्हें केवल वही अधिकार प्राप्त हैं जो कांग्रेस ने सौंपे हैं।'यह फैसला सिर्फ ट्रंप की वर्तमान नीतियों के लिए नहीं, बल्कि भविष्य के राष्ट्रपति और सरकारों के लिए भी रास्ता साफ करता है। अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने फैसले का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा, 'सुप्रीम कोर्ट ने आज जिला अदालतों को निर्देश दिया कि वे राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ जारी नेशनवाइड इंजंक्शन की बाढ़ को रोके। यह हमारे न्याय विभाग और सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर की मेहनत के बिना संभव नहीं था।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि न्याय विभाग ट्रंप की नीतियों और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा।

### ईरान का इजरायल पर तंज.....आखिर कर तुरंत डैडी (अमेरिका) के पास भागा

तेहरान (ईएमएस)। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम होने के बावजूद, दोनों देशों के बीच जुबानी जंग जारी है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान की निंदा की, जिस बयान में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने खामेनेई को भद्दी और भयानक मौत से बचा लिया। अराघची ने कहा, अगर राष्ट्रपति ट्रंप सचमुच डील करना चाहते हैं, तब उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई के प्रति अभद्र टिप्पणियां बंद करनी होंगी। अराघची ने ट्वीट किया, ईरान के लोग महान और ताकतवर हैं। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि हमारी मिसाइलों से बचने के लिए जब इज़रायल के पास कोई विकल्प नहीं बचा तब वहां तुरंत डैडी (अमेरिका) के पास भाग गया। दरअसल ट्रंप ने पोस्ट किया था, मुझे पता था कि वे (अयातुल्ला खामेनेई) कहां छुपे थे। मैं इज़रायली और अमेरिकी सेना को उन पर हमला करने से रोका।

# चीन में नेवी चीफ और टॉप न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर गिरी जिनपिंग की गाज

बीजिंग(ईएमएस)। चीन में शुक्रवार को नेवी चीफ और एक टॉप न्यूक्लियर साइंटिस्ट को एनपीसी से निकाल बाहर कर दिया गया। हांगकांग की मीडिया के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निकाल दिया गया है। खबर के मुताबिक, ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया।चीन में शी जिनपिंग के एक फरमान ने पूरे



देश में खलबली मचा है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) में खौफ का माहौल है कि कहीं कोई ऐसा ऑर्डर ना आ जाए, जिससे उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़े। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि चीनी के राष्ट्रपति जिनपिंग क बड़ा कदम उठाते ना सिर्फ पीएलए के एक बड़े ऑफिसर को , बल्कि टॉप न्यूक्लियर साइंटिस्ट को भी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी जिनपिंग करते हैं। चीनी सेना में पदों के क्रम में सबसे युवा जनरल मियाओ पिछले साल नवंबर से अनुशासन के गंभीर उल्लंघन के लिए जांच के घेरे में हैं। उन्हें इस साल अप्रैल में एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया था। चीन की तरफ से यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जबकि वह अपनी सेनाको मजबूत करने में लगा है।

# तानाशाह किम जोंग से दोस्ती करना चाहते हैं ट्रंप बोले, उनसे मेरे अच्छे संबंध

### अमेरिकी राष्ट्रपति का पत्र उत्तर कोरिया ने नहीं किया स्वीकार

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर उत्तर कोरिया के साथ रिश्ते सुधारने की बात कही है। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने संकेत दिए कि किम जोंग उन के साथ उनके रिश्ते अब भी अच्छे हैं और वह संघर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के पक्षधर हैं।बता दें मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रंप ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को एक पत्र लिखा है, लेकिन प्योंगयांग ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जब ट्रंप से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि किम जोंग उन से उनके संबंध अच्छे हैं। अगर कोई संघर्ष होता है, तो वह हमारी वजह से नहीं होगा। मुझे लगता है कि हम इसे सुलझा लेंगे।बता दें ट्रंप और किम के



बीच 2017 से 2019 के बीच तीन ऐतिहासिक मुलाकातें हुई थीं जिनमें से एक डिमिलिटराइज्ड ज़ोन में भी थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को कई पत्र भेजे थे, जिन्हें ट्रंप ने सौंदर्यपूर्ण और व्यक्तिगत बताया था। हालांकि यह कूटनीतिक प्रयास उस समय टूट गया जब अमेरिका ने उत्तर कोरिया से परमाणु कार्यक्रम छोड़ने की शर्त रख दी थी और किम जोंग उन ने इसे ठुकरा दिया था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस ने 11 जून को बयान जारी किया कि जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपित ट्रंप, किम जोंग उन से बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन यह नहीं बताया कि कोई नया पत्र भेजा गया है या नहीं। उत्तर कोरिया की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बल्कि उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को और तेज कर दिया है। प्योंगयांग ने हाल के समय में रूस के साथ गहरे सैन्य संबंध बना लिए हैं और यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद भी कर रहा है।डोनाल्ड ट्रंप फिर से किम जोंग उन के साथ कूटनीति की डोर थामने को तैयार हैं।

# हमास के पास लड़ाकों का भारी टोटा, अब युद्ध में घुटने टेकने को मजबूर होगा

तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायल का अब एक और दुश्मन घुटने टेकने की ओर है। यह दुश्मन है, गाजा में सक्रिय आतंकी संगठन हमास। ईरान की ओर से हमास को मदद मिलनी बंद हो गई है और दूसरी तरफ इजरायल के हमले लगातार जारी हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि हमास के पास कमांडरों की ही कमी हो गई है। बड़ी संख्या में हमास उग्रवादियों को इजरायल ने सुरंगों के अंदर छिपे रहने के दौरान ही मार डाला है। फिलहाल हमास को यह भरोसा नहीं है कि ईरान से मदद कब तक मिल पाएगी।हमास पर जंग रोकने का दबाव गाजा के स्थानीय लोग भी बना रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि यदि हमास जंग रोक दे तो फिर इजरायल भी नरम पड़ेगा और लोगों तक मदद पहुंचने लगेगी। एक वजह यह भी है कि गाजा में बड़े पैमाने पर सहायता सामग्री



की लूट की जा रही है। इसमें कुछ ऐसे तत्व शामिल हैं, जिन पर कंट्रोल करना मुश्किल हो रहा है। फिलहाल बगावत को रोकने के लिए हमास ने अपने कुछ लड़ाकों को बागी नेता यासिर अबू शबाब को मारने के लिए भेजा है। लेकिन अब तक शबाब हमास के लड़ाकों की पहुंच से दूर ही रहा है। कहा जा रहा है कि वह राफा में कहीं छिपा है।ऐसी स्थिति में हमास दम तोड़ता दिख रहा है। यही नहीं हमास के अंदर भी विद्रोह की स्थिति है और बड़े पैमाने पर लड़ाके छोड़ रहे हैं। दूसरी तरफ इजरायल की तरफ से सैन्य कार्रवाई जोरों पर है। हमास के करीबी तीन सूत्रों ने बताया कि लड़ाके अपने स्तर पर जंग लड़ रहे हैं। लेकिन इजरायल ने फिलिस्तीन ही तीन जनजातियों को हमारे खिलाफ खड़ा कर दिया है। इसके अलावा गाजा में सीजफायर को लेकर भी दबाव बन रहा है। हमास को भी जंग फिलहाल रोकने की जरूरत है। गाजा में मानवीय संकट भी पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय स्तर से हमास पर दबाव है कि वह जंग रोक दे। हमास से जुड़े कुछ लोगों, इजरायी सुरक्षा बलों समेत 16 लोगों से बात की है। इन लोगों का कहना है कि हमास कमजोर पड़ा है। इन लोगों का कहना है कि भले ही तमाम चुनौतियों के बाद भी हमास ने कब्जा बनाने की जंग जारी रखी है, लेकिन आतंरिक कलह से जूझ रहा है। हमास की ताकत बहुत सीमित इलाके में ही बची है। मंगलवार को ही उसने एक धमाका किया था, जिसमें 7 इजरायली सैनिक मारे गए थे। लेकिन मिडल ईस्ट के तीन राजनयिकों का कहना है कि ऐसी इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़ दें तो हमास काफी कमजोर हो गया है।

### ईरान ने अमेरिका को चेताया कहा खामेनेई के प्रति अच्छी भाषा का इस्तेमाल करें ट्रंप

तेहरान,(ईएमएस)। भले ही अमेरिका कितना ही शंहशाह बनने की कोशिश कर ले, लेकिन ईरान आईना दिखाने से पीछे नहीं हटता है। एक बार ईरान ने अमेरिका को चेताते हुए साफ कहा कि सर्वोच्च नेता खामेनेई के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अच्छी भाषा का उपयोग करें। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेताते हुए कहा कि अगर वे सच में कोई समझौता चाहते हैं, तो उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई के प्रति अपनी 'अस्वीकार्य' भाषा छोड़नी होगी। ट्रंप ने इससे पहले खामेनेई को खुली चुनौती दी थी और ईरान पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था। वहीं, अमेरिका द्वारा ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हाल ही में किए गए हमलों पर भी बड़ा खुलासा हुआ है। अमेरिका ने इस्फहान जैसे गहरे भूमिगत ठिकाने पर 'बंकर बस्टर' बम न गिराने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि वहां यह असरदार नहीं होते। इसके अलावा सैटेलाइट तस्वीरें भी इस बात की पुष्टि कर रही हैं कि फोर्दो परमाणु केंद्र में फिर से हलचल शुरू हो गई है। जिस जगह बम गिरे थे वहां जेसीबी मशीनें और मिट्टी ढोने वाले ट्रक हैं। इसी बीच रूस ने यूक्रेन के पोक्रोवस्क शहर के पास 1.10 लाख सैनिकों को तैनात कर दिया है। ये वही इलाका है जिसे पिछले एक साल से रूस अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन की सेना के अनुसार, यह फिलहाल सबसे 'गर्म मोर्चा' बन गया है।

### हूती विद्रोहियों ने इज़रायल पर फिर मिसाइल से किया हमला

तेल अवीव (ईएमएस)। ईरान और इज़रायल के बीच 12 दिनों तक चले भीषण हवाई हमलों के बाद 24 जून को युद्धविराम हुआ। हालांकि, इस युद्धविराम के तुरंत बाद यमन के हूती विद्रोहियों ने इज़रायल पर मिसाइल हमला किया। इज़रायली सेना ने पुष्टि की कि यमन से उनके क्षेत्र को निशाना बनाकर मिसाइलें दागी गईं, जिसके बाद दक्षिणी इज़रायल में सायरन बजने लगे और एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय किया गया। हालांकि, इस हमले में किसी तरह के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।



# मेजर लीग क्रिकेट 2025 में सिएटल ऑर्कास ने रचा इतिहास

## एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ 238 रन का रिकॉर्ड चेज

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 का 18वां मुकाबला शुक्रवार रात सिएटल ऑर्कास और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया और यह मैच रोमांच की हर हद पार कर गया। निकोलस पूरन की कप्तानी वाली एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 237 रन ठोक दिए। इस विशाल स्कोर की नींव खुद कप्तान निकोलस पूरन ने रखी। उन्होंने 60 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 108 रन बनाए। उनके साथ तजिंदर ढिल्लों ने भी धमाकेदार बल्लेबाजी की और सिर्फ 35 गेंदों में 8 चौके और 8 छक्के लगाकर 95 रन बनाए।

इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिएटल ऑर्कास ने टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज करते हुए आखिरी गेंद पर 238 रन बना दिए। यह मेजर लीग क्रिकेट के अब तक के तीन सीजन में सबसे बड़ा रन चेज है। ऑर्कास की इस ऐतिहासिक जीत के हीरो शिमरन हेटमायर रहे। उन्होंने 40 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की विस्फोटक पारी खेली जिसमें 5 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 242.50 रहा।मैच का रोमांच चरम पर तब पहुंचा जब आखिरी गेंद पर सिएटल ऑर्कास को जीत के लिए 6 रन चाहिए थे। कीरोन पोलार्ड आखिरी ओवर फेंक रहे थे और स्ट्राइक पर थे हेटमायर। वेस्टइंडीज के इन दो दिग्गजों की इस भिड़ंत में हेटमायर ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मैच खत्म कर दिया और अपनी टीम को सीजन की पहली जीत दिलाई।

सिएटल ऑर्कास की यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि इससे पहले टीम लगातार 10 मैच हार चुकी थी और इस सीजन में यह उनकी 6 मैचों में पहली जीत है। हेटमायर को उनकी नाबाद मैच जिताऊ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ सिएटल ऑर्कास ने न केवल अपना हार का सिलसिला तोड़ा, बल्कि मेजर लीग क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़े रन चेज का नया रिकॉर्ड भी कायम कर दिया।



जर्मनी के बैड होम्बर्ग में डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट में अपने सेमीफाइनल मैच में इटली की जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ सर्विस करती पोलैंड की इगा स्विएटेक।

## दूसरे टेस्ट में दो बदलावों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

लंदन (ईएमएस)। भारतीय टीम 2 जुलाई से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में दो बदलावों के साथ उतर सकती है। पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बावजूद टीम इंडिया को कमजोर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के कारण हार का सामना करना पड़ा था। सीरीज का दूसरा मैच एजबेस्टरन मैदान पर खेला जाना है। इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही आराम दिया जा सकता है। वहीं पहले टेस्ट में प्रभावी नहीं रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाहर किया जा सकता है। शार्दुल को पहले मैच में अधिक गेंदबाजी नहीं मिली थी। शार्दुल को इस मैच में केवल 16 ओवर ही गेंदबाजी मिली थी। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर बल्लेबाजी में भी असफल रहे थे। पहली पारी में वह एक जबकि दूसरी पारी में 4 रन ही बना पाये थे। शार्दुल पर निचले क्रम पर रन बनाने की जिम्मेदारी थी जिसे वह नहीं निभा पाये। इसी कारण भारत ने पहली पारी में अंतिम 7 विकेट 41 रन के अंदर तो दूसरी पारी में 6 विकेट 31 रनों में ही खो दिये। वहीं बुमराह की जगह दूसरे टेस्ट में आकाशदीप या अर्शदीप सिंह को अंतिम ग्याहर में जगह मिल सकती है। युवा आकाश दीप ने अब तक भारतीय टीम की ओर से सात टेस्ट मैच में अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अर्शदीप को बाएं हाथ के गेंदबाज होने का लाभ मिल सकता है। अर्शदीप टी20 में भारतीय टीम का हिस्सा है हालांकि उन्हें अभी तक टेस्ट डेब्यू का अवसर नहीं मिला है। अर्शदीप ने इंग्लैंड में कांउटी क्रिकेट खेला है जिसका अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं शार्दुल की जगह पर बल्लेबाजी ऑलराउंडर के तौर पर नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में जगह मिल सकती हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे गेंदबाजी के साथ ही आक्रमक बल्लेबाजी भी की थी। स्पिन विकल्प के तौर पर कुलदीप को टीम में शामिल किया जा सकता है।



लंदन में विंबलडन एईएलटीसी में चैंपियनशिप 2025 से पहले अभ्यास सत्र के बाद नृत्य करती यूएसए की कोको गौफ और आर्यना सबालेंका।

# जायसवाल की नजरें एजबेस्ट टेस्ट में सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ने पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाना हैं, जहां टीम इंडिया की नजरें सीरीज में वापसी पर होंगी। इस मुकाबले में खासतौर पर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर सबकी निगाहें होंगी, जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट में सुनील गावस्कर का करीब 50 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब हैं। इंग्लैंड दौरे की शुरुआत जायसवाल के लिए शानदार रही। उन्होंने पहले टेस्ट में शतक जमाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी थी। हालांकि शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत के शतक के बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में दूसरे टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों से एक बार फिर बड़े स्कोर की उम्मीद होगी। यशस्वी जायसवाल के अब तक के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 20 मैचों में 52.86 की औसत से 1903 रन बनाए हैं। वह 2000 रन के मील के पत्थर से सिर्फ 97 रन दूर हैं। अगर वह एजबेस्टन टेस्ट में यह 97 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम मैचों में 2000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बन जाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड दिग्गज सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 23 टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। अगर यशस्वी एजबेस्टन में इस उपलब्धि से चूकते हैं तो उनके पास अगले मैच में भी गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा। सबसे तेज 2000 टेस्ट रन बनाने वाले अन्य भारतीयों में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग भी शामिल हैं, जिन्होंने 25-25 टेस्ट में यह कारनामा किया था। हालांकि, पारियों



के लिहाज से देखें तो राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग ने 40-40 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे, जबकि गावस्कर को 44 पारियां लगी थीं। यशस्वी जायसवाल ने अब तक 38 पारियां खेली हैं और अगर वह दूसरे टेस्ट की पहली पारी में ही 97 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम पारियों में 2000 टेस्ट रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन जाएंगे। ऐसे में एजबेस्टन टेस्ट जायसवाल के लिए व्यक्तिगत और भारतीय क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में नया इतिहास रचने का बड़ा मौका साबित हो सकता है, साथ ही टीम इंडिया को भी उनकी बड़ी पारी से सीरीज में वापसी की मजबूत उम्मीद होगी।

## हर गेंद पर चौका-छक्का नहीं जरूरी : शेफाली वर्मा

### - सचिन से प्रेरित होकर मजबूत लौटीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में वापसी कर रहीं 21 वर्षीय शेफाली वर्मा ने स्वीकार किया है कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के नजरिए में बड़ा बदलाव किया। खराब फॉर्म के चलते बाहर होने के बाद शेफाली ने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की पारियां देख-देखकर यह समझा कि हर गेंद को उसकी मेरिट पर खेलना कितना जरूरी है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले बीसीसीआई के एक वीडियो में शेफाली ने कहा, "पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखीं और उनसे काफी प्रेरणा मिली।"शेफाली ने बताया कि सचिन को देखते हुए उन्हें अपने बचपन के दिन याद आ गए। "उस समय मैं उनका एक भी मैच मिस नहीं करती थी। इस बार मैंने उनके हर मैच को फिर से देखा और सीखा कि अच्छी गेंद को सम्मान देना ही लंबी और अच्छी पारी खेलने की कुंजी है।" शेफाली का यह आत्मचिंतन उनके खेल में भी दिखा। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह वापस पक्की की।हालांकि, यह सफर आसान नहीं रहा। शेफाली ने खुलासा किया कि पिछले साल टीम चयन से ठीक दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा था, जिसने उनके लिए हालात और मुश्किल कर दिए। "जब भी आप टीम में वापसी करते हैं तो हालात मुश्किल होते ही हैं, लेकिन टीम के माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं फिर से टीम का हिस्सा बनी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के चयन से दस दिन पहले पापा को दिल का दौरा पड़ा था। उस समय मैं बेहद परेशान थी और मुझे समझ ही नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है।"

शेफाली ने बताया कि बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस पर भी काफी ध्यान दिया। "मैंने फिटनेस पर कड़ी मेहनत की। करीब 20-25 दिन बाद जब बल्ला हाथ में लिया तो बेहद अच्छा लगा और मुझे अलग ही ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखा देता है। अब मेरा ध्यान सिर्फ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहेगा, बाकी किस्मत पर छोड़ दूंगी।" शेफाली की ईमानदार स्वीकारोक्ति बताती है कि वह सिर्फ प्रतिभा ही नहीं बल्कि लगातार सीखने और खुद को बेहतर करने की चाहत भी रखती हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी ताकत होती है।

## श्रीलंका से करारी हार के बाद बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो का इस्तीफा

कोलंबो (ईएमएस)। कोलंबो में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को श्रीलंका के हाथों पारी और 78 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी, जिससे टीम को दोहरा झटका लगा। एक तो उसने यह सीरीज 0-1 से गंवा दी, दूसरा बड़ा झटका कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो के इस्तीफे के रूप में सामने आया। मैच खत्म होते ही शान्तो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया, जिससे बांग्लादेश क्रिकेट जगत में हलचल मच गई। गौर करने वाली बात यह है कि सीरीज के पहले टेस्ट में शान्तो ने दोनों पारियों में शतक लगाकर इतिहास रचा था और वह ऐसा करने वाले बांग्लादेश के पहले कप्तान बने थे। अचानक उनके इस फैसले ने फैन्स और टीम मैनेजमेंट को हैरानी में डाल दिया है। हालांकि शान्तो ने अपने फैसले की वजह भी साफ शब्दों में बताई। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शान्तों ने कहा कि वह अब टेस्ट टीम की कप्तानी जारी नहीं रखना चाहते क्योंकि यह फैसला उन्होंने टीम के हित में लिया है। उन्होंने कहा, "मैं अब टेस्ट प्रारूप में कप्तान के तौर पर काम नहीं करना चाहता। यह व्यक्तिगत नहीं है। मुझे लगता है कि इससे टीम को मदद मिलेगी।" उन्होंने तीनों प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान रखने को लेकर भी चिंता जताई और कहा, "मुझे लगता है कि तीन कप्तान होना समझदारी नहीं है। मुझे नहीं पता कि बोर्ड इस बारे में क्या सोचेगा, लेकिन मैं उनके फैसले का समर्थन करूंगा। यह मेरा निजी निर्णय है।"मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की लेकिन पहली पारी में टीम 247 रन ही बना पाई। इसके जवाब में श्रीलंका ने 458 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की। पथुम निस्सानका ने शानदार 158 रनों की पारी खेली जबकि चंदीमल ने 93 और कुसल मेंडिस ने 84 रन बनाए। पहली पारी में ही श्रीलंका को 211 रनों की बढ़त मिल गई थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे और टीम 133 रन पर सिमट गई।

# डब्ल्यूटीसी में 10 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी ट्रेविस हेड

नई दिल्ली (ईएमएस)। बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों की पहली पारियां 200 रन से कम पर सिमट गईं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 180 रन बनाए, जिसमें वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए।

हालांकि वेस्टइंडीज की टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी और 190 रन पर ऑलआउट होकर सिर्फ 10 रन की मामूली बढ़त हासिल कर पाई। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार वापसी करते हुए 310 रन बनाए। इसमें ट्रेविस हेड, वेबस्टर और एलेक्स कैरी की अर्धशतकीय पारियां अहम रहीं। इस पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम लड़खड़ा गई और सिर्फ 141 रन पर ढेर हो गई। इस जीत में ट्रेविस हेड का योगदान निर्णायक रहा। उन्होंने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए और अपनी पारी से मैच का रुख बदल दिया। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके साथ ही उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल की। ट्रेविस हेड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 10 मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है और वह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और उस्मान ख्वाजा हैं। हेड ने अब तक 50 टेस्ट में 3199 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 401 चौके लगाकर इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चौके



लगाने के मामले में जो रूट, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के बाद चौथा स्थान हासिल कर लिया है। जो रूट ने 119 पारियों में 576 चौके, स्मिथ ने 476 और लाबुशेन ने 443 चौके लगाए हैं, जबकि हेड ने 83 पारियों में यह उपलब्धि पाई है। इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है और सीरीज में अपनी बढ़त को मजबूत करने के इरादे से अगले मुकाबले में उतरेगी।



## तय कार्यक्रम के अनुसार होने की उम्मीद हैं भारत-बांग्लादेश सीरीज

### कोहली और रोहित दिख सकते है मैदान पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच अगस्त में होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज को लेकर पिछले कुछ समय से कई अटकलें लगाई जा रही थीं। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्तों में आई तल्खी के चलते दौरे के रद्द या स्थगित होने की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साफ कर दिया है कि फिलहाल सीरीज को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि इस दौरे को रद्द करने या स्थगित करने पर कोई चर्चा नहीं हुई है और न ही सरकार से ऐसा कोई निर्देश मिला है। अगर आगे कोई स्थिति बनती है तो उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अप्रैल में ही इस दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया था। इसके मुताबिक तीन मैचों की वनडे सीरीज 17 अगस्त से मीरपुर में शुरू होगी और 23 अगस्त को चटगांव में खत्म होगी। इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। यह दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी करने के संकेत दिए हैं। भारत ने 2014 के बाद से बांग्लादेश में कोई वनडे सीरीज नहीं जीती है। पिछली बार भारत ने 2022 में बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों की सीरीज 1-2 से गंवाई थी। ऐसे में यह दौरा भारत के लिए 11 साल के सूखे को खत्म करने का मौका होगा। टी20 सीरीज भी ऐतिहासिक होगी क्योंकि भारत ने अब तक बांग्लादेश में कोई द्विपक्षीय टी20 सीरीज नहीं खेली है। यह पहली बार होगा जब मौजूदा विश्व टी20 चैंपियन भारत बांग्लादेश में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। हालांकि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की उपलब्धता पर फिलहाल संदेह जताया जा है क्योंकि उन्होंने हाल ही में जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। उनकी दो महीने में फिट होने की उम्मीद है लेकिन सीरीज तक पूरी तरह फिट होना मुश्किल माना जा रहा है। ऐसे में अक्षर पटेल को टी20 टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ 4 अगस्त को खत्म होने वाली टेस्ट सीरीज के बाद शुभमन गिल, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को आराम दिए जाने की संभावना है।

## अंडर-15 लड़कों ने रजत पदक जीता, अंडर-19 टीम को कांस्य पदक

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के अंडर-15 और अंडर-19 लड़कों ने ताशकंद के हुमो एरिना में आयोजित 29वीं एशियाई युवा चैंपियनशिप 2025 में टीम स्पर्धाओं में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। अंडर-15 लड़कों ने सुबह के सत्र में सेमीफाइनल में दूसरे वरीय दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, वे फाइनल में पिछड़ गए और शाम को तीसरे वरीय चीन से 0-3 से हार गए। हार के बावजूद, साहिल रावत ने शुरुआती मैच में यू हैयांग को थोड़ा डरा दिया। पहला गेम हारने के बाद, साहिल ने वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया और अंत में 2-11,11-8, 2-11, 12-10, 4-11 से हारने से पहले इसे निर्णायक गेम तक ले गए।

इसके बाद के मैचों में रित्विक गुप्ता झोउ गुआनहोंग से 12-14, 8-11, 5-11 से हार गए, जबकि वांग ज़ियांग ने आदित्य दास के खिलाफ 11-3, 8-11, 11-3, 11-9 से जीत के साथ चीन को स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले सेमीफाइनल में साहिल ली सेउंगसू से 8-11, 11-8, 11-7, 11-8 से हार गए थे, जिससे कोरिया को शुरुआती बढ़त मिल गई थी। इसके बाद रित्विक ने ली हियोन्हो पर 8-11, 10-12, 15-13, 11-6, 11-6 से जीत के साथ भारत को मुकाबले में बनाए रखा। वापसी से प्रेरित होकर आदित्य ने एक कड़े मुकाबले में किम रयोवोन को 11-6, 13-15, 11-7, 10-12, 11-8 से हराया। रित्विक ने अपने दूसरे मैराथन मैच में ली सेउंगसू को फिर से 10-12, 11-6, 11-6, 7-11, 11-4 से हराकर प्रसिद्ध उलटफेर किया। इस बीच, शुक्रवार शाम को, अंडर-19 लड़कों को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया से 2-3 से मामूली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंकुर भट्टाचार्जी ने अपने दोनों एकल मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने क्वॉन ह्युक पर 6-11, 5-11, 11-8, 11-5, 11-9 से जीत के साथ शुरुआत की और बाद में किम गॉन को 12-14, 11-6, 12-10, 9-11, 11-5 से पराजित किया। हालांकि, टीम के साथी पीबी अभिनंद और प्रियानुज भट्टाचार्य कोरियाई चुनौती का मुकाबला नहीं कर सके। अभिनंद किम से 11-13, 7-11, 11-6, 7-11 से हार गए, जबकि प्रियानुज चोई जिवुक से 8-11, 12-10, 9-11, 3-11 से हार गए। अंडर-15 गर्ल्स इवेंट में, भारत जापान से 1-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया। अनन्या मुरलीधरन कोकोना मुरामात्सु से 3-11, 6-11, 8-11 से हार गईं, लेकिन दिव्यांशी भौमिक ने कोकोमी इशिदा पर 9-11, 11-7, 12-10, 12-10 से कड़ी जीत के साथ भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। अंकोलिका चक्रवर्ती हालांकि, पांच गेम की लड़ाई हार गईं और जापान को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद कोकोना ने रोमांचक निर्णायक गेम में दिव्यांशी को 11-9, 10-12, 11-5, 9-11, 12-10 से हराकर जापान के लिए मुकाबला सुनिश्चित कर दिया।

## पैट कमिंस ने फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया

बारबाडोस (ईएमएस)। यहां ब्रिजटाउन स्थित केंसिंग्टन ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पैट कमिंस ने कमाल कर दिया। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर कमिंस ने एक बार फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने एक 62 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा, जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम था। पैट कमिंस ने केसी कार्टी को तीसरे दिन के पांचवें सत्र में आउट करके यह रिकॉर्ड बनाया और फिर चौथे दिन के दूसरे सत्र में रोस्टन चेज को आउट करके इसे और आगे बढ़ाया। वेस्टइंडीज के कप्तान चेज 44 रनों की मजबूत पारी खेलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाने की कोशिश कर रहे थे, तभी कमिंस ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। केसी कार्टी को आउट करते ही पैट कमिंस ने एक ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में टेस्ट विकेटों की संख्या में रिची बेनो के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इसके बाद रोस्टन चेज को आउट करके उन्होंने बेनो को पीछे छोड़ दिया और कप्तान के रूप में टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। इस प्रतिष्ठित सूची में कमिंस अब महान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान के बाद दूसरे स्थान पर हैं। तुलनात्मक रूप से रिची बेनो ने ऑस्ट्रेलिया का 35 टेस्ट में नेतृत्व किया और इमरान खान ने कप्तान के रूप में 48 लाल गेंद के टेस्ट खेले।



फीफा क्लब विश्व कप सॉकर फुटबॉल इंटर मियामी सीएफ प्रशिक्षण केंद्र, फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा, यू.एस. में प्रशिक्षण के दौरान इंटर मियामी सीएफ के लियोनेल मेस्सी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति से संबंधित बैठक संपन्न



## शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण कार्य में लाएं तेजी

गिरिडीह, जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की। बैठक में उपायुक्त द्वारा सबसे पहले सुदूर क्षेत्रों में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केन्द्रों की आवश्यकता का आंकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केन्द्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही आधार में मोबाइल संख्या को भी पंजीकृत कराने को कहा। इसके साथ ही BRC के सभी मशीन अनिवार्य रूप से 05 और 15 साल के बच्चों का मैंडेटरी बायोमैट्रिक अपडेट तथा जिनका मोबाइल नंबर ऐड नहीं हुआ हो उनका अभियान चलाकर मोबाइल नंबर ऐड करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला समाज कल्याण विभाग को इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों का आधार पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। जिला उपायुक्त ने कहा कि जिनका आधार बने हुए दस वर्ष हो गए हैं और उनके द्वारा कभी भी अगर कोई आधार अपडेशन का कार्य नहीं किया गया है, वे सभी अनिवार्य रूप से अपना आईडी कार्ड और एड्रेस प्रूफ/डॉक्यूमेंट अपडेट अवश्य करा लें। इसके अलावा जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों का संकूल साधन केंद्र (बीआरसी) में उपलब्ध- आधार कीट से शिविर लगाकर शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण कराने को कहा गया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, जिला शिक्षा अधीक्षक, डाक अधीक्षक, सहायक प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय राँची, जिला परियोजना पदाधिकारी, यू० आईडी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बाघमारा में मां विपदतारिनी की पूजा धूमधाम से संपन्न, सुहागिनों ने किया निर्जला व्रत





बाघमारा, (धनबाद), बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बरोरा और सिनीडीह क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में शनिवार को मां विपदतारणी की पूजा अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनायी इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति, संतान एवं पूरे परिवार की सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना के साथ निर्जला उपवास कर विधिवत पूजा-अर्चना की।बरोरा दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर समिति के अष्टिक सिंह एवं पूनम देवी की अगुवाई में पूजा का आयोजन किया गया। वहीं, सिनीडीह काली मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।भक्तों ने बताया कि रथयात्रा के पश्चात मां विपदतारणी की पूजा का विशेष महत्व होता है, क्योंकि यह मां दुर्गा के ही एक अन्य स्वरूप मानी जाती हैं। पूजा के दौरान महिलाओं द्वारा व्रतसूत्र और रक्षासूत्र बांधने की परंपरा निभाई गई, जिसे 13 दुब से तैयार किया जाता है। मान्यता है कि इस सूत्र को बांधने से पति और संतान पर आने वाली विपत्तियां टल जाती हैं।नवागढ़ मथाटांड के आचार्य सुकुमार बनर्जी एवं गुरु दास चटर्जी ने पूजा का विधिवत संचालन करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति और जनकल्याण हेतु मां से प्रार्थना की। इस दौरान "ॐ ह्रीं विपदतारिणी दुर्गायै नमः" के मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मां को 13 प्रकार के फल, फूल, मिठाई, पान, सुपारी और दुब का भोग अर्पित किया गया। पूजा कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजना देवी, जया देवी, बिंदु देवी, आलता देवी, पार्वती देवी, उर्मिला देवी, छाया देवी, उषा देवी, रिंकी देवी, सुलेखा देवी, सुनीता देवी, लखी देवी, गंगा देवी, सीमा देवी, चंपा देवी, संतोषी देवी, वंदना देवी, फूला देवी, सुधा देवी, भारती देवी, पिंकी कुमारी, लाली देवी, ओरा देवी, सरस्वती देवी, राधा कुमारी, शारदा कुमारी, पूजा देवी, साधना देवी, पूनम देवी, प्रेमलता देवी, रीना देवी, सुमा देवी, सुशीला देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया।पूजा आयोजन में सहयोग के रूप में बिट्टू चौहान, लालू बाउरी, आनंद बाउरी, साहिल बाउरी, निखिल बाउरी, मनु कुमार साव, बिट्टू बाउरी, करण बाउरी, रामजी चौहान आदि सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

# मासिक लोक अदालत में 100 वादों का निपटारा किया गया

धनबाद : झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के अध्यक्षता में आज मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया ।

इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि आज मासिक लोक अदालत में कुल आठ बेंच गठित किया गया जिसमें 100 वादों का निपटारा किया गया इस दौरान कुल 5 लाख 71 हजार 5 सौ 33 रुपए रिकवरी हुई । जिसमें अधिकतम रेलवे वाद से संबंधित 62 मामलों का निपटारा किया गया ।

# बच्चों को नए कौशल सीखाने तथा सामाजिक संपर्क बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल धनबाद





धनबाद, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल धनबाद के कक्षा 6 से कक्षा 8 के बच्चों को सितारे जमीन पर सिनेमा दिखाने हेतु प्रभातम आइनॉक्स ले जाया गया । विद्यार्थियों के साथ क्लास टीचर, एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर सोमा मजूमदार, डिसिप्लिन इंचार्ज राजीव रंजन सिन्हा, कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह मौजूद थे। ऐसे पाठ्येतर गतिविधियों से छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है । विद्यालय के प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूलों का ऐसा वातावरण होना चाहिए जो छात्रों को सुरक्षित, सहायक और सकारात्मक महसूस कराये। गुरु गोविंद सिंह पब्लिक विद्यालय इसके लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने बैंक मोड़ जाकर यातायात जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया । साथ ही यह संदेश दिया कि यातायात के नियमों का पालन करना, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना कितना आवश्यक है। बच्चे अपनी गाइड शिक्षिका संध्या चौबे के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया । स्थानीय नागरिकों तथा बैंक मोड़ थाना के अधिकारियों का सहयोग सराहनीय रहा, प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे हमारे देश के भावी नागरिक हैं। अतः उन्हें ऐसे कार्यक्रमों में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।

# महिला को अपने ही उधार की रकम मांगना पड़ा महंगा, आईसीयू में भर्ती

गिरिडीह (ईएमएस)। अपनी ही उधार दी गयी राशि मांगना एक महिला को महंगा पड़ गया। महिला ने जिस व्यक्ति को राशि उधार दी थी, वह राशि लौटाने के बजाय महिला के साथ इस हद तक मारपीट किया कि महिला आईसीयू में भर्ती है। मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के महादेव तालाब रोड निवासी रानी देवी ने अपने ही मोहल्ले के हुडरी नामक गोदाम संचालक को वर्षों पूर्व10 हजार रुपये उधार दिए थे। महिला ने कई बार हुडरी से रुपये की मांग की लेकिन वह बार उसे बगैर रुपये दिये ही वापस लौटा देता था। शनिवार को पुनः रानी देवी अपनी उधर दी गयी राशि मांगने गईं तो उल्टा उसके साथ मारपीट की गई। घटना में रानी देव्भीई र रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने आनन फानन में उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने रानी देवी की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आईसीयू में भर्ती किया है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट।

### ई- प्रोक्यूरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या जल संसाधन विभाग/तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट/आई.एफ.बी./05/2025–26 दिनांक 24/06/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Emergent Repair of cracks and treatment of water leakage using epoxy chemicals and shotcreting of aqueduct number 01 in Tenughat market in Tenu Bokaro Canal. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 84,33,021.00( रुपये चौरासी लाख तैतीस हजार इक्कीस ) मात्र । |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 10,000.00 (रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि) |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 1,75,000.00 मात्र |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 05 दिन (पांच दिन) |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.07.2025 को 11.00 AM बजे |
| 7 | अंतिम तिथि /बीड सर्मपित करने का समय | 17.07.2025 को 05.00 PM बजे |
| 8 | कार्य की अति विशिष्ट प्रकृति के तकनीकी प्रावधानों को समझने हेतु मीटिंग एवं साइट विजिट करने की अंतिम तिथि | 01.07.2025 को 05.00 PM बजे |
| 9 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 19.07.2025 को 02.30 PM बजे |
| 10 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | तकनीकी बिड निष्पादन के पश्चात् |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट। (बोकारो) पिन कोड–829123 |
| 12 | ई– प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल नं0 | 8789848809 |
| 13 | ई– प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 0654–267462 |

नोटः 1. केवल ई – निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. तेनु बोकारो नहर बोकारो स्टील प्लांट एवं बोकारो को पानी आपूर्ति का एक अति महत्वपूर्ण साधन है इसलिए कार्य के निष्पादन के हेतु पाँच दिन का ही शट डाउन संभव है।इसलिए कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक है।
3. पाँच दिन के अलावा किसी भी परिस्थिति में, कार्य के दौरान पानी का प्रवाह (लगभग 175 क्यूसेक ) का बंद नहीं किया जाएगा। इसलिए चालू पानी में ही under water कार्य करने हेतु diver with compressor for shotcreting वाले निविदा आवेदन को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. under water work एवं epoxy chemichal/shotcreting /guniting work कार्यनुभव रखने वाले निविदा आवेदनों को प्राथमिकता दी जायंगी। किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 356137 (Water Resource) 25-26 (D) तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट

### ई– प्रोक्यूरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या जल संसाधन विभाग/तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट/आई.एफ.बी./07/2025–26 दिनांक 24/06/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Emergent Repair of cracks and treatment of water leakage using epoxy chemicals and shotcreting of aqueduct number 04 in Tenu Bokaro Canal. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 66,03,951.00( रुपये छियासठ लाख तीन हजार नौ सौ इक्यावन) मात्र । |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 10,000.00 (रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि) |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 1,33,000.00 मात्र |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 05 दिन (पांच दिन) |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.07.2025 को 11.00 AM बजे |
| 7 | अंतिम तिथि /बीड सर्मपित करने का समय | 17.07.2025 को 05.00 PM बजे |
| 8 | कार्य की अति विशिष्ट प्रकृति के तकनीकी प्रावधानों को समझने हेतु मीटिंग एवं साइट विजिट करने की अंतिम तिथि | 01.07.2025 को 05.00 PM बजे |
| 9 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 19.07.2025 को 02.30 PM बजे |
| 10 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | तकनीकी बिड निष्पादन के पश्चात् |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट। (बोकारो) पिन कोड–829123 |
| 12 | ई– प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल नं0 | 8789848809 |
| 13 | ई– प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 0654–267462 |

नोटः 1. केवल ई – निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. तेनु बोकारो नहर बोकारो स्टील प्लांट एवं बोकारो को पानी आपूर्ति का एक अति महत्वपूर्ण साधन है इसलिए कार्य के निष्पादन के हेतु पाँच दिन का ही शट डाउन संभव है।इसलिए कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक है।
3. पाँच दिन के अलावा किसी भी परिस्थिति में, कार्य के दौरान पानी का प्रवाह (लगभग 175 क्यूसेक ) का बंद नहीं किया जाएगा। इसलिए चालू पानी में ही under water कार्य करने हेतु diver with compressor for shotcreting वाले निविदा आवेदन को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. under water work एवं epoxy chemichal/shotcreting /guniting work कार्यनुभव रखने वाले निविदा आवेदनों को प्राथमिकता दी जायंगी। किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 356142 Water Resource(25-26)#D तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट

# सीएमपीडीआई ने वृद्धजनों के सुविधा के लिए ओल्ड एज होम को प्रदान किया डस्टबिन



धनबाद, स्वच्छता अभियान के तहत 28 जून शनिवार को संबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में सीएमपीडीआई के मैनेजर नवीन कुमार, डिप्टी मैनेजर जागृति कुमारी, ब्रजेश कुमार, पी ए, रीजनल निर्देशक सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम व लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम पहुंचे और दोनों आश्रमों के वृद्धजनों की सुविधा के लिए 25 डस्टबिन प्रदान किया। जहां आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, कोषाध्यक्ष, प्रशांत वर्मा, सहसचिव, सुरेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा ने आए हुए अतिथियों को बुके और शॉल ओढाकर सम्मानित किया। वहीं सीएमपीडीआई के मैनेजर नवीन कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को देखते हुए हम लोगों ने ओल्ड ऐज होम और लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम को 25 डस्टबिन प्रदान किया है।हम लोग वर्ष के बीच-बीच में इस आश्रम में सहयोग करते हैंऔर भविष्य में भी करते रहेंगे। वहीं आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि सी एम पी डी आई के द्वारा हमेशा हमारे आश्रम को सहयोग मिलता रहा है और आज हमारे आश्रम को 25 डस्टबिन दिया गया जो बहुत जरूरी था।इसके लिए हमारा आश्रम परिवार सीएमपीडीआई के आए सदस्यों को दिल से धन्यवाद देता है ।

# दिन भर थाने में रही गाड़ी, गाड़ी में सवार तीन लोगो को राजगंज थाने से शाम को छोड़ा गया



राजगंज, (धनबाद), शनिवार को राजगंज के कतरास रोड से पुलिस ने एक इक्को कार को पकड़कर थाने लाया। गाड़ी में तीन लोग सवार थे और उसमें प्रतिबंधित गुटखा होने की आशंका जताई गई थी। गाड़ी की तलाशी में कपड़े समेत कुछ पान मसाला सामग्री पाई गई, जिसे जांच के लिए जब्त किया गया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान पत्रकारों को गाड़ी का फोटो और वीडियो लेने से रोक दिया गया। उस समय थाना प्रभारी थाने में मौजूद नहीं थे । शाम करीब 6 बजे जब थाना प्रभारी से जानकारी ली गई, तो बताया गया कि जब्त पान मसाले की नारकोटिक्स जांच में निकोटीन या कोई अन्य प्रतिबंधित पदार्थ नहीं पाया गया, जिसके बाद गाड़ी और उसमें सवार तीनों लोगों को छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान दिन भर राजगंज थाना में लोगों का आना-जाना लगा रहा। कई लोगों का लगातार फोन पर बातचीत करते भी देखा गया। गाड़ी और सवारों के छोड़े जाने के बाद इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर गाड़ी में कुछ भी अवैध नहीं था, तो उसे दिनभर क्यों रोके रखा गया? स्थानीय सूत्रों का कहना है कि गुटखा बिक्री में अक्सर पान मसाला और जर्दा को अलग-अलग पैकेट में बेचकर कानूनी प्रतिबंधों से बचने कोशिश की जाती है। माना जा रहा है कि इस मामले में भी इसी तरह का प्रयास हुआ होगा।

# बार एसोसिएशन द्वारा बनाए गए नए सेड में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ



धनबाद, एसडीओ कोर्ट कैंपस में वर्षों से प्लास्टिक्स के नीचे बैठकर वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन ने बड़ी सौगात दी। पूरे परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए शेड का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन शनिवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय एवं महासचिव जितेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं द्वारा शेड में संगीतमय सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत सुबह ग्यारह बजे राम दरबार के वैदिक पूजन से शुरू हुई . दोपहर 12 बजे से संकटमोचन जागरण ग्रुप के कलाकारों के द्वारा संगीत मय सुंदरकांड का पाठ शुरू किया गया एक से एक धुन पर मानस के चौपाइयों और दोहों का गान किया गया कलाकारों के साथ अधिवक्ताओं ने भी सुन्दरकाण्ड का पाठ किया वहीं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी , अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो, रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट भी उपस्थित थे. पुर्णहुति के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया . इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंदर सहाय ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे आत्मिक और मानसिक बल को सशक्त करने का एक अद्वितीय अवसर है। सुंदरकांड जो श्रीरामचरितमानस का एक अत्यंत प्रभावशाली अध्याय है न केवल श्रीराम की विजयगाथा का वर्णन करता है, बल्कि संकट में धैर्य, श्रद्धा, सेवा और साहस का जो अनुपम उदाहरण श्री हनुमान जी ने प्रस्तुत किया, वह हम अधिवक्ताओं के जीवन और कार्यशैली के लिए भी अत्यंत प्रेरणास्पद है।इस आयोजन से हमें न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है, बल्कि यह हमारी संस्था, हमारे बार की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को भी प्रकट करता है। वहीं महासचिव जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम अधिवक्ताओं का जीवन भी एक निरंतर संघर्ष है अन्याय के विरुद्ध न्याय की तलाश का, झूठ के विरुद्ध सत्य की स्थापना का। ठीक वैसे ही जैसे हनुमान जी ने माता सीता की खोज कर श्रीराम के संदेश को लंका तक पहुँचाया, वैसे ही हम अधिवक्ता जनसामान्य की पीड़ा को न्याय के मंच तक पहुँचाने का कार्य करते हैं।

हमें ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करना चाहिए, ताकि हम केवल पेशेवर नहीं, बल्कि संवेदनशील, सशक्त और संतुलित व्यक्तित्व भी बन सकें

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सुंदरकांड हमें सिखाता है कि जब लक्ष्य बड़ा हो, तो साधन स्वयं मिल जातjj7हैं।

जब संकल्प दृढ़ हो, तो समुद्र भी रास्ता दे देता है। वहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने कहा कि जब मन में भक्ति और सेवा का भाव हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

## Government of Jharkhand
## Urban Development And Housing Department
## Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

**Short e-Procurement Tender Notice No. DMC/15/2025-26**
**Reference No. : DMC/15/2025-26 Date : 28.06.2025**

| क्रम सं0 | Group No. | वार्ड सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DMC/15/2025-26/01 | 3 | Construction of RCC Drain in Katras Thana More to Durga Mandir Main Drain in ward no. 3 under DMC, Dhanbad (2nd Call) | 7818400.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 120 Days |
| 2 | DMC/15/2025-26/02 | 12 | Construction of Drain in Chhatatand Road NH 18 to Hatia, 1. Ganju Prasad Gupta Shop to Suraj verma House, 2. BCCL Quator to ext. drain, Kendua Bazar Jaiswal Patti, Nikhil Chourasia House to Ext. drain, Shiv Mandir Area, Talab to Ext. drain way to mines, Munna Devi House via Vijay verma house to Ext. drain and Different Locations of Macchli Patti in ward no. 12 under DMC Dhanbad. | 9327400.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 180 Days |
| 3 | DMC/15/2025-26/03 | 20 | Construction of RCC Drain in Aashiyana Appartment to Sudarsan Singh House, Virendra House to D.N. Pathak House Near Baramuri Khatal in ward no. 20, Under DMC Dhanbad (2nd Call) | 7642500.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 180 Days |
| 4 | DMC/15/2025-26/04 | 22 | Construction of Road and drain in (1) steel gate Shanti colony ( 2) In new bank colony block no 5 Krishna Mandal house to main drain ,Road Tirupati appartment to Raju Srivastava house( 3)Road in Anand Nagar Lakhan yadav house to srikant Das house via Ravi chourasiya,and Hawaldaar Singh house in ward no 22 Under DMC Dhanbad (2nd Call) | 7684000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 180 दिन |
| 5 | DMC/15/2025-26/05 | 24 | Construction of Drain in a) Ram nagar colony from Amarnath kr.house to Mira niketan and Burnwal house to main drain.b) new colony Dev ganga appartment to main drain c) vikash nagar near hanuman mandir Munna urao house to Gupta Jee house and link gali road kochha kulhi and nutandih Rai tola in ward no 24 under DMC Dhanbad (2nd Call) | 4186100.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 120 Days |
| 6 | DMC/15/2025-26/06 | 28 | Construction of RCC Drain in (a) Ram nagar Colony, zila parishad colony, officer's colony and kasturba Nagar near RK choudhary house (b) Repairing of drain and slab near Rajendra sarovar main road in ward no 28 under DMC Dhanbad. | 3143900.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 120 Days |
| 7 | DMC/15/2025-26/07 | 30 | Construction of drain in Manaitand near jharkhand office mantu rawani house to main drain via dilip rawani Rajesh rawani & Vishal bhagat house Dr.p mohan gali and gol building culvert to main drain via riyaz house and link gali in ward no 30 under DMC Dhanbad | 6426700.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 150 Days |
| 8 | DMC/15/2025-26/08 | 31 | Construction of RCC Drain in Gandhi nagar Sabji Bagan from (a) sweta singh house to main drain via Niranjan sinha,pankaj kr. & G.S. Tiwari house (b) Ajit sen house to vikki pal house via hansraj bhagat , Rahul kr. to main drain & Abhay kr. house to mai n drain via pintu saw house (c) bharat chaudhary house to dipak vihari via binod soni , hira gupta house & link Gali in ward no. 31 Under DMC Dhanbad. | 2013500.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 90 Days |
| 9 | DMC/15/2025-26/09 | 34 | Construction of Drain in Chandmari basti (1) Bhisan Turi house to Chandrasekhar Chouhan house (2) Dayanand Bhuiya house to Saraswati Bhuiya house and Dablu turi to Deepak turi house(3) Khetudas house to satnarayn das house and different location in ward no. 34 under DMC Dhanbad (2nd Call) | 2566000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 120 Days |
| 10 | DMC/15/2025-26/10 | 36 | Construction of RCC Drain in jharia from Manbad road via usha talkies to Matri sadan dharmshala road to 4 no. tempo stand in ward no 36, Under DMC Dhanbad. | 6689300.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 150 Days |
| 11 | DMC/15/2025-26/11 | 39 | Construction of RCC Drain in hospital more from ajay tea shop to kaata ghar ,parshad office to main drain and in hadi patti from rajkumar house to eshwar shop and w saw house to chandrika paswan house and different location in ward no 39 , Under DMC Dhanbad (2nd Call) | 8624400.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 180 Days |
| 12 | DMC/15/2025-26/12 | 40 | Construction of R.C.C. Drain in Ghatwar Basti Digwadih from Manoj keshri house to Railway drain via Manoj gupta house, Mansa Mandir, Arun chandravanshi and Digwadih 10 no from Ganga Ram house to Shamim house via Niranjan house and its nearby locations in Ward no. 40 under DMC, Dhanbad (2nd Call) | 4614600.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 120 Days |
| 13 | DMC/15/2025-26/13 | 43 | Construction of Drain and PCC Road in Different Locations in Shamsher nagar from Mukhtar Tea shop to Kailu Godam via Sahadat house & bengali tea shop, Ashik house to Jafar house and Shah nagar from akbar house to sabji bagan via behind urdu school, sajan house and dhobi house to Narayan house and Majdur bakery to sabji bagan via Sikander house, chotu house to main drain, guddu house to main drain, Imran house to main drain and PCC Road from Gulgula baba majar to Gaffar house via jakir house in ward no 43 under DMC Dhanbad (2nd Call) | 5465500.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 150 Days |
| 14 | DMC/15/2025-26/14 | 47 | Construction of RCC Drain with slab and Culvert at Lodna, Shramik Kalyan Babu Basa, Mukhiya Dhowra, Huchuktand, Durga Mandir Babu Basa and Different Locations in ward no. 47 under DMC Dhanbad (2nd Call) | 4137500.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 120 Days |

Date of Publication of Tender on website :- From **03.07.2025 At 03.00 PM**
Online Last Date / Time for receiving of bids :- **17.07.2025 (Online) till 03:00 PM**
Date of Bid Opening :- From **18.07.2025 at 03:00 PM** (Online)
**NOTE:-** (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost / Quantity May Vary
(iv) Municipal Commissioner, Dhanbad reserves the right to reject any or all the tender(s) received without assigning any reasons thereof

S/d-
Executive Engineer,
Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

PR 356155 (Urban Development)25-26*D

# दुकान के आगे सामान रखकर नहीं करने दिया जाएगा सड़क का अतिक्रमण : उपायुक्त

### फैंसी नंबर प्लेट व ब्लैक फिल्म के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान : एसएसपी



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि सड़कों पर जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण है। दुकानदार अपनी दुकान से कई फीट आगे सामान रखकर अतिक्रमण करते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं करने दिया जाएगा। इसको रोकना सड़क सुरक्षा समिति की प्राथमिकता होगी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को मोहन बाजार, फुस बंगला तथा गोधर में बंद पड़ी और अनुपयोगी रोपवे को तुरंत हटाने तथा कतरास मोड़ में जहां बीसीसीएल की सड़क मुख्य सड़क से मिलती है, वहां स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया। वहीं जिले में ट्रैफिक सिग्नल एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए उन्होंने सड़क सुरक्षा टीम तथा धनबाद नगर निगम को संयुक्त रूप से सर्वे करने तथा बंद और खराब ट्रैफिक लाइट को पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए हटा लेने, विभिन्न कार्य एजेंसियों को अपनी सामग्री सड़क से हटाकर निकटतम सरकारी परिसर में अनुमति लेकर रखने, नगर निगम को ग्रामीण क्षेत्र में रखे अनुपयोगी खंभे हटा लेने, 8 लेन सड़क पर अशर्फी अस्पताल के सामने सर्विस रोड पर अवैध रूप से वाहन पार्क करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने, समिति की अगली बैठक से पहले अवैध कट बंद करने, पीएचइडी एवं झमाडा को पाइपलाइन लीकेज तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पहले और काम पूरा होने के बाद के फोटोग्राफ दिखाते हुए बताया कि बीएसएनल, धनबाद नगर निगम, पथ निर्माण विभाग, एनएच, एनएचएआई ने सड़क सुरक्षा को लेकर दिए गए विभिन्न निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया है।इसमें बीएसएनएल द्वारा सिटी सेंटर से 100 मीटर आगे तथा डीआरएम ऑफिस के पास बेकार पड़े बॉक्स को हटाया गया है। जबकि धनबाद नगर निगम ने बेकरबांध और स्टील गेट के पास अतिक्रमण हटाया है। पूजा टॉकीज के पास यात्री शेड की सफाई कर ठीक किया है। वहीं पर एक पेड़ की टूटी डाल तथा फुटपाथ अवरुद्ध करने वाली एक सूखे पेड़ की डाल भी हटा दी है। डीएमसी ने समाहरणालय के पास डिवाइडर के बीच में पौधे को घेरने वाले बांस को भी ठीक किया है। पथ निर्माण विभाग एवं एनएच ने सिटी सेंटर चौक, चंद्रशेखर आजाद चौक, डीआरएम ऑफिस, वी मार्ट, हिरक चौक सहित अन्य स्थानों पर येलो, पिली, ब्लिंकर लाइट चालू कर दी है। उपायुक्त आवास व डीआरएम ऑफिस के सामने स्पीड ब्रेकर ठीक किए हैं। पूजा टॉकीज के सामने येलो ब्लिंकर के झुके पोल को सीधा कर दिया है। इसके अलावा जहां सड़क संबंधी साइन बोर्ड अस्पष्ट थे एवं उसके आगे पौधे उग आए थे, उसकी पहचान स्पष्ट कर दी है। इसके अलावा सड़कों पर अनुपयोगी बैनर पोल हटाना, सड़कों पर झाड़ियां को हटाना, देवली एवं अटल चौक के पास स्पीड ब्रेकर की रंगाई, हर्ल गेट के सामने हजार्ड साइन लगाना, दयाबंस पहाड़, बरवाअड्डा गोविंदपुर रोड, गोधर, निरसा सहित अन्य स्थानों पर खुले डिवाइडर को ग्रील से बंद किया है। देवली व अन्य स्थान में बंद स्ट्रीट लाइट चालू कर दी है।बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस का फैंसी नंबर प्लेट व ब्लैक फिल्म के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। वहीं फर्जी नंबर प्लेट लगाने वालों के विरुद्ध एफआईआर कर कारवाई की जाएगी। उन्होंने बीसीसीएल को अनुपयोगी कबाड़ सामग्री को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा समिति को पूरे जिले में ट्रैफिक मूवमेंट अवरोध की पहचान करने और संबंधित पदाधिकारी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां अतिक्रमणह हट रहा है वहां दोबारा अतिक्रमण नहीं लगना चाहिए। उन्होंने सिटी सेंटर सहित अन्य मॉल जहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई करने, सड़क पर अनुपयोगी पोल, जर्जर यात्रि शेड, जिले के प्रमुख चौक चौराहा को अतिक्रमण से मुक्त रखने, मार्ग अवरुद्ध करने वाले साइन बोर्ड नहीं लगाने, मटकुरिया चेक पोस्ट से अतिक्रमण हटाने, जहां मुख्य सड़क के साथ वाली सड़क नीची है उसे समतल करने, बरटांड बस स्टैंड के बाहर बस खड़ी करने वाले, स्टील गेट, गोल बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट के सामने सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर रिफ्लेक्टर के साथ रंबल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया।

### सड़क पर न हो पार्किंग की सैरात, विधायक धनबाद

धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने बैंक मोड़ व बिग बजार के सामने नगर निगम द्वारा सैरत से पार्किंग नहीं देने का अनुरोध किया। उन्होंने सेंट्रल हॉस्पिटल के पास बीसीसीएल के गेट के कारण हो रहे अतिक्रमण की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। वहीं आवारा पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रकने की पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने बरमसिया एफसीआई गोदाम के पास खड़े लावारिस वाहनों, बंद पड़ी रेलवे लाइन जहां अक्सर दुपहिया वाहन स्लीप करते हैं, को दुरुस्त करने, टोटो एवं ऑटो के लिए पार्किंग निर्धारित करने का अनुरोध किया।
निरसा में राष्ट्रीय राजमार्ग को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए विधायक निरसा के अरूप चटर्जी ने झमाडा की जमीन पर दुकानदारों को शिफ्ट करने का अनुरोध किया। टेंपो स्टैंड को पंचायत भवन के पास शिफ्ट करने, निरसा कलियासोल सड़क अतिक्रमण मुक्त करने का अनुरोध किया।विधायक झरिया के श्रीमती रागिनी सिंह ने झरिया से अतिक्रमण दूर करने के लिए चार नंबर स्थित बस स्टैंड को झरिया के पुराना बाजार में शिफ्ट करने तथा पुराने बस स्टैंड में टेंपो स्टैंड बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने दुख हरणी मंदिर के पास जर्जर बाउंड्रीवल ठीक करने, डी-नोबली स्कूल के पास स्कूल की छुट्टी होने के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने का अनुरोध किया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्टीयरिंग सह मोनिटरिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मोनिटरिंग कमिटि की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पीएम पोषण योजना अंतर्गत शत प्रतिशत विद्यालय में पौधा लगाने, विद्यालय द्वारा विभागीय नंबर पर भेजे जा रहे एमडीएम का एसएमएस, विद्यालय में कार्यरत रसोईया को प्रशिक्षण देने, कुकिंग कॉस्ट मद की मांग, फल अंडा मद में राशि अंतरण एवं माह अप्रैल एवं मई 2025 के लिए विद्यालय में कार्यरत रसोईया का मानदेय भुगतान हेतु प्रखंड स्तर से मांग पत्र की समीक्षा की गई।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, अभिषेक झा ने बताया कि पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के लक्ष्य के अनुरूप सभी विद्यालयों में पौधे लगा दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में पुनः सर्वे कराया जाए कि और कितना पौधा लगाया जा सकता है। उसके अनुरूप जिला स्तर से अच्छी गुणवत्ता वाले पौधे प्रखंड को उपलब्ध कराए जाएंगे। वहां से सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्कूल में पौधे लगाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शिक्षकों के शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के जमीन हस्तांतरण से संबंधित मामलों से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने इस मामले में टीम बनाकर अंचल स्तर से इसकी जांच कर भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ हीं एमडीएम हेतु रसोइयों को प्रशिक्षण देने हेतु सभी प्रखंड स्तरीय शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा स्कूलों में बने जलमिनर की आदतन स्थिति की रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया गया।उपायुक्त ने कहा कि खराब पड़े जल मीनारों की रिपोर्ट बनाकर संबंधित एजेंसी को मरमती हेतु पत्राचार करें एवं मरमती नहीं करने पर शोकॉज करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मौके पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, अपर नगर आयुक्त, कमलेश्वर नारायण, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप शुक्ला, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक, आयुष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, समेत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मौजूद थे ।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न





### उत्कृष्ट कार्य करने हेतु दो महिला पर्यवेक्षिका को उपायुक्त ने सौंपा टैब,

### 2 हफ्ते के अंदर 70-80% आंगनबाड़ी केंद्रों का महिला पर्यवेक्षिका ने किया निरीक्षण, पूरी टीम बधाई के पात्र, उपायुक्त

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान उपायुक्त ने प्रोजेक्ट किलकारी के तहत पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देश के अनुरूप सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण की समीक्षा ऐप के माध्यम से की गई। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि 10 से 11 दिनों में सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ द्वारा धनबाद जिला के लगभग 70 से 80% आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है, इसके लिए पूरी टीम को उन्होंने बधाई दी। इसी तरह उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले सभी महिला पर्यवेक्षिका को बधाई दिया। साथ ही दो महिला पर्यवेक्षकों को प्रोत्साहित करने हेतु टैब देकर सम्मानित भी किया गया । उपायुक्त ने कहा कि ऐसे ही बेहतर कार्य करने वाले सभी सेविका, सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ को सम्मानित किया जाएगा। धीरे-धीरे जिले के सभी महिला पर्यवेक्षिका को टैब सौंपा जाएगा।

आगे उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के असेसमेंट, सेविका सहायिका के कार्य के प्रति निष्ठा, केंद्र के साफ सफाई, सामानों के रख-रखाव, संसाधनों का बेहतर प्रयोग, बच्चों में आदर और अनुशासन, पंजी का संधारण, बच्चों को हाइजीन मेंटेन, किचन गार्डन निर्माण, सोख पीट निर्माण, समय पर बच्चों को नाश्ता और खाना उपलब्ध कराने, किचन में साफ सफाई रखने समेत कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस असेसमेंट में जो भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे वैसे 200 आंगनबाड़ी को चिन्हित करते हुए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाएगा।

साथ ही उपायुक्त ने एमटीसी केंद्रों में एक भी बेड रिक्त ना हो, इसके लिए महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ को बेड से टैग किया गया है। अब यह सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ की जिम्मेदारी है कि वह उस टैग बेड पर कुपोषित बच्चों को इलाज हेतु लाएं। साथ ही डीएमएफटी टीम के द्वारा नो कॉस्ट, लो कॉस्ट एवं हाई कॉस्ट पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति देकर एक्टिविटी भी महिला पर्यवेक्षिका को कराया गया। उपायुक्त द्वारा सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कराने हेतु निर्देशित किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर समेत सभी सीडीपीओ एवं सभी महिला पर्यवेक्षिका समेत डीएमएफटी की टीम मौजूद थी।

# कुसुंडा में श्रमिक राजनीति का हुआ बड़ा बदलाव

### जनता मजदूर संघ छोड़ कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों मजदूर राष्ट्रीय जनता कामगार संघ में हुए शामिल





धनबाद, कोयलांचल की श्रमिक राजनीति में शुक्रवार को एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर हुआ। बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र संख्या 10 से जुड़े कई वरिष्ठ मजदूर नेताओं ने जनता मजदूर संघ को अलविदा कहकर राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का दामन थाम लिया। जो मजदूर संगठनों के बीच हलचल मचा दी है और आने वाले समय में श्रमिक आंदोलन के नए समीकरणों का संकेत दे दिया है।इस सामूहिक बदलाव के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद थे। जिससे यह बदलाव सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से प्रभावशाली माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि ये सभी नेता राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के पूर्व अध्यक्ष रामाधीर सिंह के विचारों से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हुए हैं।यह जानकारी राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की महामंत्री आशनी सिंह ने कोला कुसमा स्थित प्रधान कार्यालय, पृथ्वी मेंशन में प्रेस वार्ता के दौरान दी। मौके पर संघ की अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर इंदु सिंह भी मौजूद थी।दोनों ने नव-शामिल नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि संघ में अरविंद सिंह जैसे अनुभवी नेता के आने से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का पहला उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और श्रमिक हितों की लड़ाई को तेज करना है। कार्यक्रम के दौरान अरविंद सिंह को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का सचिव नियुक्त किया गया, जबकि बलवंत सिंह को कुसुंडा क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है।इससे संगठन में नए नेतृत्व को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा हैं । वहीं नवनियुक्त सचिव, अरविंद सिंह ने कहा कि वह पूर्व अध्यक्ष, रामाधीर सिंह के विचारों और संघर्षशील नेतृत्व से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया है।रामाधीर सिंह हमेशा मजदूरों के हक की बात करते हैं और हम उनके साथ मिलकर कामगारों की बुलंद आवाज़ बनेंगे।

वहीं इसे लेकर मजदूर राजनीति में हलचल तेज हो गई है।जनता मजदूर संघ को इस सामूहिक बदलाव से न केवल जनबल का नुकसान हुआ है, बल्कि संगठन की आंतरिक मजबूती और नेतृत्व पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# मुराडीह काली मंदिर प्रांगण में बंगाली समाज ने मां विपदतारिणी पूजा धूमधाम के साथ मनायी



बरवाअड्डा (धनबाद), मुराडीह काली मंदिर प्रांगण में बंगाली समाज द्वारा मां विपदतारिणी की पूजा धूमधाम से मनाया गया। झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति के प्रदेश सभापति रीना मंडल ने मां विपदतारिणी की पूजा अर्चना कर अपने परिवार और पूरे झारखंड वासियों को हर विपदा से बचाने का मांगा आशीर्वाद।विपदतारिणी पूजा हर वर्ष आषाढ़ मास के रथ यात्रा के बाद शनि या मंगलवार को की जाती है। यह त्यौहार एक बंगाली त्योहार है, जो देवी दुर्गा के एक रूप विपदतारिणी को समर्पित है। यह त्यौहार विशेष रूप से झारखंड और बंगाल में बंगाली समाज अपने परिवार के सुख, शांति और विपदाओं से सुरक्षा के लिए मनाते हैं। सभी महिलाएं एक दिन का उपवास रख देवी की पूजा करती है।पूजा में 13 प्रकार के फल, फूल और मिठाई चढ़ाए जाते हैं तथा पूजा के बाद, महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों के हाथों में दुर्वा से बना लाल धागा बांधती है। बंगाली समाज की महिलाएं मां विपदतारिणी से अपने परिवार और समाज को हर विपदा और आपदाओं से बचाने की दुआ मांगती है। मंदिर प्रांगण में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## जेबीवीएनएल के केबल में लगी आग

लोयाबाद।लोयाबाद हटिया गोलाई के पास शनिवार को सुबह लगभग सात बजे जेबीवीएनएल के केबल में आग लग गई।केबल पूरा जलकर राख हो गया।घटना से करीब सौ घरो की बिजली गुल है।विभाग यहां केबल बदलने की बात कहकर पूरा दिन पार कर दिया।लेकिन न तो केबल आई और न केबल बदला गया।इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी है।बिजली बहाल नही होने से लोग काफी परेशान है।गर्मी उमस और फिर अंधेरे में रात गुजारना,बच्चों की पढ़ाई सब बेकार जा रहा है।सौ घरो में अंधेरा बाकी आसपास उजाला रहने से भी लोगो मे मायूसी है।घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि शार्टसर्किट की वजह से केबल में आग लगी है।अत्यधिक भार घटना का कारण बताया गया है।ग्रामीण के सूचना के बाद भी विभाग कुछ नही कर सके।इससे पहले यहां चार बार केबल में आग लग चुकीं है।वही करकेंद जेई सूरज दास ने बताया कि सूचना मिली हैं।पुटकी से केबल लाया जा रहा है।शिघ्र बिजली बहाल होगी।बार बार केबल जलने का कारण कुछ लोग मोबाइल टॉवर को इस ट्रान्सफर्मर से बिजली दिए जाने से बता रहे है।टॉवर को अलग ट्रान्सफर्मर की व्यवस्था की जाएगी।

# गतका एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव बलविंदर सिंह तुर धनबाद पहुंचे

### गतका महासचिव ने स्थानीय बच्चों को दिया निःशुल्क गतका प्रशिक्षण




धनबाद, गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड,गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव, सरदार बलजीन्दर सिंह तुर दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचें और यहां के बच्चों को निः शुल्क गतका प्रशिक्षण राजकमल स.वि.मंदिर में दिया। जहां विधालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा,उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी कमल नयन ने बलजीन्दर सिंह तुर का स्वागत पुष्प गुच्छ वा अंग वस्त्र देकर किया। इसी क्रम में शनिवार को यूनियन क्लब में गतका एसोसिएशन के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव सरदार बलविंदर सिंह तुर ने बताया की आज बच्चों के हाथों मे मोबाइल अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है। इसलिए गतका खेल के माध्यम से बच्चो में अनुशासन पैदा कर देश के विकास मे सहयोग करें। गतका राष्ट्रीय स्कूल गेम्स, यूनिवर्सिटीज गेम्स, खेलो इंडिया में सम्मिलित है। वहीं गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष, केशव कुमार हारोदिया ने बताया की आज धनबाद के बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और कल झारखंड के कोच व रेफरी के लिए सेमिनार का आयोजन होटल पोद्दार रेजेंसी व राजकमल स.वि. मंदिर मे किया जाएगा।झारखंड की सचिव विद्या ने बताया की झारखंड के खिलाड़ीयों ने विगत पांच वर्षो मे खेलो इंडिया मे 10 पदक ,राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में 25 पदक वा राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में लगभग 110 पदक जीत चुके हैं। साथ ही झारखंड सरकार ने विजेता खिलाड़ीयों को लगभग 10 लाख रू नकद ईनाम दे चुकी है।कल होटल पोद्दार रेजेंसी वा राजकमल स.वि.मंदिर मे कोचेस व रेफरी का सेमिनार किया जाएगा। पत्रकार सम्मेलन में गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव, बलजीन्दर सिंह तुर, गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष, केशव कुमार हारोदिया,सचिव विद्या,कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार मंडल,धनबाद गतका संघ के अध्यक्ष बसंत हेलीवाल, सचिव रोहित प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार व झारखंड कोडिनेटर पप्पू कुमार सिंह मौजूद थे।

# विपदतारिणी पूजा में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़



लोयाबाद। लोयाबाद दुर्गा मंदिर में शनिवार को विपदतारिणी पूजा मे महिला श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी।श्रद्धालुओ ने जीवन में आने वाली पुरे परिवार को विपत्तियों से मुक्ति के लिए मां विपदतारिणी की पूजा अर्चना बड़े ही आस्था और श्रद्धा के साथ कर जीवन मे आने वाली विपत्तियो से मुक्ति की कामना की।मंदिर के पुजारी अमोल भट्टाचार्य ने पुरे वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा को संम्पन्न कराया।कहा कि इस पूजा मे 13 प्रकार के फल,फूल और अन्य पूजा सामग्रियों का भोग लगाया गया।वही पूजन,आरती के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया और हाथों में रक्षा सूत्र बांधा।बताया जाता है कि प्रतिवर्ष आषाढ़ माह मे होने वाले रथयात्रा के बाद पहले पड़ने वाले शनिवार या मंगलवार को यह पूजा की जाती है।

## धूमधाम और उल्लास से मनाई गई विपदतारिणी पूजा

### समाजसेवी दिलीप सिंह ने मां बिपत्तारणि से सर्व कल्याण करने की प्रार्थना की,



सिंदरी, ( धनबाद ), सिंदरी के रंगा माटी स्थित जय माता दी मंदिर में शनिवार को धूमधाम और हर्षोल्लास से मां विपदतारिणी की पूजा की गई। रंगा माटी सिंदरी समेत पुरे धनबाद में महिलाओं में इस पूजा को लेकर सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। ऐसी मान्यता है कि यह देवी दुर्गा के 108 रूपों में से एक है। बैशाख माह में रथयात्रा के तुरंत बाद के शनिवार या मंगलवार को यह पूजा होती है। भक्त मंदिरों में देवी के लिए भांति भांति के फल मिठाई आदि से उनकी पूजा तथा कथा सुनती है। इस अवसर पर मंदिर कमिटी के मुख्य अतिथि धनबाद के युवा समाजसेवी तथा युवा संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक दिलीप सिंह ने भी माता के दरबार में उपस्थिति दर्ज की तथा कोयलांचल वासियों के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना-प्रार्थना की। कमेटी के द्वारा दिलीप सिंह को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंदिर कमेटी के संरक्षक तथा जन अधिकार मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार, अविनाश सिंह, हरेंद्र सिंह, भाई दा, कुमार राजेश, राजु पांडे, इंद्र मोहन सिंह, किशोर प्रसाद तथा आजसू पार्टी के जिला पदाधिकारी पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▮समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।